CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 30-12-2025 Zone: Faridabad Edition: 1 Page: NBTFRJK1 User: cci Time: 12-29-2025 22:13 Color:

नई दिल्ली > मंगलवार, 30 दिसंबर 2025 > पौष 9, शक संवत 1947, पौष शुक्ल दशमी, विक्रम संवत 2082

WATCH GOD WATCHDOG


वर्ष 79, संख्या 310 > पेज 16* > फरीदाबाद > मूल्य ₹3.50 या ₹8.50* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in

*मासिक खरीद पर ही लागू

NBT

# नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 19001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 19001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।



एयरफोर्स, आर्मी, नेवी के लिए 79 हजार करोड़ के सौदों को मंजूरी

▶देखें अंदर

उन्नाव रेप में दोषी सेंगर की ज़मानत पर SC की रोक

▶देखें अंदर







CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 30-12-2025 Zone: Gurgaon Edition: 2 Page: NBTGRP8 User: rajesh.mishra Time: 12-29-2025 23:11 Color:



# महाकुंभ, इंडोनेशिया में मंदिर, राम मंदिर में धर्म ध्वजा समारोह... का साक्षी रहा 2025




**साल 2025 अब समाप्त होने को है और 2026 शुरू होने वाला है। बीत रहे साल 2025 में कई ऐसी धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियां हुईं, जिसके लिए यह इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया और हमेशा याद किया जाता रहेगा। इस साल न केवल भारत में, बल्कि उससे परे भी धर्म का पताका फहरा, जिसका असर समाज के सांस्कृतिक, सामाजिक और मानसिक परिप्रेक्ष्य पर गहरा पड़ा है।**

### राम मंदिर में हुआ ध्वजारोहण समारोह

25 नवंबर 2025 को अयोध्या के श्री राम जन्मभूमि मंदिर में 'ध्वजारोहण समारोह' आयोजित हुआ, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंदिर के सर्वोच्च शिखर पर धर्म ध्वजा फहराई। इसी के साथ राम मंदिर के निर्माण पूर्ण होने की घोषणा की गई। यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा, बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए भावनात्मक क्षण भी रहा।

### विश्व रामायण कॉन्फ्रेंस

2-4 जनवरी को जबलपुर में आयोजित विश्व रामायण कॉन्फ्रेंस राम के आदर्शों और रामायण के संदेश को वैश्विक स्तर पर साझा करने का मंच बनी। यह इस कॉन्फ्रेंस का पांचवां संस्करण था, जिसमें दुनियाभर के लोग शामिल हुए। सरकार ने कहा कि इस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से भगवान श्रीराम के वनवास के दौरान मध्य प्रदेश से गुजरे पथों को चिह्नित करने में मदद मिलेगी, जिससे इन स्थानों का सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विकास संभव होगा और पर्यटन को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

### इस्कॉन मंदिर, नवी मुंबई

15 जनवरी को पीएम नरेंद्र मोदी ने नवी मुंबई के खारघर में श्री श्री राधा मदनमोहनजी मंदिर का उद्घाटन किया। इसे एशिया का दूसरा सबसे बड़ा इस्कॉन मंदिर बताया जा रहा है। यहां मंदिर के साथ वैदिक और सांस्कृतिक शिक्षा केंद्र भी है।



### जकार्ता मुरुगन मंदिर

2 फरवरी, 2025 को इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में भगवान मुरुगन मंदिर (श्री सनातन धर्म आलयम) के महाकुंभाभिषेकम समारोह का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समारोह में वर्चुअली शामिल हुए। उन्होंने इसे आध्यात्मिकता और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बताया।

### पुरी में जब ध्वज को पक्षी ले उड़ा

14 अप्रैल को पुरी के जगन्नाथ मंदिर के शिखर पर फहराई गई धर्म ध्वजा को अचानक एक पक्षी उड़ा ले गया, जिसका वीडियो वायरल हुआ। लोगों और ज्योतिषियों ने इसे अपशकुन माना और यह घटना काफी चर्चा में रही। यह भी कहा गया कि साल 2020 में आकाशीय बिजली से ध्वज में आग लग गई थी, जिसके बाद इस ध्वजा को बदल दिया गया था।

### काशी : मंदिर के शिखर पर उल्लू

17-19 अगस्त को वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर के स्वर्ण शिखर पर तीन दिनों तक सफेद उल्लू देखा गया। मंदिर ट्रस्ट के CEO ने भी इसकी तस्वीरें साझा कीं। हिन्दू मान्यताओं में उल्लू को शुभ और मां लक्ष्मी का वाहन माना जाता है। ऐसे में इस घटना को भक्तों ने सकारात्मक संकेत के रूप में लिया। बड़ी संख्या में लोगों ने भगवान विश्वनाथ के मंदिर के शिखर पर उल्लू के दर्शन किए।



### प्रयागराज में महाकुंभ आयोजन

2025 की शुरुआत में 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक प्रयागराज में महाकुंभ मेला हुआ, जिसे दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक आयोजन कहा गया। यह आयोजन ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार, 12 वर्षों के चक्र के बाद पूर्ण कुंभ था, जो 144 वर्षों में विशेष रूप से दुर्लभ संयोजन के कारण महाकुंभ कहा गया। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान किया, जो न केवल आस्था का प्रतीक रहा बल्कि धार्मिक पर्यटन के रूप में अधिक और सांस्कृतिक रूप से भी महत्वपूर्ण रहा।

### पवित्र शहर की घोषणा

24 नवंबर को सिख धर्म के नौवें गुरु, गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस पर पंजाब सरकार ने आधिकारिक तौर पर अमृतसर, श्री आनंदपुर साहिब और तलवंडी साबो को पवित्र शहर घोषित किया। इन जगहों पर नशे और तंबाकू उत्पादों पर पूर्ण प्रतिबंध लागू किया गया, जिसका उद्देश्य धार्मिक मर्यादा बनाए रखना है।

---


सत्संग



डॉ. सुरक्षित गोस्वामी
योग गुरु

## भोजन के प्रति कृतज्ञता का भाव जगाता है 'भोजन मंत्र'

AI Image



*ब्रह्मार्पणं ब्रह्मविर्ब्रह्माग्नौ ब्रह्मणा हुतम्।*
*ब्रह्मैव तेन गन्तव्यं ब्रह्मकर्म समाधिना॥*
*ॐ सह नाववतु। सह नौ भुनक्तु। सह वीर्यं करवावहै।*
*तेजस्विनावधीतमस्तु। मा विद्विषावहै॥*
*ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः॥*

भोजन से पहले मंत्र बोलने की परंपरा केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके पीछे जीवन को संतुलित और जागरूक बनाने की भावना छिपी है। भारतीय परंपरा में भोजन को जीवन-ऊर्जा का आधार माना है। इसी कारण भोजन मंत्र की परंपरा विकसित हुई। मंत्र बोलने से शरीर, मन और भाव एक ही लय में आ जाते हैं। यह एक कृतज्ञता का भाव जगाता है। थाली में परोसा गया अन्न अनेक हाथों की मेहनत, किसान के श्रम, प्रकृति की कृपा, सूर्य, वर्षा और पृथ्वी के सहयोग से हम तक पहुंचता है। मंत्र व्यक्ति को यह स्मरण कराता है कि भोजन केवल उसकी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि सारी प्रकृति का प्रसाद है। भोजन से पहले मंत्र मन को स्थिर भी करता है। दिनभर की भागदौड़, चिंता और तनाव के बीच जब व्यक्ति मंत्रोच्चारण करता है, तो उसका ध्यान वर्तमान क्षण में टिक जाता है। शांत मन से किया गया भोजन शरीर को बेहतर पोषण देता है। ऐसा भोजन शरीर को स्वस्थ और साधना योग्य बनाए रखने के लिए होता है। शिव-अर्पण भाव से किया गया भोजन अधिक खाने और जल्दबाजी में भोजन करने की प्रवृत्ति को भी नियंत्रित करता है और अन्न के अपमान से बचाता है। यह भोजन औषधि की तरह कार्य करता है, जबकि क्रोध, अशांति या उदासीनता में किया गया भोजन शरीर और मन दोनों को भारी कर देता है। इस प्रकार भोजन से पहले मंत्र केवल शब्दों का उच्चारण नहीं, बल्कि जीवन में जागरूकता, कृतज्ञता और संतुलन का अभ्यास है।


**भारतीय परंपरा में जीवन-ऊर्जा का आधार माना गया है भोजन**

**ऐसे भेजें अपने सवाल**

आपके भी मन में है धर्म-कर्म से संबंधित कोई सवाल, कोई उलझन, जिसका चाहते हैं जवाब तो हमें nbtreader@timesofindia.com पर लिखकर भेजें। अपना नाम, शहर/गांव का भी जिक्र करें। सब्जेक्ट में 'Dharma Karma' लिखें।

---

ई-मेल करें
**मंदिर वाली सेल्फी**



सपना गोयल ने नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, गुजरात से भेजी ये फोटो

**ऐसे भेजें अपनी सेल्फी**

**nbtreader@timesofindia.com** पर अपने और शहर/गांव के नाम के साथ व्हाट्सऐप करें। मंदिर के बारे में भी जरूर लिखें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम अगले अंक में छापेंगे। सब्जेक्ट में लिखें- **Dharma Karma Selfie**

---

सप्ताह के
**व्रत और त्योहार**
डॉ. अश्विनी शास्त्री


## भगवान विष्णु को अत्यंत प्रिय है पुत्रदा एकादशी

**(30 दिसंबर, 2025 से 5 जनवरी 2026 तक)**

*इस सप्ताह के बारे में विशेष: वर्तमान सप्ताह का शुभारंभ पौष मास के शुक्ल पक्ष की दशमी/एकादशी तिथि, भरणी/कृत्तिका नक्षत्र और सिद्ध/साध्य योग के साथ हो रहा है। यह शुक्ल पक्ष 3 जनवरी को पौष पूर्णिमा वाले दिन समाप्त होगा। अगले दिन यानी 4 जनवरी, रविवार से माघ मास का कृष्ण पक्ष आरंभ हो जाएगा। इस सप्ताह वैकुण्ठ/पुत्रदा एकादशी, रोहिणी व्रत, प्रदोष व्रत और पौष/शाकम्भरी पूर्णिमा आदि का आयोजन किया जाएगा।*


### ■ वैकुंठ/पुत्रदा एकादशी (31 दिसंबर, बुधवार)

भारतीय चिंतन परंपरा में वैकुंठ एकादशी का विशेष महत्व है। मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष की यह एकादशी भगवान श्रीहरि विष्णु को अत्यंत प्रिय मानी गई है। मान्यता है कि इसी दिन वैकुंठलोक के द्वार भक्तों के लिए खुलते हैं। पद्म पुराण में वर्णन है कि जो श्रद्धालु इस दिन उपवास रखकर विष्णु-पूजन करता है, वह जन्म-मृत्यु के बंधन से मुक्त होने की दिशा में अग्रसर होता है। इसी एकादशी को 'पुत्रदा एकादशी' भी कहा जाता है। शास्त्रों के अनुसार संतान-सुख की कामना रखने वाले दंपती यदि इस दिन नियमपूर्वक व्रत करें, तो उन्हें संतान-प्राप्ति का आशीर्वाद प्राप्त होता है। वैकुंठ एकादशी केवल उपवास का पर्व नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि का अवसर है।



### ■ रोहिणी व्रत (1 जनवरी, गुरुवार)

रोहिणी व्रत जैन परंपरा का एक अत्यंत पावन व्रत है, जो विशेषतः पौष मास में किया जाता है। यह व्रत आत्मसंयम, तप और आत्मशुद्धि का प्रतीक माना गया है। मान्यता है कि इस व्रत का पालन करने से पूर्वजन्मों के कर्म-बंधन क्षीण होते हैं और आत्मा की निर्मलता बढ़ती है। जैन आगमों में रोहिणी व्रत को दीर्घायु, स्वास्थ्य और समृद्धि का कारक बताया गया है। कथा के अनुसार एक निर्धन श्राविका ने अत्यंत श्रद्धा से यह व्रत किया, जिसके फलस्वरूप उसका जीवन दुःखों से मुक्त हुआ। यही कारण है कि यह व्रत केवल आस्था नहीं, बल्कि अनुशासन का अभ्यास भी है। इस दिन उपवास रखकर सत्य, अहिंसा और अपरिग्रह का विशेष पालन किया जाता है। यह पर्व सिखाता है कि सच्ची समृद्धि बाहरी संग्रह में नहीं, बल्कि भीतर की शांति में निहित है।



### ■ प्रदोष व्रत (1 जनवरी, गुरुवार )

प्रदोष व्रत भगवान शिव की आराधना का विशेष पर्व है, जो प्रत्येक पक्ष में त्रयोदशी तिथि को सूर्यास्त के समय किया जाता है। शास्त्रों में कहा गया है कि प्रदोष काल में शिव-पूजन करने से समस्त पापों का नाश होता है और जीवन में सुख-शांति का वास होता है। प्रदोष व्रत का मूल भाव है समर्पण। बेलपत्र, जल और धूप-दीप से की गई साधारण पूजा भी शिव को अत्यंत प्रिय होती है।



### ■ पौष/शाकंभरी पूर्णिमा (3 जनवरी, शनिवार)

पौष पूर्णिमा, जिसे शाकंभरी पूर्णिमा भी कहा जाता है, देवी शक्ति की विशेष उपासना का पर्व है। इस दिन मां शाकंभरी की आराधना की जाती है, जिन्होंने अकाल के समय शाक-सब्जियों से सृष्टि का पोषण किया था। इस दिन स्नान-दान, व्रत और अन्नदान का विशेष महत्व है। शास्त्रों में कहा गया है कि 'अन्नं ब्रह्मेति व्यजानात्।' अर्थात् अन्न को ही ब्रह्म जानना चाहिए।



---

# THE ECONOMIC TIMES

## फटाफट खबरें

### पीएम मोदी आज करेंगे 'बजट मंथन'

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को देश के बड़े अर्थशास्त्रियों और अलग-अलग क्षेत्रों के जानकारों के साथ बैठक करेंगे। एक सरकारी अधिकारी ने बताया कि इस बैठक का मकसद आने वाले बजट के लिए उनके सुझाव और राय लेना है। उम्मीद है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को साल 2026-27 का केंद्रीय बजट पेश करेंगी। यह बैठक ऐसे समय में हो रही है जब अमेरिकी टैरिफ और वैश्विक अनिश्चितता जैसी बड़ी चुनौतियां सामने हैं।

### 'रिलायंस-BP दे 2.5 लाख करोड़'

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** केंद्र सरकार और रिलायंस इंडस्ट्रीज (RIL) के बीच चल रहा गैस विवाद अब और गहरा गया है। सरकार ने रिलायंस और उसकी पार्टनर कंपनी BP से हर्जाने के तौर पर 30 अरब डॉलर (करीब 2.5 लाख करोड़ रुपये) से ज्यादा की मांग की है। सरकार का आरोप है कि इन कंपनियों ने केजी-डी6 (KG-D6) गैस फील्ड में जरूरत से ज्यादा बड़ा ढांचा खड़ा किया और इसके बावजूद गैस उत्पादन के लक्ष्य तय किए गए थे, उन्हें पूरा करने में नाकाम रही।

### केनरा बैंक लाया Canara ai1Pe

■ **वि, नई दिल्ली :** केनरा बैंक ने डिजिटल पेमेंट की दुनिया में अपना नया ऐप 'Canara ai1Pe' लॉन्च कर दिया है। इस ऐप का मकसद ग्राहकों को UPI के जरिए पेमेंट करने का सबसे तेज, सुरक्षित और आसान सुविधा देना है। किसी भी बैंक के ग्राहक इसमें अपना खाता जोड़ सकते हैं और तुरंत पैसे भेजने, बिल जमा करने जैसी तमाम डिजिटल सेवाओं का फायदा उठा सकते हैं। साथ ही, यह ऐप आपके महीने भर के खर्चों का पूरा हिसाब-किताब भी रखता है। बार-बार ऐप खोलने की जरूरत नहीं। आप अपने फोन की होम स्क्रीन से ही तुरंत क्यूआर कोड स्कैन करके पेमेंट कर सकते हैं।



## औद्योगिक उत्पादन 2 साल में सबसे तेज़

### नवंबर में IIP ग्रोथ 6.7%, GST कटौती का असर

AI Image



■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** औद्योगिक उत्पादन की रफ्तार नवंबर के दौरान पिछले दो वर्षों में सबसे ज्यादा रही। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के सोमवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, इंडेक्स ऑफ इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन (IIP) ग्रोथ सालभर पहले के नवंबर में 5% के मुकाबले इसबार 6.7% रही। GST घटाए जाने के बाद चीजों की बढ़ी डिमांड पूरी करने के लिए मैन्युफैक्चरिंग में आई तेजी और मॉनसून सीजन के बाद खनन गतिविधि बढ़ने का इसमें बड़ा योगदान रहा।

मंत्रालय ने कहा, 'मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में 8% ग्रोथ के दम पर नवंबर में IIP 6.7% बढ़ा। इसमें बेसिक मेटल्स, फैब्रिकेटेड मेटल्स, फार्मास्युटिकल्स और गाड़ियों की मैन्युफैक्चरिंग बढ़ने का योगदान रहा। वहीं, मॉनसून सीजन के बाद 5.4% ग्रोथ के साथ माइनिंग सेक्टर में रिबाउंड आया।'

IIP ग्रोथ का पिछला ऊंचा स्तर नवंबर 2023 का है, जब 11.9% बढ़त दर्ज की गई थी। इस वित्त वर्ष में अप्रैल से नवंबर तक IIP ग्रोथ 3.3% है, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 4.1% थी।

**क्या कहते हैं आंकड़े ?**

- 8%: मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर ग्रोथ
- 5.4%: माइनिंग सेक्टर ग्रोथ।
- -1.5%: बिजली उत्पादन घटा।
- 7.3%: इस वित्त वर्ष के लिए अनुमानित जीडीपी ग्रोथ।

बिकवर्क रेटिंग्स के रिसर्च हेड राजीव शरण ने कहा, 'नवंबर में अच्छी IIP ग्रोथ से कैपिटल गुड्स और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स में दमदार डिमांड का पता चल रहा है। तीसरी तिमाही में मजबूत GDP ग्रोथ के बाद इन आंकड़ों से इकॉनमी इस वित्त वर्ष में 7.3% GDP ग्रोथ हासिल करने की राह पर है।' वहीं, PHDCCI के CEO डॉ रंजीत मेहता ने कहा, 'मैन्युफैक्चरिंग और माइनिंग में अच्छी बढ़त से इंडस्ट्रियल मोमेंटम मजबूत होने का पता चल रहा है। इससे मीडियम टर्म में ओवरऑल इकनॉमिक परफॉर्मेंस को सपोर्ट मिलेगा।'


माइनिंग और मैन्युफैक्चरिंग प्रोडक्शन में अच्छी बढ़त से उलट नवंबर में बिजली उत्पादन 1.5% घट गया, जो सालभर पहले इसी महीने में 4.4% बढ़ा था। कैपिटल गुड्स प्रोडक्शन सालभर पहले के 8.9% के मुकाबले 10% बढ़ा। वहीं, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स का प्रोडक्शन सालभर पहले के 14.1% की तुलना में 10.3% बढ़ा। कंज्यूमर नॉन-ड्यूरेबल्स में 0.6% के मुकाबले 7.3% ग्रोथ रही।

## नए साल में निफ्टी रचेगा नया इतिहास?

### FIIs पर भारी देसी निवेशक, एक्सपर्ट बोले- बेहतर करेगा शेयर बाजार

Akhilesh.Singh1@timesofindia.com

AI Image



■ **नई दिल्ली :** इस साल विदेशी निवेशकों ने अमेरिकी टैरिफ, रुपये में कमजोरी और भारतीय शेयर बाजार के ऊंचे वैल्यूएशन के बीच रेकॉर्ड एक लाख 60 हजार करोड़ रुपये से अधिक की बिकवाली की, लेकिन रिटेल निवेशकों के SIP और डोमेस्टिक इंस्टिट्यूशनल इनवेस्टर्स के साढ़े 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक की विशुद्ध लिवाली के दम पर बाजार लगातार दसवें साल बढ़त के साथ नए साल में कदम रखने जा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगले साल निफ्टी 31000 के पार जा सकता है।

**कहां होगा निफ्टी?**

इस साल 29 दिसंबर तक सेंसेक्स में 7.9% और निफ्टी 50 में 9.3% की बढ़त रही है। इस दौरान 1 दिसंबर को सेंसेक्स ने 86159 और निफ्टी ने 26326 अंकों का ऑल टाइम हाई भी बनाया। LGT वेल्थ इंडिया के CIO चक्री लोकप्रिय ने कहा, 'इनकम टैक्स, GST और इंटरेस्ट रेट में कमी के बीच कंपनियों की प्रॉफिट ग्रोथ कमजोर रहने और रुपये में गिरावट के चलते 2025 में मिलाजुला माहौल रहा। लार्ज कैप्स 9% और मिड कैप्स 4% ऊपर रहे, वहीं स्मॉल कैप्स में 9% गिरावट रही। ऑटो, बैंक और मेटल्स अच्छे रहे। IT स्टॉक्स का प्रदर्शन कमजोर रहा।'

जियोजीत इनवेस्टमेंट्स लिमिटेड के रिसर्च हेड विनोद नायर ने कहा, 'प्राइवेट कैपेक्स में रिकवरी, कम महंगाई, संभावित रेट कट, अर्निंग्स साइकल में सुधार और ग्लोबल रिस्क घटने के चलते दिसंबर 2026 तक निफ्टी 29150 तक जा सकता है। यह करीब 12% की बढ़त होगी। सब कुछ अच्छा रहा तो यह 31130 भी छू सकता है।' वहीं, चक्री लोकप्रिय ने कहा, '2026 के लिए निफ्टी का हमारा टारगेट 28000-29000 का है।'

चॉइस ब्रोकिंग के VP (टेक्निकल रिसर्च एंड एनालिसिस) कुणाल वी परार ने कहा, 'निफ्टी के चढ़ने का ट्रेंड बने रहने की उम्मीद है। टेक्निकल लिहाज से मीडियम टर्म में निफ्टी 27275-28075 जोन में जा सकता है। नीचे की ओर 25400 पर अहम और मजबूत सपोर्ट है, जहां लॉन्ग टर्म इनवेस्टर्स को खरीदारी के वैल्यू बेस्ड मौके मिल सकते हैं।'

**किन सेक्टरों पर दांव?**

नायर ने कहा, 'दमदार डोमेस्टिक डिमांड, पॉलिसी सपोर्ट और मार्जिन रिकवरी के चलते बैंकिंग, NBFC, कंज्यूमर डिस्क्रेशनरी, FMCG, इंफ्रा और हेल्थकेयर में लार्ज कैप्स के बेहतर प्रदर्शन करने की उम्मीद है। ग्रोथ के अवसरों के लिए मिड-कैप्स पर दांव लगाया जा सकता है।'

चक्री ने कहा, 'मैक्रो एनवायरमेंट में सुधार और इंडिया-यूएस टैरिफ डील की उम्मीद को देखते हुए साल 2026 बेहतर रहेगा। मेटल्स, एनर्जी, कंजम्पशन और IT का प्रदर्शन भी अच्छा रहने की संभावना है।'

कुणाल वी परार ने कहा, 'ग्लोबल IT खर्च बढ़ने और मार्जिन सुधरने से लार्ज कैप IT स्टॉक्स बेहतर प्रदर्शन करेंगे। दमदार डोमेस्टिक डिमांड, रूरल कंजम्पशन में रिकवरी, EV का चलन बढ़ने और इनपुट कॉस्ट स्टेबल रहने से ऑटो स्टॉक्स का प्रदर्शन अच्छा होगा। स्वदेशी पर सरकार के फोकस और रक्षा पर ज्यादा खर्च के चलते डिफेंस सेक्टर का आकर्षण बढ़ेगा।'

**निफ्टी का प्रदर्शन**

| साल | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| 2021 | 22% | 24.1% |
| 2022 | 4.4% | 4.3% |
| 2023 | 18.7% | 20% |
| 2024 | 8.2% | 8.8% |
| 2025 | 7.9% | 9.3% |

**क्या खरीदें?**

जियोजीत इनवेस्टमेंट्स के नायर ने कहा, 'ICICI बैंक, फेडरल बैंक, मारुति, M&M, HUL, एवेन्यू सुपरमार्ट, अपोलो हॉस्पिटल्स, L&T, कैनफिन होम्स, क्रॉम्पटन ग्रीव्ज और वा टेक वबाग हमारे टॉप पिक्स हैं। AI से जुड़ी डील एक्टिविटी बढ़ने पर चुनिंदा IT स्टॉक्स में बढ़त दिख सकती है।' कुणाल वी परार ने कहा, 'TCS, HCL टेक्नोलॉजीज, LTI माइंडट्री, टाटा मोटर्स, M&M, TVS मोटर, हीरो मोटोकॉर्प, HAL, BEL और BDL साल 2026 के लिए हमारे टॉप पिक्स हैं।'

## दिल्ली में चांदी 2.4 लाख के पार, गिरा शेयर बाज़ार

AI Image



■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** दिल्ली के जूलर्स बाजार में चांदी की कीमतों ने सोमवार को लगातार पांचवें दिन नया रेकॉर्ड बनाया। ऑल इंडिया जूलर्स असोसिएशन के मुताबिक, व्यापारियों की भारी खरीदारी की वजह से चांदी की कीमत 3,650 रुपये की उछाल के साथ 2,40,000 रुपये (2.4 लाख) प्रति किलो पर पहुंच गई। शुक्रवार को चांदी 2,36,350 रुपये पर बंद हुई थी। वहीं, दूसरी ओर सोने की कीमतों में थोड़ी गिरावट देखी गई। 99.9% शुद्धता वाला सोना 500 रुपये गिरकर 1,41,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। वहीं, वायदा बाजार में चांदी की कीमतें 7,124 रुपये (2.97%) गिरकर 2.32 लाख रुपये प्रति किलो पर आ गईं। सुबह के कारोबार में चांदी ने 2,54,174 रुपये प्रति किलो का अब तक का सबसे ऊंचा स्तर छुआ था। सोने की कीमत 1,497 रुपये (1.07%) गिरकर 1,38,376 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गई।

वहीं, शेयर बाजार में गिरावट का सिलसिला सोमवार को जारी रहा। सेंसेक्स 346 अंक टूटकर 84,695.54 पर बंद हुआ। निफ्टी भी 100 अंक गिरकर 26,000 के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 25,942.10 पर बंद हुआ। आईटी (IT), पावर और तेल-गैस जैसी बड़ी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली ने बाजार पर दबाव बनाया। अदाणी पोर्ट्स को 2.22% नुकसान हुआ।

## ह्यूंदै-ICC डील में दिखी भारत की सॉफ्ट पावर

Khalid.Amin@timesofindia.com



ICC सीईओ संजोग गुप्ता, ह्यूंदै के एमडी-सीईओ तरुण गर्ग और ICC चेयरमैन जय शाह

■ **नई दिल्ली :** ऑटो कंपनियों और स्पोर्ट्स का रिश्ता नया नहीं है, लेकिन बीते कुछ सालों में इसका फोकस साफ तौर पर बदला है। एक समय था जब भारत को ग्लोबल स्पोर्ट्स स्पॉन्सरशिप में सिर्फ बड़ी ऑडियंस वाला बाजार माना जाता था। अब यही बाजार कंपनियों की कॉरपोरेट और ब्रैंड स्ट्रैटेजी की दिशा तय कर रहा है। टाटा ग्रुप का IPL से लंबा जुड़ाव, किआ का फुटबॉल पर फोकस और जापानी ऑटो कंपनियों का ओलिंपिक से पुराना रिश्ता। इन सभी में भारत की भूमिका अब सहायक नहीं, बल्कि निर्णायक बनती दिख रही है।

इस बदलाव की सबसे साफ तस्वीर क्रिकेट में नजर आती है। इंडस्ट्री अनुमानों के मुताबिक, ICC इवेंट्स से होने वाली कुल ब्रॉडकास्ट और स्पॉन्सरशिप कमाई का 70% से ज्यादा हिस्सा भारत और भारतीय दर्शकों से आता है। यही वजह है कि क्रिकेट अब सिर्फ खेल नहीं, बल्कि भारत की सॉफ्ट पावर का मजबूत आर्थिक जरिया बन चुका है।

इसी बैकग्राउंड में ह्यूंदै मोटर कंपनी और इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) के बीच हुई हालिया ग्लोबल पार्टनरशिप को देखा जा रहा है। 2026 से 2027 के बीच पुरुष और महिला वर्ग के छह बड़े ICC टूर्नामेंट्स के लिए प्रीमियर पार्टनर बनना, उस बदलाव की ओर इशारा करता है, जिसमें भारत अब मल्टीनैशनल कंपनियों की ग्लोबल ब्रैंड सोच का अहम केंद्र बनता जा रहा है।

दिलचस्प यह है कि ह्यूंदै के सबसे बड़े बाजारों में अमेरिका और दक्षिण कोरिया शामिल हैं, जहां क्रिकेट की मौजूदगी सीमित है। इसके बावजूद ICC जैसे क्रिकेट-केंद्रित प्लैटफॉर्म पर निवेश यह दिखाता है कि ह्यूंदै जैसी ग्लोबल कंपनियों के लिए भारतीय बाजार का महत्व कितना बढ़ चुका है।


ICC चेयरमैन जय शाह के मुताबिक, बड़े टूर्नामेंट्स के दौरान स्टेडियम के साथ-साथ डिजिटल प्लैटफॉर्म्स पर भी फैन एंगेजमेंट बहुत ऊंचे स्तर पर रहता है। यही एंगेजमेंट आज स्पॉन्सरशिप इकॉनमी की सबसे बड़ी ताकत बन चुका है। ऑटो कंपनियां अब केवल लोगो लगाने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे दर्शकों के व्यवहार, डेटा और लंबे समय की ब्रैंड पहचान में निवेश कर रही हैं।

ह्यूंदै मोटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ तरुण गर्ग का कहना है कि यह साझेदारी भारत के प्रति कंपनी की लंबी प्रतिबद्धता और इसके ग्लोबल ऑपरेशंस में भारत की बढ़ती भूमिका को दिखाती है। कंपनी इस जुड़ाव को डिजिटल, एक्सपीरियंस मार्केटिंग और डीलर नेटवर्क के जरिए एक इंटीग्रेटेड कम्युनिकेशन मॉडल के रूप में इस्तेमाल करना चाहती है।

बिजनेस एनालिस्ट्स मानते हैं कि भारत की सॉफ्ट पावर अब केवल संस्कृति तक सीमित नहीं रही। क्रिकेट, मजबूत डिजिटल ढांचा और युवा उपभोक्ता वर्ग ने मिलकर भारत को ऐसा बाजार बना दिया है, जहां से ग्लोबल स्पोर्ट्स और ब्रैंड इकॉनमी, दोनों की दिशा तय हो रही है। ह्यूंदै-ICC करार इसी बड़े इंडस्ट्री ट्रेंड की एक मिसाल है।

## गलत मार्केटिंग और मिस-सेलिंग पर RBI सख्त

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई :** रिजर्व बैंक ने बैंकों और फाइनैंस कंपनियों की मनमानी पर नकेल कसने की तैयारी कर ली है। अब ग्राहकों को गुमराह करके कोई भी स्कीम बेचना आसान नहीं होगा। इसके लिए आरबीआई विज्ञापन से लेकर बिक्री तक के लिए नए नियम जारी करेगा। सोमवार को जारी अपनी सालाना रिपोर्ट में आरबीआई ने कहा कि अगर कंपनियां ग्राहकों को गुमराह करके कोई सामान बेचती हैं, तो इसका बुरा असर न सिर्फ ग्राहकों पर, बल्कि पूरे आर्थिक सिस्टम पर पड़ता है। रिकवरी एजेंट की मनमानी और उनके बर्ताव को लेकर भी आरबीआई पुराने नियमों को बदलने की तैयारी में है। डिजिटल धोखाधड़ी को रोकने के लिए आरबीआई गृह मंत्रालय के साथ मिलकर काम कर रहा है।



CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 30-12-2025 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP9 User: cci Time: 12-29-2025 22:06 Color:





मैं गौतम गंभीर को लेकर मीडिया में चल रही अटकलों के संबंध में एक चीज स्पष्ट करना चाहता हूं। BCCI सचिव ने भी साफ कर दिया है कि गंभीर को हटाने या भारत के लिए नया हेड कोच लाने की कोई योजना नहीं है। -राजीव शुक्ला, उपाध्यक्ष, BCCI

**7** सेंचुरी लगाई शुभमन गिल ने भारत के लिए साल 2025 में। वह तीनों फॉर्मेट को मिलाकर इस साल जो रूट (7 सेंचुरी) के साथ सर्वाधिक सेंचुरी बनाने वाले प्लेयर हैं

## स्पोर्ट्स QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

1. भारत और श्रीलंका के बीच महिला टी20I सीरीज में सर्वाधिक रन किस बैटर ने बनाए हैं?
A) स्मृति मंधाना B) जेमिमा रॉड्रिग्स C) शेफाली वर्मा D) चामरी अटापट्टू
2. शुभमन गिल ने साल 2025 में कितनी सेंचुरी लगाई है?
A) आठ B) दस C) पांच D) सात

**कल के जवाब**
1. B) 380 2. C) 1

**लकी WINNER**
1. शहनाज, लखनऊ, उत्तर प्रदेश
2. श्रीजा पहाड़े, लोअर परेल, मुंबई
3. रमा सेठी, बसंत कुंज, नई दिल्ली

आप अपने जवाब हमें **9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

## फटाफट खबरें

### नीरू ढांडा को गोल्ड
■ नई दिल्ली: एशियाई चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता नीरू ढांडा ने कर्णी सिंह रेंज में चल रही नैशनल शूटिंग चैंपियनशिप में विमिंस ट्रैप इवेंट का गोल्ड मेडल जीता। 25 साल की नीरू ने फाइनल में 41 हिट के साथ खिताब जीता। नीरू को दिल्ली की कीर्ति गुप्ता से कड़ी टक्कर मिली जिन्होंने 40 सटीक निशानों के साथ सिल्वर मेडल हासिल किया।

### इंडिया ओपन 13 से
■ नई दिल्ली: BWF इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट 13 से 18 जनवरी तक इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में खेला जाएगा। यह टूर्नामेंट अब केडी जाधव हॉल के बजाय बड़े मंच पर होगा, जहां 8,000 से ज्यादा दर्शक बैठ सकेंगे। टिकट 400 रुपये से ऑनलाइन उपलब्ध होंगे। इस प्रतियोगिता में पीवी सिंधु, लक्ष्य सेन, सात्विक-चिराग और एन से-यंग जैसे सितारे खेलेंगे।

### बीम्स बनी MI की कोच
■ मुंबई: डिफेंडिंग चैंपियन मुंबई इंडियंस ने 2026 विमिंस प्रीमियर लीग से पहले ऑस्ट्रेलिया की पूर्व लेग स्पिनर क्रिस्टन बीम्स को स्पिन बॉलिंग कोच नियुक्त किया है। बीम्स 2017 वनडे वर्ल्ड कप में तीसरी सबसे सफल गेंदबाज रही थीं।

### जगरीत का रेटिंग खिताब
■ नई दिल्ली: दिल्ली के 13 वर्षीय शतरंज खिलाड़ी जगरीत मिश्रा ने ग्रेटर नोएडा में आयोजित पहले शतरंज वेदा फिडे रैपिड रेटिंग टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। जगरीत ने 8.5 अंक जुटाए और 90 रेटिंग अंक हासिल किए।

भारतीय टेस्ट टीम के प्लेयर ध्रुव ने वनडे फॉर्मेट में भी दिखाई काबिलियत

# जुरेल चले, पंत का बल्ला नाकाम

■ एजेंसियां, नई दिल्ली: आगामी टी20 वर्ल्ड कप की टीम में जगह बनाने में नाकाम रहे विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत सोमवार को विजय हजारे ट्रॉफी में बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे, हालांकि उनकी अगुआई में दिल्ली की टीम ने सौराष्ट्र को तीन विकेट से हराकर जीत की हैट्रिक लगाई। वहीं दूसरी ओर भारतीय टेस्ट टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने शतक जड़ा, जबकि टी20 वर्ल्ड कप टीम में शामिल किए गए रिंकू सिंह ने भी आक्रामक पारी खेली।

**पूरा किया पहला शतक:** जुरेल ने राजकोट में हुए एलीट ग्रुप-बी के मुकाबले में उत्तर प्रदेश की तरफ से खेलते हुए बड़ौदा के खिलाफ महज 101 बॉल पर 160 रनों की नाबाद पारी खेली जिसमें 15 चौके और 8 सिक्स शामिल थे। लिस्ट-ए क्रिकेट में जुरेल का यह पहला शतक है। यूपी के कप्तान रिंकू सिंह ने भी 63 रन की पारी खेली जिसमें तीन छक्के शामिल रहे। जुरेल की जोरदार पारी की बदौलत यूपी ने निर्धारित 50 ओवरों में 369 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में बड़ौदा की टीम ओपनर शाश्वत रावत (60 रन) और कप्तान क्रुणाल पंड्या (82 रन, 77 बॉल, 10 फोर, 2 सिक्स) के प्रयासों के बावजूद 50 ओवरों में 315 रन ही बना सकी और यूपी ने 54 रनों से जीत दर्ज की।

**दिल्ली की जीत में चमके सैनी और प्रियांश:** अलूर में हुए ग्रुप-डी मैच में दिल्ली ने 'प्लेयर ऑफ द मैच' नवदीप सैनी के ऑलराउंड खेल (34 रन*, 3/41 विकेट) से सौराष्ट्र को तीन विकेट से शिकस्त दी। सौराष्ट्र ने विश्वराज जडेजा की सेंचुरी (115 रन, 104 बॉल, 13 फोर, 1 सिक्स) और रुचित अहीर की नाबाद 95 रनों की पारी से 50 ओवरों में 320/7 का स्कोर खड़ा किया। सैनी ने दस ओवर में 41 रन देकर तीन विकेट लिए। जवाब में दिल्ली की टीम ने ओपनर प्रियांश आर्या (78 रन, 45 बॉल, 5 फोर, 6 सिक्स), तेजस्वी दहिया (53 रन), हर्ष त्यागी (49 रन) के अलावा अंत में सैनी की 29 बॉल में 34 रनों की नॉट आउट पारी के दम पर 48.5 ओवरों में सात विकेट पर 321 रन बनाकर जीत हासिल की। टीम के कप्तान पंत ने 26 गेंद पर 22 रन बनाए। उनकी इस छोटी पारी में दो छक्के शामिल रहे।

**हरियाणा ने गुजरात को हराया:** बेंगलुरु में खेले गए मैच में हरियाणा (49.4 ओवरों में 299 रन) ने गुजरात (47.1 ओवरों में 273 रन) को 26 रनों से हराया। हरियाणा के लिए ओपनर अर्श शांडिल्य ने 105 गेंदों पर 86 रनों की पारी खेली, जबकि हिमांशु राणा ने भी अर्धशतक लगाया। गुजरात की टीम जयमीत पटेल और विशाल जैसवाल की फिफ्टी के बावजूद लक्ष्य से दूर रह गया।

**शार्दुल ने झटके विकेट, मुंबई की जीत:** जयपुर में हुए मैच में कप्तान शार्दुल ठाकुर (4/13) की शानदार गेंदबाजी से मुंबई ने ग्रुप-सी मैच में छत्तीसगढ़ को हराकर जीत की हैट्रिक पूरी की। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी छत्तीसगढ़ की टीम को 142 रन पर आउट कर दिया। लेफ्ट आर्म स्पिनर शम्स मुलानी ने पांच विकेट झटके। अंगकृष रघुवंशी (68* रन) और सिद्धेश लाड (48* रन) की 102 रन की साझेदारी से मुंबई जीत गई।



ऋषभ पंत

**1** पहली सेंचुरी जड़ी विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने लिस्ट-ए क्रिकेट में। उनके नाम फर्स्ट क्लास क्रिकेट में पांच शतक दर्ज है



ध्रुव जुरेल

**16** सेंचुरी लगी विजय हजारे ट्रॉफी के तीसरे राउंड में जबकि सिर्फ [illegible]



विजय हजारे ट्रॉफी 2025-26

### कोहली 6 जनवरी को फिर ऐक्शन में
नई दिल्ली: दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष रोहन जेटली ने सोमवार को बताया कि दिग्गज विराट कोहली 6 जनवरी को बेंगलुरु स्थित BCCI सेंटर ऑफ एक्सीलेंस सेंटर में रेलवे के खिलाफ दिल्ली का विजय हजारे ट्रॉफी मैच खेलेंगे। BCCI के केंद्रीय अनुबंध हासिल करने वाले सभी खिलाड़ियों के लिए विजय हजारे के कम से कम दो मैचों में भाग लेना अनिवार्य किया था। कोहली अगले महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में खेलेंगे।

# स्पोर्ट्स @2026
सबसे बड़ा चैलेंज



## ताज बचाने उतरेंगे गुकेश

**सबसे बड़ा सवाल ?**

भारतीय शतरंज के लिए साल 2025 एक ऐसा वर्ष रहा, जिसे ऐतिहासिक और चुनौतीपूर्ण दोनों कहा जा सकता है। एक ओर युवा सितारों ने विश्व स्तर पर भारत का दबदबा कायम रखा, वहीं मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन ग्रैंडमास्टर डी गुकेश के लिए यह साल बेहद उतार-चढ़ाव भरा रहा। साल 2024 के अंत में सबसे कम उम्र में वर्ल्ड चैंपियन बनकर इतिहास रचने वाले गुकेश के लिए अगले साल उन्हें अपना ताज बचाने की चुनौती होगी। गुकेश को टाटा स्टील मास्टर्स में हमवतन प्रग्गनानंद से टाईब्रेकर में हार का सामना करना पड़ा। सबसे बड़ा झटका तब लगा जब वह गोवा में आयोजित फिडे वर्ल्ड कप 2025 के तीसरे राउंड में ही हारकर बाहर हो गए।

2026 में सबसे बड़ा सवाल होगा कि क्या गुकेश अपना सिंहासन बचा पाएंगे? वर्ल्ड चैंपियन बनने के बाद से खराब फॉर्म के बावजूद गुकेश ने यहां-वहां अपनी प्रतिभा दिखाई। उन्होंने नॉर्वे चेस में वर्ल्ड नंबर-1 मैग्नस कार्लसन को क्लासिकल फॉर्मेट में पहली बार हराकर सनसनी फैला दी। इसके अलावा, यूरोपियन क्लब कप में व्यक्तिगत और टीम इवेंट में गोल्ड जीता। संभव है कि वह सही वक्त पर लय पकड़ लें और अगले दो साल तक अपना ताज बरकरार रखें।

इनमें से कोई हो सकता है

## चैलैंजर

कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में शामिल आठ खिलाड़ियों के 2025 के प्रदर्शन को देखते हुए तीन खिलाड़ी जीत के प्रबल दावेदार होंगे। इनमें से कोई गुकेश को चैलेंज कर सकता है:



**1. आर प्रग्नानंदा** *(भारत)*
उन्होंने फिडे सर्किट 2025 जीतकर कैंडिडेट्स के लिए क्वॉलिफाई किया है। उन्होंने गुकेश को टाटा स्टील चेस में हराया और कई एलीट टूर्नामेंट्स में टॉप पर रहे।

**2. फैबियानो कारुआना** *(अमेरिका)*
दुनिया के नंबर-3 खिलाड़ी कारुआना को 'कैलकुलेशन मशीन' माना जाता है। उन्होंने फिडे सर्किट 2024 के विजेता के रूप में क्वॉलिफाई किया है।

**3. हिकारू नाकामुरा** *(अमेरिका)*
हिकारू वर्ल्ड नंबर-2 हैं। उन्हें ब्लिट्ज फॉर्मेट में महारत हासिल है, लेकिन उन्होंने क्लासिकल चेस में भी अपनी रेटिंग 2800 के ऊपर बनाए रखी है।

**7** खिताब जीते मैग्नस कार्लसन ने 2025 में और वह साल के सबसे सफल चेस प्लेयर रहे। वह चेस के तीनों फॉर्मेट्स में 2800+ रेटिंग के साथ नंबर-1 पोजिशन पर कायम रहे

**91** चेस ग्रैंडमास्टर हो गए हैं भारत में। साल 2025 में एलआर श्रीहरि, हरिकृष्णन ए रा, दिव्या देशमुख, एस रोहित कृष्णा, एआर इलमपार्थी, वीएस राहुल ने यह खिताब हासिल किया

### दिव्या के लिए एक और
## बड़ा मौका

2025 में दिव्या देशमुख फिडे विमिंस वर्ल्ड कप का खिताब जीतने वाली पहली भारतीय प्लेयर बनीं। दिव्या ने ढेर सारी उपलब्धियां हासिल की हैं। वह 18 साल की उम्र में वर्ल्ड जूनियर चैंपियन बनीं, एशियन विमिंस चैंपियनशिप में गोल्ड जीता, चेस ओलिंपियाड में भारतीय विमिंस टीम को 'टीम गोल्ड' दिलाने में अहम भूमिका निभाई और व्यक्तिगत स्वर्ण भी जीता। अगर वह कैंडिडेट्स टूर्नामेंट-2026 को जीत लेती है, तो उनके पास मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन जू वेनजुन को चुनौती देने और खिताब जीतने का मौका होगा।



### साल 2026 में चेस: सबसे बड़े इवेंट्स

| टूर्नामेंट | तारीख | वेन्यू |
|---|---|---|
| टाटा स्टील चेस | 16 जनवरी-1 फरवरी | नीदरलैंड्स |
| फिडे कैंडिडेट्स | 28 मार्च-16 अप्रैल | साइप्रस |
| विमिंस कैंडिडेट्स टूर्नामेंट | 28 मार्च-16 अप्रैल | साइप्रस |
| चेस ओलिंपियाड | 15-28 सितंबर | उज्बेकिस्तान |
| वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप | नवंबर | अभी तय नहीं |

# MCG की 'असंतोषजनक' पिच को एक डिमेरिट अंक

■ एजेंसियां, दुबई: इंटरनैशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) ने मेलबर्न में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले गए चौथे एशेज टेस्ट की पिच को सोमवार को 'असंतोषजनक' करार दिया और एमसीजी पर एक डिमेरिट अंक भी लगा दिया। मैच रेफरी जैफ क्रो ने अपनी समीक्षा रिपोर्ट में कहा था कि पिच गेंदबाजों की जरूरत से ज्यादा मदद कर रही थी। चौथे टेस्ट के पहले दिन 20 विकेट गिरे। इंग्लैंड ने दो दिन के भीतर टेस्ट जीत लिया था।

ICC ने कहा, 'चौथे एशेज टेस्ट के लिए मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (MCG) की पिच असंतोषजनक थी जिसके लिए ICC पिच और आउटफील्ड मॉनिटरिंग प्रक्रिया के तहत MCG पर 1 डिमेरिट अंक लगाया गया है।' छह डिमेरिट अंक होने पर किसी मैदान पर एक साल तक का प्रतिबंध लग सकता है। क्रो ने कहा, 'MCG की पिच बॉलर की जरूरत से ज्यादा मदद कर रही थी। पहले दिन 20 और दूसरे दिन 16 विकेट इस पर गिरे और कोई बैटर फिफ्टी भी नहीं बना सका। यह पिच असंतोषजनक थी और MCG पर एक डिमेरिट अंक लगाया गया है।'



मैच रेफरी ने चौथे टेस्ट की पिच को 'असंतोषजनक' करार दिया



द एशेज

### चोटिल एटकिंसन सिडनी टेस्ट मैच से हुए बाहर
सिडनी: इंग्लैंड के तेज गेंदबाज गस एटकिंसन भी चोटिल खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए हैं और वह हैमस्ट्रिंग इंजरी के कारण सिडनी में होने वाले पांचवें और अंतिम एशेज टेस्ट मैच में नहीं खेल पाएंगे। एटकिंसन मेलबर्न में खेले गए चौथे टेस्ट मैच के दूसरे दिन चोटिल हो गए थे। सोमवार को उनका स्कैन कराया गया जिससे बाएं पैर में चोट का पता चला इसके बाद उन्हें औपचारिक तौर पर बाहर कर दिया गया। इंग्लैंड के स्टार पेसर मार्क वुड और जोफ्रा आर्चर पहले ही चोटिल होने के कारण सीरीज से बाहर हो चुके हैं।

# पहली बार टी20 में झटके 8 विकेट

■ एजेंसियां, नई दिल्ली: भूटान के स्पिनर सोनम येशे किसी भी तरह के टी20 मैच (घरेलू या अंतरराष्ट्रीय) में आठ विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बन गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, बाएं हाथ के स्पिनर सोनम ने बीते 26 दिसंबर को भूटान के गेलेफू माइंडफुलनेस सिटी में म्यांमार के खिलाफ तीसरे टी20I मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। इस 22 वर्षीय गेंदबाज ने सात रन देकर आठ विकेट लिए जिससे भूटान ने म्यांमार को 45 रन पर आउट कर दिया। इससे पहले भूटान ने नौ विकेट पर 127 रन बनाए थे। इससे पहले किसी भी गेंदबाज ने किसी भी तरह के टी20 मैच में आठ विकेट लेने का कारनामा नहीं किया था। सोनम से पहले टी20I क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी का रेकॉर्ड मलेशिया के तेज गेंदबाज स्याजरुल इद्रस के नाम था, जिन्होंने 2023 में चीन के खिलाफ आठ रन देकर सात विकेट लिए थे।

क्रिकेट कनेक्ट



भूटान के स्पिनर सोनम येशे

### ब्रेसवेल ने लिया संन्यास
नई दिल्ली: न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर डग ब्रेसवेल ने क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास लेने का ऐलान किया है। 35 साल के ब्रेसवेल ने अपने करियर के दौरान 2011 से 2023 तक 28 टेस्ट, 21 वनडे और 20 टी20I मैच खेले। ब्रेसवेल ने कुल 74 टेस्ट विकेट के साथ रिटायरमेंट लिया है। अपने तीसरे ही टेस्ट में उन्होंने (6/40) होबार्ट में ऑस्ट्रेलिया को हराने में न्यूजीलैंड की मदद की थी, जिससे उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया था।

### अगस्टिना के गोल से जीते बंगाल टाइगर्स

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: बंगाल टाइगर्स ने विमिंस हॉकी इंडिया लीग के अपने पहले मैच में जीत से शुरुआत की। उन्होंने सोमवार को लीग के दूसरे मैच में सूरमा हॉकी क्लब को 1-0 के मामूली अंतर से हराया। मैच का एकमात्र गोल बंगाल टाइगर्स के लिए अगस्टिना गोरजेलानी ने दागा।

हॉकी इंडिया लीग



अगस्टिना

# रोनाल्डो का 'मिशन-1000'

आप जानते हैं मेरा लक्ष्य क्या है। मैं और अधिक ट्रॉफी जीतना चाहता हूं और उस संख्या तक पहुंचना चाहता हूं जिसे आप सभी जानते हैं। - *क्रिस्टियानो रोनाल्डो, प्लेयर, पुर्तगाल*



■ एजेंसियां, दुबई: दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अपने करियर के अंत तक 1,000 गोल करने का दृढ़ संकल्प व्यक्त किया है। पुर्तगाल के इस 40 साल के दिग्गज खिलाड़ी को पूरा विश्वास है कि वह अगर फिट रहे तो इस लक्ष्य को हासिल कर लेंगे। उनके नाम शीर्ष स्तर के प्रफेशनल फुटबॉल में 956 गोल हैं। रोनाल्डो को दुबई में आयोजित 'ग्लोब सॉकर अवाइर्स' समारोह में मध्य पूर्व का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

### किस हाफ में किए कितने गोल

| 356 | 442 | 7 |
|---|---|---|
| पहला हाफ | दूसरा हाफ | एक्स्ट्रा टाइम |

अलग-अलग क्लब के लिए रोनाल्डो के गोल




इंटरनैशनल फुटबॉल में सर्वाधिक गोल




# प्रधानमंत्री ने मेडल विनर हंपी, अर्जुन को दी बधाई

■ एजेंसियां, नई दिल्ली: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोहा में फिडे वर्ल्ड रैपिड चैंपियनशिप के महिला और ओपन वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाले भारतीय चेस के दिग्गज खिलाड़ियों कोनेरू हंपी और अर्जुन एरिगैसी को बधाई दी। PM मोदी ने एक्स पर लिखा, 'दोहा में 2025 फिडे वर्ल्ड रैपिड चेस चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला वर्ग में ब्रॉन्ज पदक जीतने वाली कोनेरू हंपी को हार्दिक बधाई। खेल के प्रति उनका समर्पण सराहनीय है। उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं।' एरिगैसी के लिए उन्होंने लिखा, 'दोहा में आयोजित फिडे वर्ल्ड रैपिड चेस चैंपियनशिप के ओपन वर्ग में ब्रॉन्ज जीतने पर अर्जुन एरिगैसी पर गर्व है। उनका दृढ़ संकल्प सराहनीय है।'

वर्ल्ड रैपिड ऐंड ब्लिट्ज चैंपियनशिप



हंपी (बाएं) और एरिगैसी

# श्रीलंका पर क्लीन स्वीप करने उतरेगी टीम इंडिया

■ एजेंसियां, तिरुवनंतपुरम: भारतीय महिला क्रिकेट टीम मंगलवार को होने वाले पांचवें और अंतिम टी20I मुकाबले में श्रीलंका को हराकर पांच मैचों की सीरीज में 5-0 से क्लीन स्वीप करने के इरादे से उतरेगी। यह सीरीज भारत के लिए इंग्लैंड में अगले साल होने वाले टी20 वर्ल्ड कप की तैयारियों का अहम पड़ाव है। श्रीलंका के खिलाफ इस सीरीज के बाद भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड दौरे पर तीन-तीन टी20I मैच खेलेगी। स्मृति मंधाना की फॉर्म में वापसी भारत के लिए बड़ी राहत रही है। चौथे टी20I में मंधाना ने 80 रन बनाए थे, जबकि उनकी ओपनिंग पार्टनर 236 रन के साथ सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाली प्लेयर हैं।

भारत Vs श्रीलंका
टी20I सीरीज, पांचवां मैच



स्मृति (दाएं) और शेफाली वर्मा

## 12 राशियां और आपका दिन



**ARIES** 21 Mar - 19 Apr
अब धीरे-धीरे आपका भाग्य साथ देगा और आपके सभी काम भी बनते जाएंगे। काफी संघर्ष के बाद आज आपको परेशानियों से कुछ राहत मिलेगी। आज सकारात्मक सूर्य की चाल भी हो सकती है। छोटे-मोटे पार्ट टाइम कारोबार के लिए भी समय निकालना आसान रहेगा।

**TAURUS** 20 Apr - 19 May
आज आपके परिवार में किसी शुभ मांगलिक कार्य के आयोजन की चर्चा चलेगी। अपने जीवन स्तर को सुधारने के लिए फिलहाल आपको स्थायी प्रयोग में आने वाली वस्तुओं की ही खरीदारी करनी चाहिए। सायंकाल के समय किसी खास मेहमान का आपके घर आगमन हो सकता है।

**GEMINI** 21 May - 21 Jun
आज आपका समय तेजी से आगे बढ़ने का है। आपकी आकस्मिक उन्नति को देखकर सभी हैरान होंगे। स्वयं आपकी नजर भी अपनी उपलब्धियों पर लग सकती है। प्रगति की इस गति को स्थायी रखना आपका प्रमुख कार्य होना चाहिए अन्यथा आगे चलकर प्रतिष्ठा को धक्का लग सकता है।

**CANCER** 22 Jun - 22 July
आज किसी परिजन का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। उसी की चिंता में आपका आज का दिन व्यतीत होगा। किसी मित्र के लिए पैसों का इंतजाम करना पड़ सकता है। कार्यक्षेत्र में आपके कार्यकौशल की प्रशंसा होगी। आज घर पर किसी समारोह के लिए आपकी सलाह ली जाएगी। यदि सबकी सहमति हो, तो कहीं स्थान परिवर्तन का विचार बनाएं।

**LEO** 23 July - 22 Aug
आज आपको कारोबार की चिंता विशेष रूप से परेशान करेगी, क्योंकि पिछले काफी दिनों से व्यवसाय नियमित नहीं है। अधिकारी आपका पीछा नहीं छोड़ रही है। नौकरी, व्यवसाय आदि के क्षेत्र में यदि आप पूर्ण सुधार चाहते हैं तो आपको आलस्य व आराम को त्यागना पड़ेगा।

**VIRGO** 23 Aug - 22 Sep
आप दूसरों की सहायता के लिए हमेशा तैयार रहते हैं, इसलिए आज भी किसी की मदद करने में आप अपना दिन बिताएंगे। किसी विशेष काम के लिए भागदौड़ आपको करनी पड़ेगी, जिसके नतीजे भी लाभदायक होंगे। फिलहाल तो आप आज अपने कार्य को उत्साहपूर्वक पूरा करें।

**LIBRA** 23 Sep - 22 Oct
आज आप अकारण ही चिंतित और परेशान रहेंगे। कुछ के कारण कुछ परेशानियां तो वास्तविक हैं ही, कुछ आप अपने स्वभाव के कारण स्वयं भी खड़ी कर लेते हैं। सामाजिक और व्यावसायिक क्षेत्र में विरोधियों की भीड़ आपके सामने खड़ी हो सकती है। आप अपने साहस और बुद्धिमानी से ही इन लोगों को पराजित कर सकते हैं।

**SCORPIO** 23 Oct - 21 Nov
आज अकस्मात मनलायक समाचार मिलेगा। कार्य-व्यवसाय के क्षेत्र में आए तनाव अपने ऊपर हावी न होने दें। बनते-बिगड़ते परिवेश में नवीन योजना सफल होगी। पुराने झगड़े-झंझटों से छुटकारा मिलेगा। अधिकारी वर्ग में सामंजस्य बढ़ेगा। निराशाजनक विचारों को मन में न आने दें।

**SAGITTARIUS** 22 Nov - 21 Dec
आज आपको किसी नए संपर्क से लाभ मिलेगा। अतीत में किए गए पुण्यों का आज फायदा मिल सकता है। रुका हुआ धन कठिनाई से मिलेगा, रोजगार के कामों में कोताही न करें। व्यावसायिक उन्नति से आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। रात्रि के समय मांगलिक आयोजन में जाने का अवसर मिलेगा।

**CAPRICORN** 22 Dec - 19 Jan
आज सामाजिक, धार्मिक कार्यों में भाग लेते रहने के कारण आपका सम्मान बढ़ेगा। यह बात भाग्य विकास में सहायक है। क्रय-विक्रय के व्यवसाय में लाभ होगा। शुभ समाचार भी दिनभर प्राप्त होते रहेंगे। व्यर्थ के झंझटों से बचे रहें। धार्मिक स्थानों की यात्रा की भूमिका आज बन सकती है।

**AQUARIUS** 20 Jan - 18 Feb
उच्चाधिकारियों की घनिष्ठता से लाभ उठाने का सुअवसर आज दिनभर बना रहेगा। आयात-निर्यात के व्यवसाय के आरंभ का निर्णय भी आज हो सकता है। अध्यात्म और धर्म में रुचि बढ़ेगी। यात्रा, मनोरंजन का संयोग बन रहा है, समय के सदुपयोग से आपका सितारा बुलंद होगा।

**PISCES** 19 Feb - 20 Mar
आपकी राशि का स्वामी-देवगुरु बृहस्पति ज्ञान का भंडार है। इसलिए उन्नति के क्षेत्र में कोई मार्ग खोलेगा। अध्ययन व अध्यात्म में रुचि बढ़ना स्वाभाविक है। संयम व सावधानी बरतें। आज के दिन विवादास्पद प्रकरण समाप्त होंगे। गुप्त शत्रु व ईर्ष्यालु व्यक्तियों से सावधान रहें। किसी को आज पैसे उधार न दें, वापिस नहीं मिलेगा।

## जन्मदिन की शुभकामनाएं

नया वर्ष रजत पाद से प्रवेश कर रहा है। जनवरी 2026 तक में राजनीतिक क्षेत्र में लाभ मिल सकता है। फरवरी में यह माह मध्यम है, गुप्त शत्रुओं के षड्यंत्र से बचें। मार्च, अप्रैल, मई पूर्वार्ध शुभ रहेगा। व्यय से अधिक लाभ होगा। कुशल जातकों के भाग्य का उदय जून से जुलाई तक होगा। बुध के सहयोग से अधिकांश जातकों की बौद्धिक, धार्मिक और व्यावसायिक प्रयास सार्थक होंगे। अगस्त-सितंबर में कुछ अनावश्यक प्रवासों के कारण परेशानी रहेगी। बौद्धिक कार्यों से जुड़े महानुभाव इस वर्ष अक्टूबर में अपने काम काज का विस्तार करेंगे। जो जातक नौकरी पेशा हैं, उनका मनोवांछित जगह पर बदलाव नवंबर-दिसंबर तक मामूली प्रयासों से हो जाएगा। 1 जनवरी से लेकर 30 जनवरी 2027 तक सभी स्थितियां सामान्य रहेंगी। महिलाओं के लिए वर्ष अधिक लाभप्रद है। विद्यार्थियों को नियमित सहज परिश्रम से ही सफलता प्राप्त हो जाएगी। मंगल आपकी राशि के अनुकूल नहीं है अतः श्री सुंदरकांड पाठ एक नित्य रात्रि में 8 बजे के उपरांत शुद्ध धूप का दीपक जलाकर 40 दिन पर्यंत करें। शनिवार को सायंकाल पीपल के नीचे सरसों के तेल का दीया जलाएं। -आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

## कल का पंचांग
(बुधवार, 31 दिसंबर 2025)

राष्ट्रीय मिति पौष 10, शक संवत 1947, पौष, शुक्ल, एकादशी, बुधवार, विक्रम संवत 2082। सौर पौष मास प्रविष्टे 17, रजब 10, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 31 दिसंबर 2025 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, शिशिर ऋतु। राहुकाल मध्याह्न 12 बजे से 1 बजकर 30 मिनट तक। एकादशी तिथि क्षय। द्वादशी तिथि अर्धरात्रोत्तर 1 बजकर 48 मिनट तक उपरांत त्रयोदशी तिथि का आरंभ। कृत्तिका नक्षत्र अर्धरात्रोत्तर 1 बजकर 30 मिनट तक उपरांत रोहिणी नक्षत्र का आरंभ। साध्य योग रात्रि 9 बजकर 13 मिनट तक उपरांत शुभ योग का आरंभ। बव करण अपराह्न 3 बजकर 27 मिनट तक। चंद्रमा प्रातः 9 बजकर 23 मिनट तक मेष उपरांत अपनी उच्च राशि वृष पर संचार करेगा। आज के व्रत त्योहार-पुत्रदा एकादशी, वैकुण्ठ एकादशी का क्षय।

## सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | 9 | | | | 6 |
| | | 9 | 8 | | 4 | 2 | | |
| | | 4 | 6 | | 7 | 3 | | |
| | 7 | | 1 | | 6 | | 3 | |
| | | 3 | | | | 5 | | |
| | 9 | | 5 | | 3 | | 7 | |
| | | 5 | 2 | | 1 | 7 | | |
| | | 6 | 4 | | 8 | 9 | | |
| 3 | | | | 5 | | | | 1 |


## TELEVISION



big magic

| | |
|---|---|
| 09:00 बकसू डबलू | 14:30 हम पांच |
| 10:00 बद्दूध बुडबक | 15:00 अजब देश की गजब कहानी |
| 11:00 रुद्र के रक्षक | 16:30 प्यार मोहब्बत हैप्पी लकी |
| 11:30 अलादीन | 19:30 रुद्र के रक्षक |
| 12:00 यशोमती अजेय कृष्णा | 21:00 चीरू |
| 13:30 भ से भड़े | |

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 30-12-2025 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRBP User: cci Time: 12-29-2025 22:31 Color:



## NBT AI टाइम मशीन


### आज ही दी गई थी सद्दाम हुसैन को फांसी

आज ही 2006 में इराक के पूर्व राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन को फांसी दी गई थी। उन्हें 1982 के दुजैल नरसंहार में दोषी पाया गया था। यह इतिहास की सबसे चर्चित फांसियों में से है। राजनीतिक अहमियत, अमेरिका और अन्य देशों की भूमिका, फांसी का समय और तरीका, और ट्रायल की निष्पक्षता पर सवाल इसकी वजहें हैं। मानवाधिकार संगठनों ने विरोध किया। कुछ इसे न्याय मानते हैं, तो कुछ बदले की कार्रवाई कहते हैं।



### सजा नहीं सुधार की होगी अहमियत

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में मौत की सजा धीरे-धीरे खत्म होती जाएगी। मानवाधिकार सोच कहती है कि जीवन सबसे बड़ा अधिकार है। आधुनिक तकनीक जैसे DNA टेस्ट और AI से गलत सजा का खतरा कम होगा। इसलिए लोग फांसी की जगह सुधार और उम्रकैद को बेहतर मानेंगे। कई देश पहले ही मौत की सजा हटा चुके हैं। अगर कहीं यह रही भी, तो बहुत ही कम मामलों में ही इसे चुना जाएगा। 100 साल बाद फांसी शायद इतिहास बन जाएगी।




AI Images

## SPEED News




**चिनाब नदी पर भारत की जलविद्युत** परियोजना पर पाकिस्तानी सांसद शेरी रहमान ने कहा कि पानी को हथियार के तौर पर इस्तेमाल करना संबंधों में तनाव और बढ़ाएगा।



**अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने जेलेंस्की से** फ्लोरिडा में मुलाकात के बाद कहा कि यूक्रेन-रूस शांति समझौते के पहले से कहीं अधिक करीब है। उन्होंने इसे जटिल भी बताया।

**चीन ने ताइवान के अलगाववादी बलों** के खिलाफ कार्रवाई के रूप में जलडमरूमध्य के मध्य क्षेत्रों में सैन्य अभ्यास शुरू किया। चीन ताइवान पर अपना दावा करता है।





**प्रशांत महासागर को मेक्सिको की खाड़ी से** जोड़ने वाली रेल लाइन पर रविवार को ट्रेन के पटरी से उतर जाने से 13 लोगों की मौत हो गई। 98 घायल हैं।

SPEED News पर आप अपनी राय हमें 9220747220 पर वट्सऐप करके बताएं।

# मंदिरों में उमड़ी भीड़, 5 जनवरी तक वृंदावन न आने की अपील



**वृंदावन में** भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। होटल और गेस्ट हाउस पहले ही फुल हो चुके हैं।

## सोमवार को काशी विश्वनाथ मंदिर में तीन लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

■ **टीम NBT : 2025 को** गुडबाय कहने और 2026 के स्वागत के लिए बड़ी तादाद में श्रद्धालु देश के कई धार्मिक स्थलों पर पहुंच रहे हैं। वृंदावन में भी भारी भीड़ उमड़ रही है। होटल-गेस्ट हाउस पहले ही फुल हो चुके हैं। ठाकुर श्रीबांके बिहारी मंदिर मैनेजमेंट ने 29 दिसंबर से 5 जनवरी तक श्रद्धालुओं से वृंदावन न आने की अपील की है।

किसी भी पर्व या त्योहार पर या न्यू ईयर के दौरान कान्हा की नगरी वृंदावन में लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने पर व्यवस्थाएं की जाती हैं। ट्रैफिक व्यवस्था के लिए नो एंट्री सिस्टम लागू कर बाहरी गाड़ियों के वृंदावन में आने पर बैन लगा दिया जाता है। मगर, हर साल की तुलना में इस बार श्रद्धालुओं की भीड़ अपने ही पिछले रेकॉर्ड तोड़ रही है। 25 दिसंबर से ही श्रद्धालुओं के यहां आने का सिलसिला शुरू हो गया है। बांके बिहारी मंदिर तक पहुंचने के लिए दो-दो किमी तक लाइन लग रही।




### वाराणसी: 2 Km लंबी लाइन

बाबा विश्वनाथ के दर्शन-पूजन की ललक से नए साल से पहले ही काशी में भीड़ चरम पर है। धाम के चार गेटों से भक्तों को प्रवेश दिए जाने और स्पर्श दर्शन पर रोक के बावजूद 2 किलोमीटर लंबी कतारें लगी तो खत्म नहीं हुईं। सोमवार की शाम तक तीन लाख से ज्याद श्रद्धालु दरबार में हाजिरी लगा चुके थे।

### अयोध्या पहुंच रहे 70-80 हजार भक्त

सोमवार को राम मंदिर में दर्शन के लिए भारी भीड़ उमड़ी। रोजाना 70-80 हजार के करीब श्रद्धालुओं का पहुंचना जारी है। मंदिर में सुगम और वीवीआईपी दर्शन पास के सभी स्लॉट पहली जनवरी तक के बुक हैं। इन लाइन पास की बुकिंग 12 जनवरी तक फुल हो चुकी है।



# भड़का एंजेल के पिता का गुस्सा, बोले, मामूली बात कह नहीं की FIR

## एंजेल की मेडिकल रिपोर्ट में सिर, पीठ, रीढ़ की हड्डी गंभीर चोट की बात

■ NBT रिपोर्ट, देहरादून

**देहरादून में** त्रिपुरा के स्टूडेंट एंजेल चकमा की मौत पर उनके पिता तरुण प्रसाद चकमा ने कई सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि हो सकता है कि देहरादून के अस्पताल का स्टाफ लापरवाही में शामिल हो। ऑपरेशन के समय स्टाफ ने कहा था कि सर्जरी सफल रही, लेकिन बाद में इलाज ठीक से नहीं किया गया।

एंजेल के पिता ने कहा, 'पूर्वोत्तर से बच्चे पढ़ाई या काम के लिए दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु जैसे शहरों में जाते हैं। उनके साथ इस तरह का व्यवहार नहीं होना चाहिए। हम भी सभी भारतीय हैं। मैं नहीं चाहता कि जो मेरे बच्चे के साथ हुआ वह किसी और के साथ हो। मुझे रात में छोटे बेटे का फोन आया, जिसमें उसने हमले की जानकारी दी। मैं तुरंत छुट्टी लेकर देहरादून पहुंचा। उसकी पीठ में दो बार चाकू मारा गया था, जिससे उसका बायां हाथ और पैर काम नहीं कर रहे थे। उसके सिर से बहुत खून बह रहा था।' उन्होंने कहा कि बेटे FIR कराना चाहता था, लेकिन यह कहकर मना कर दिया गया कि मामला छोटा है। जब वह खुद पहुंचे, तब FIR दर्ज की गई।

एंजेल की मेडिकल रिपोर्ट में सिर, पीठ, रीढ़ की हड्डी और मस्तिष्क में गंभीर चोटें लगने की पुष्टि हुई है। शरीर के दाहिने हिस्से में लकवा भी मार गया था। घटना से जुड़े तीन CCTV भी फुटेज सामने आए हैं। फुटेज में कुछ युवक वहां पहुंचते दिख रहे हैं और दोनों पक्षों के बीच बहस शुरू हो जाती है। इसमें मारपीट का दृश्य कैद है। मौके पर भीड़ थी, लेकिन बीच-बचाव नहीं किया गया।





**एंजेल चकमा के लिए** इंसाफ की मांग के लिए त्रिपुरा में रविवार शाम लोगों ने एक कैंडल मार्च निकाला।

### उठाए सवाल

देहरादून में एंजेल चकमा और उनके भाई माइकल के साथ जो हुआ, वह एक भयानक अपराध है। नफरत रातोंरात पैदा नहीं होती। *-राहुल गांधी, विपक्ष के नेता, लोकसभा*

त्रिपुरा के छात्र की हत्या नफरती लोगों की बेहद घृणित मानसिकता का दुष्परिणाम है। विघटनकारी सोच रोज किसी की जान ले रही है। एकता-अखंडता खतरे में है। *-अखिलेश यादव, SP*

### 'माउंट एवरेस्ट फतह करना चाहते थे एंजेल'



एंजेल के करीबी दोस्त अंकुर अग्रवाल ने उनके आखिरी दिनों, गंभीर चोटों, अंतिम बातचीत और अधूरे सपनों को याद करते हुए दर्दनाक बातें बताईं। एंजेल को सिर में असहनीय दर्द था। उसे ट्रेकिंग का बेहद शौक था और वह एवरेस्ट फतह करने का सपना देखता था। ट्रेकिंग के जूते ऑर्डर किए थे। साथ ट्रेकिंग पर जाने की बात कही थी।

### पुलिस ने कहा, नस्लीय हमला नहीं



उत्तराखंड पुलिस ने सोमवार को कहा कि अब तक की जांच में ऐसा कोई ठोस सबूत नहीं मिला है, जिससे यह साबित हो कि एंजेल चकमा की हत्या नस्लीय हमले से प्रेरित थी। पुलिस ने यह भी साफ किया कि गिरफ्तार पांच आरोपियों में से एक आरोपी मणिपुर का रहने वाला है। नस्लीय टिप्पणी से जुड़े आरोप बेबुनियाद हैं।

### त्रिपुरा की पार्टी 10 लाख इनाम देगी



त्रिपुरा की क्षेत्रीय पार्टी टिपरा मोथा प्रमुख प्रद्योत किशोर माणिक्य देबबर्मा ने एंजेल चकमा हत्या मामले में मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी में जानकारी देने वाले को 10 लाख रुपये का कैश इनाम देने की सोमवार को घोषणा की। उत्तराखंड पुलिस ने गिरफ्तारी में जानकारी देने वाले को 25,000 इनाम देने की घोषणा की थी।

### एंजेल के पिता से की CM धामी ने बात



उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को एंजेल के पिता तरुण प्रसाद चकमा से फोन पर बात की। उन्होंने एंजेल की हत्या पर दुख जाहिर किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक आरोपी के नेपाल भागने की आशंका है। उसे भी गिरफ्तार करने की कोशिश की जा रही है। उत्तराखंड सरकार दोषियों को कड़ी सजा दिलाएगी।

# दुश्मन पर नज़र रखने, अटैक की क्षमता बढ़ाने की है तैयारी

## 79 हजार करोड़ के खरीदे जाएंगे हथियार



पिनाका सिस्टम के लिए ज्यादा रेंज वाले रॉकेट की खरीद को मंजूरी।

Poonam.Pandey
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** लंबी दूरी से ही दुश्मन पर नजर रखने से लेकर अटैक की क्षमता बढ़ाने की तैयारी है। रक्षा अधिग्रहण समिति (DAC) ने आर्मी, नेवी, एयरफोर्स के लिए कई उपकरण और हथियारों की खरीद की जरूरत को मंजूरी दी। इन प्रस्तावों की कुल लागत करीब 79 हजार करोड़ रुपये है।


### आर्मी के लिए क्या किया मंजूर

**लॉइटर म्युनिशन और सिस्टम:** DAC ने इंडियन आर्मी के लिए लॉइटर म्युनिशन और सिस्टम की खरीद की जरूरत को मंजूरी दी है। हाई वेल्यू टारगेट पर सटीक हमला करने के लिए लॉइटर म्युनिशन अहम है। जैसे ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को सटीक निशाना बनाया गया था और कोलेटरल डैमेज के बिना ही सटीक स्ट्राइक की थी, इसी तरह की स्ट्राइक के लिए लॉइटर म्युनिशन की जरूरत है।

**पिनाका के लिए लॉन्ग रेंज गाइडेड रॉकेट:** पिनाका मल्टीपल लॉन्च रॉकेट सिस्टम के लिए ज्यादा रेंज वाले गाइडेड रॉकेट की खरीद की जरूरत को भी मंजूरी दी गई है। अभी इसकी क्षमता 75 किलोमीटर तक है। लॉन्ग रेंज गाइडेड रॉकेट मिलेंगे, जिससे मारक क्षमता 120 किलोमीटर तक हो जाएगी।

**इंटिग्रेटेड ड्रोन डिटेक्शन एंड इंटरडिक्शन सिस्टम (IDDIS) मार्क-II :** आर्मी के पास अभी IDDIS मार्क-1 है। अब मार्क-2 की खरीद की जरूरत को मंजूरी दी गई है। ये काउंटर ड्रोन क्षमता को मजबूत करेगा। इसमें हाई पावर लेजर वेपन सिस्टम होता है। दुश्मन के जैमर इसे जाम नहीं कर पाएंगे और ये हर तरह के ड्रोन की पहचान कर बता सकेगा कि ये दोस्त है या दुश्मन।

**लो लेवल हल्के रेडार:** आर्मी के लिए लो-लेवल हल्के रेडार की खरीद की जरूरत को भी मंजूरी मिली। यूएवी और ड्रोन को डिटेक्ट करने के लिए खास तौर पर बने हैं।



### नेवी होगी और मजबूत

नेवी के लिए बोलार्ड पुल (BP) टग्स, हाई फ्रीक्वेंसी सॉफ्टवेयर डिफाइंड रेडियो मैनपैक और हाई एल्टीट्यूड लॉन्ग रेंज (HALE) रिमोटली पायलेटेड एयरक्राफ्ट सिस्टम (RPAS) को लीज पर लेने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। हाई एल्टीट्यूड लॉन्ग रेंज वाले RPAS से हिंद महासागर क्षेत्र में लगातार खुफिया जानकारी और समुद्री क्षेत्र की प्रभावी निगरानी मजबूत होगी।

### एयरफोर्स को ये मिलेगा

एयरफोर्स के लिए ऑटोमैटिक टेक-ऑफ और लैंडिंग रिकॉर्डिंग सिस्टम, अस्त्र Mk-II मिसाइल, फुल मिशन सिम्युलेटर और SPICE-1000 लंबी दूरी के गाइडेंस किट की खरीद की जरूरत को मंजूरी दी है। इस किट से डम्ब बॉम यानी अनगाइडेड एम्युनिशन को प्रिसीजन गाइडेड एम्युनिशन में तब्दील किया जा सकेगा।

## अब फोटो छपवाने का मौका भी

### खबरों का ज्ञान

रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

1. अरावली पर्वतमाला इनमें से किस राज्य से होकर नहीं गुजरती? A. राजस्थान B. गुजरात C. बिहार
2. INSV कौंडिन्य ने किस देश की यात्रा शुरू की? A. ओमान B. कुवैत C. फ्रांस
3. रक्षा अधिग्रहण समिति ने तीनों सेनाओं के लिए कितने के हथियारों की खरीद को मंजूरी दी है? A. 79 हजार करोड़ B. 59 लाख करोड़ C. 77 हजार करोड़
4. नवंबर में इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन-IIP दो साल में सबसे ज्यादा है, यह कितना है? A. 5% B. 6.7% C. 6.4%
5. क्रिस्टियानो रोनाल्डो के नाम प्रोफेशनल फुटबॉल में अब तक कितने गोल दर्ज हैं? A. 870 B. 1000 C. 956

**कल के जवाब**

A1 C. बालेन शाह A2 B. INS कावेरी A3 B. स्मृति मंधाना A4 A. चीन A5 C. मनोज अग्रवाल

**लकी विनर्स**




1. विकास मलिक, नई दिल्ली
2. शीतल सेजवाल, नई दिल्ली
3. गौरव मिश्र, नोएडा

**ऐसे भेजें अपने जवाब**

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।

## कौंडिन्य की पहली समुद्री यात्रा शुरू



PTI

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** इंडियन नेवी के पारंपरिक स्टिच्ड शिप (सिला हुआ जहाज) INSV कौंडिन्य ने गुजरात के पोरबंदर से ओमान के मस्कट के लिए पहली विदेश यात्रा शुरू की। इसका मकसद भारत की प्राचीन समुद्री विरासत को फिर से समझने, जीवित रखने और उसे दुनिया को दिखाना है। जहाज को औपचारिक रूप से नेवी के वेस्टर्न नेवल कमांडर वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

## US में 2 भारतीयों की जान गई

■ **पीटीआई, हैदराबाद:** तेलंगाना की दो महिलाओं की अमेरिका में एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। यह जानकारी सोमवार को उनके परिवार वालों ने दी। सोमवार को तड़के करीब तीन बजे (भारतीय समयानुसार) कैलिफोर्निया के किंग्स शहर में एक कार दुर्घटना में मेघना रानी और के. भावना की मौत हो गई। दोनों ही 24 साल की थीं और एक टूर पर गई थीं। कार हादसे में दोनों महिलाओं की मौके पर ही जान चली गई। बाकी लोग घायल हो गए। महबूबाद जिले के गरला और मुलकानूर गांवों की निवासी दोनों महिलाएं हायर एजुकेशन के लिए अमेरिका गई थीं।

तेलंगाना की रहने वाली हैं दोनों महिलाएं। 24 साल थी दोनों की उम्र

## पाकिस्तान के बयान पर भारत ने किया पलटवार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**भारत सरकार** ने पाकिस्तान की ओर से दिए गए उस बयान पर पलटवार कर जवाब दिया है, जिसमें भारत सरकार पर अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा का आरोप लगाया गया है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पाकिस्तान के आरोपों को सिरे से खारिज कर कहा कि हम ऐसे देश की ओर से ऐसी टिप्पणी को खारिज करते हैं, जिसका इस संबंध में खुद का बेहद खराब रेकॉर्ड है। जायसवाल ने कहा कि पाकिस्तान के भीतर विभिन्न धर्मों के अल्पसंख्यकों पर संस्थानिक तौर पर सुनियोजित, भयावह शोषण और उत्पीड़न एक प्रमाणित तथ्य है। ऐसे में दूसरों पर कितनी भी उंगली उठा ली जाए, लेकिन इस सच को छुपाया नहीं जा सकता।

**विदेश मंत्रालय ने कहा, पाक का रेकॉर्ड खुद खराब**

इससे पहले पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी ने सोमवार को भारत के खिलाफ जहर उगलने वाला एक बयान जारी किया था। पाकिस्तान की ओर से जारी इस प्रेस नोट में भारत में मुसलमानों के खिलाफ राज्य प्रायोजित हिंसा का आरोप लगाया गया था। इसमें आरोप लगाया कि क्रिसमस के दौरान भी हुड़दंग की घटनाएं देखने को मिली थीं।

**उम्मीद का साल** साल के आखिर तक कई ऐसे सवाल और घटनाक्रम ऐसे रहे जिनका जवाब भारत को पूरी तरह नहीं मिल पाया।

# नए साल में कूटनीतिक मोर्चे पर 5 चुनौतियां

Alpyu.Singh@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** 2025 का साल कूटनीतिक मोर्चे पर भारत के लिए पिछले कई वर्षों में सबसे चुनौतीपूर्ण रहा। साल के आखिर तक कई ऐसे सवाल और घटनाक्रम ऐसे रहे जिनका जवाब पूरी तरह नहीं मिल पाया।

■ **ब्रिक्स का साल, बड़ा संदेश:** 2026 में भारत में BRICS देशों का सम्मेलन है। भारत में अब तक हुए तमाम कूटनीतिक इवेंट में यह एक सबसे बड़े आयोजन में एक होगा। भारत सरकार इसे G20 की तर्ज पर ही भव्य और व्यापक बनाने की कोशिश में है जिससे ग्लोबल समुदाय को एक संदेश दे सके।





■ **पड़ोसियों के साथ रिश्ते को बेहतर करने की चुनौती:** बांग्लादेश और नेपाल, आने वाले साल की शुरुआत में इन दोनों ही पड़ोसी देशों के चुनाव भारत के लिए भी खासे अहम हैं। भारत चाहेगा कि पड़ोस में सत्ता हस्तांतरण शांतिपूर्ण हो। इसके अलावा दूसरे पड़ोसी देशों के साथ संबंध भी आगे साल भारत के लिए अहम होगा।

■ **ग्लोबल संतुलन का साल:** पश्चिम एशिया हो या फिर यूक्रेन युद्ध, भारत ने मौजूदा साल में भी लगातार डिप्लोमेसी और डायलॉग के साथ संघर्ष के समाधान की बात की है। भारत ने मौजूदा साल में पुतिन की भारत यात्रा के दौरान रूस के साथ ऐतिहासिक रिश्तों को दोहराया है तो ईयू और यूरोप के देशों के साथ आर्थिक और व्यापारिक रिश्तों में नया आयाम तलाशने की कोशिशें की हैं।

■ **भारत-अमेरिका संबंध क्या पटरी पर लौटेंगे?:** मौजूदा साल में भारत-यूएस संबंधों ने शायद अपने इतिहास का सबसे अनिश्चित दौर और बुरा दौर देखा। आने वाले साल में भारत को ट्रेड डील की माथापच्ची और राष्ट्रपति ट्रंप के अनिश्चित बयानों के लिए तैयार रहना होगा। क्वॉड सम्मेलन भी टलता गया। वीजा के मसले पर मुश्किलें हैं।

### नैरेटिव वॉर की चुनौती

बदले ग्लोबल ऑर्डर में नैरेटिव वॉर की अहमियत को भारत ने समझा। कूटनीतिक मोर्चे पर यह नई चुनौती सामने आई है। 2026 में भारत की चुनौती होगी कि इस नई चुनौती का सामना करे और नैरेटिव वॉर में भी बढ़त ले। जानकारी के अनुसार अब यह आधुनिक कूटनीति का अहम हिस्सा बन गया है।




MARUTI SUZUKI ARENA
VICTORIS
VICTORIS
VICTORIS
GOT IT ALL
SCAN AND CONNECT TO
A SHOWROOM NEAR YOU
E-BOOK TODAY AT
WWW.MARUTISUZUKI.COM
CONTACT US AT 1800-102-1800
Applicable T&C available at your nearest dealership. Creative visualization. Car colour may vary due to printing on paper. Images used are for illustration purposes only. Features may vary by model/conditions.
VICTORIS

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 30-12-2025 Zone: Faridabad Edition: 1 Page: NBTFRFP User: cci Time: 12-29-2025 22:44 Color:

नई दिल्ली > मंगलवार, 30 दिसंबर 2025 > पौष 9, शक संवत 1947, पौष शुक्ल दशमी, विक्रम संवत 2082
WATCH GOD WATCHDOG
वर्ष 79, संख्या 310 > पेज 16* > फरीदाबाद > मूल्य ₹3.50 या ₹8.50* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in
*वार्षिक खरीद पर ही लागू

# NBT नवभारत टाइम्स



कॉन्सर्ट में हुए विवाद पर तारा-वीर ने तोड़ी चुप्पी

▶ फरीदाबाद टाइम्स



विजय हजारे ट्रॉफी में जुरेल का तूफानी शतक

▶ p9

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

ट्रंप-ज़ेलेंस्की फ्लॉरिडा में मिले, कहा- 'पीस डील' 95% तैयार ▶▶ पेज 10



पुणे नगर पालिका चुनाव के लिए अजीत और शरद पवार में गठबंधन ▶▶ पेज 4



पूरे भारत में सभी बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान करेंगे : शाह ▶▶ पेज 4

## इंसाफ के लिए रोके फैसले, अब सुप्रीम कोर्ट तलाश रहा सवालों के जवाब

# उन्नाव रेप में दोषी सेंगर रहेगा कैद, बेल पर ब्रेक

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: उन्नाव रेप केस में दोषी पूर्व BJP विधायक कुलदीप सेंगर की जमानत पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी। कोर्ट ने साफ कहा कि सेंगर को हाई कोर्ट के 23 दिसंबर 2025 के आदेश के आधार पर जेल से रिहा नहीं किया जाएगा। कई अहम कानूनी सवाल उठे हैं जिन पर विचार आवश्यक है।

चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने CBI की अर्जी पर सेंगर को नोटिस जारी कर 4 हफ्ते में जवाब मांगा है। कहा, आमतौर पर जब कोई दोषी या विचाराधीन कैदी रिहा होता है, तो उसे सुने बिना ऐसे आदेशों पर रोक नहीं लगाते। यह केस अलग है, क्योंकि सेंगर पर एक अन्य मामले में भी दोषसिद्ध है और जेल में है।

**CBI ने दी है चुनौती, अब 4 हफ्ते बाद सुनवाई होगी**

सेंगर की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे और एन. हरिहरन ने हाई कोर्ट के आदेश को सही ठहराया और कहा कि POCSO की धारा 2(2) का हवाला नहीं दिया गया है और IPC में लोक सेवक की जो परिभाषा है, उसी के आधार पर सजा दी गई थी। CBI की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट में दलील दी कि घटना के समय लड़की 15 साल 10 महीने की थी। ऐसे में यह पेनेट्रेटिव सेक्सुअल ऐक्ट अपने आप में एक स्वतंत्र अपराध है। POCSO ऐक्ट की धारा 42A स्पष्ट करती है कि अगर किसी अन्य कानून से टकराव हो तो POCSO को प्राथमिकता मिलेगी, लेकिन हाई कोर्ट ने इस पहलू पर विचार नहीं किया।

File



सेंगर को हाई कोर्ट से मिली थी ज़मानत

### लड़ती रहूंगी, फांसी दिलाऊंगी: सर्वाइवर

सुप्रीम कोर्ट के स्टे ऑर्डर पर रेप सर्वाइवर ने कहा, 'मैं बहुत खुश हूं। मुझे सुप्रीम कोर्ट पर भरोसा है। मैं इस लड़ाई को लगातार लड़ती रहूंगी और उसे फांसी दिलाकर रहूंगी। तभी परिवार को सच्चा न्याय मिलेगा। उन सभी की आभारी हूं जो मेरे साथ खड़े रहे और न्याय दिलाने में मदद की। मेरे पिता की आत्मा को तभी शांति मिलेगी, जब सेंगर को फांसी होगी।' उनकी मां ने कहा, 'हम सुप्रीम कोर्ट का शुक्रिया अदा करते हैं। जिन लोगों ने मेरे पति का मर्डर किया, उन्हें मौत की सजा मिलनी चाहिए।'

> इस मामले में फैसला देने वाले हाई कोर्ट के जस्टिस अत्यंत योग्य हैं, लेकिन गलती किसी से भी हो सकती है, इसलिए मामले में कानूनी प्रश्नों पर दोबारा विचार जरूरी है। -चीफ जस्टिस

■ कोर्ट बोला- पीड़िता को अलग से विशेष अनुमति याचिका दायर करने का वैधानिक अधिकार है कोर्ट से अनुमति लेना जरूरी नहीं।

■ सजा सस्पेंड करने वाले HC के जजों के खिलाफ आरोप लगाए जा रहे हैं, इसपर SC ने कहा, कुछ लोग सियासी लाभ उठाने की कोशिश कर रहे हैं।



### कॉन्स्टेबल तो लोक सेवक है, मगर विधायक क्यों नहीं, SC सुनेगा मुद्दा

सबसे अहम बहस "लोक सेवक" की परिभाषा पर हुई। सॉलिसिटर जनरल मेहता ने कहा कि अगर कोई व्यक्ति पीड़ित पर प्रभुत्वशाली स्थिति में है, तो अपराध "गंभीर" माना जाएगा। मान लें अगर ड्यूटी पर तैनात कॉन्स्टेबल या सेना अधिकारी ऐसा कृत्य करें, तो यह गंभीर अपराध होगा। CJI ने सांसदों और विधायकों को लोक सेवक की परिभाषा से बाहर रखने पर चिंता जताई। कहा, अगर इस व्याख्या को स्वीकार कर लें, तो एक कॉन्स्टेबल या पटवारी लोक सेवक होगा, लेकिन विधायक या सांसद नहीं, और उसे छूट मिल जाएगी। अब इस मामले में आगे की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में होगी, जहां तय होगा कि POCSO के तहत 'लोक सेवक' की परिभाषा क्या होगी और सजा सस्पेंड के मानदंड क्या होने चाहिए।

**POCSO के तहत 'लोक सेवक' की परिभाषा क्या होगी?**

# अरावली पर अपने ही फैसले को रोका

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: अरावली रेंज की 100 मीटर से कम ऊंचाई वाली पहाड़ियों को अरावली पहाड़ न मानने के अपने ही आदेश पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने स्टे लगा दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने पहाड़ियों और पर्वतमालाओं की एक समान परिभाषा को स्वीकार किया था। जिसको लेकर पर्यावरणविदों और आम लोगों ने चिंता जताते हुए सवाल उठाए थे। मामले में खुद संज्ञान लेते हुए कोर्ट ने कहा कि किसी भी कार्यान्वयन से पहले एक निष्पक्ष, स्वतंत्र और विशेषज्ञ राय पर विचार किया जाना आवश्यक है, ताकि स्पष्ट और निर्णायक मार्गदर्शन मिल सके।


**कोर्ट ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा**

चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच ने इस मुद्दे की व्यापक जांच के लिए एक्सपर्ट्स की एक हाई लेवल कमिटी बनाने का प्रस्ताव रखा है। सुप्रीम कोर्ट ने चिंता जताई कि विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट और कोर्ट की टिप्पणियों की गलत व्याख्या की जा रही है। रिपोर्ट या कोर्ट के निर्देशों को लागू करने से पहले और अधिक स्पष्टता की जरूरत है। कोर्ट ने यह भी कहा कि यह जांचना जरूरी है कि अरावली पहाड़ियों और पर्वतमालाओं की परिभाषा से कहीं कोई संरचनात्मक विरोधाभास तो पैदा नहीं हो गया है? और क्या इससे उलटे रूप में गैर अरावली क्षेत्रों का दायरा बढ़ गया है, जिससे अनियंत्रित खनन को बढ़ावा मिल सकता है? कोर्ट ने केंद्र सरकार और अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। अगली सुनवाई को 21 जनवरी को होगी।

Anindya Chattopadhyay

### 100 मीटर से कम ऊंची पहाड़ियों पर पहले दी थी खनन को मंजूरी

> ऐसा प्रतीत होता है कि समिति की रिपोर्ट और इस कोर्ट के निर्णय दोनों में कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों को स्पष्ट रूप से स्पष्ट करने में कमी हुई है। -सुप्रीम कोर्ट



### क्या है पूरा मामला और आशंका?

दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और गुजरात में अरावली पहाड़ियों की अलग परिभाषाएं मुद्दा बना, जिससे नियामकीय खामियां और अवैध खनन के मामले सामने आए। भूजल स्तर बनाए रखने, मरुस्थलीकरण रोकने में अरावली अहम है। आशंका जताई गई थी कि परिभाषा को कमजोर किए जाने से उन क्षेत्रों में खनन और निर्माण गतिविधियों को वैधता मिल सकती है।

### इन सवालों पर मांगी एक्सपर्ट की राय

■ क्या पहाड़ियों के बीच 500 मीटर के अंतराल वाले क्षेत्रों में नियंत्रित खनन की अनुमति दी जाएगी?
■ क्या 100 मीटर या उससे अधिक ऊंची पहाड़ियां, भले बीच की दूरी निर्धारित 500 मी. से अधिक हो, पारिस्थितिक संरचना बनाती हैं?
■ क्या राजस्थान की 12,081 पहाड़ियों में से सिर्फ 1,048 ही 100 मीटर की ऊंचाई की सीमा को पूरा करती हैं।

## 2026 नई उम्मीद

आज जानिए 2025 में दिल्ली को मिले उन शानदार तोहफों के बारे में जिन्होंने शहर की लाइफस्टाइल बदल दी। पटरियों पर दौड़ती हाई-स्पीड 'नमो भारत' से लेकर आसमान की सैर कराते 'हॉट एयर बलून' तक, और 5 रुपये वाली 'अटल कैंटीन' की थाली से लेकर आयुष्मान भारत की सुरक्षा तक।

देखें पेज 7

## फटाफट खबरें

### एंजेल की हत्या नस्लीय नहीं: पुलिस

उत्तराखंड में हुई त्रिपुरा के छात्र एंजेल की हत्या में पुलिस ने कहा कि यह नस्लीय टिप्पणी से जुड़ा मसला नहीं है। एक आरोपी के नेपाल भागने की आशंका जताई गई है। उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने एंजेल के पिता से सोमवार को कहा कि दोषियों को कड़ी सजा दिलाई जाएगी।

### 79 हजार करोड़ के रक्षा सौदों को मंजूरी



रक्षा अधिग्रहण समिति (DAC) ने आर्मी, नेवी, एयरफोर्स के लिए कई उपकरण और हथियारों की खरीद की जरूरत को मंजूरी दी। इन प्रस्तावों की कुल लागत करीब 79 हजार करोड़ रुपये है। सौदों में लॉन्ग रेंज गाइडेड रॉकेट, हल्के रेडार शामिल हैं।

### मारपीट का आरोपी पायलट अरेस्ट

दिल्ली के IGI एयरपोर्ट पर एक यात्री के साथ मारपीट के आरोपी पायलट कैप्टन वीरेंद्र सेजवाल को एयरपोर्ट पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जमानती धारा होने के कारण पूछताछ के बाद पायलट को थाने से ही जमानत दे दी गई।

### पाकिस्तान को भारत ने दिया जवाब

भारत ने पाकिस्तान की ओर से दिए गए उस बयान पर जवाब दिया है, जिसमें भारत सरकार पर अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा का आरोप लगाया गया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि दुनिया जानती है कि अल्पसंख्यकों के शोषण में पाक का क्या रेकॉर्ड है।

## हैपी मॉर्निंग

टीचर: पक्षियों की नजर तेज होती है या मनुष्यों की?
टिंकू: पक्षियों की...
टीचर: वो कैसे?
टिंकू: क्योंकि उन्हें मैंने कभी चश्मा लगाए हुए नहीं देखा।

## अर्थसार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 84,695.54 (-345.91) |
| निफ्टी | 25,942.10 (-100.20) |
| रु/यूएस डॉलर | 89.98(+0.12) |
| रु/यूरो | 105.95(+0.20) |

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम | |
| दिल्ली | ₹1,41,800 (-500) |
| चांदी .999 टंच प्रति किलो | |
| दिल्ली | ₹2,40,000 (+3,650) |

## मौसम

अधिकतम तापमान 20.3°

न्यूनतम तापमान 8.3°

सूर्यास्त मंगलवार 5:35 | सूर्योदय बुधवार 7:14

सुबह कोहरा छा सकता है। न्यूनतम तापमान सामान्य के करीब रहेगा।



5 जनवरी तक वृंदावन न आने की अपील

## मथुरा, काशी, अयोध्या में नए साल से पहले भीड़

■ NBT न्यूज, मथुरा/वाराणसी

**नए साल** से पहले देश के बड़े धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। मथुरा, काशी (वाराणसी) और अयोध्या जैसे प्रमुख तीर्थ शहरों में होटल, गेस्ट हाउस और धर्मशालाएं पूरी तरह भर चुकी हैं। वृंदावन के ठाकुर श्रीबांके बिहारी मंदिर प्रबंधन ने भीड़ को देखते हुए श्रद्धालुओं से 29 दिसंबर से 5 जनवरी तक वृंदावन न आने की अपील की है।

वाराणसी में बाबा विश्वनाथ मंदिर में दर्शन के लिए भी जबरदस्त भीड़ है। मंदिर में 4 गेट से प्रवेश मिल रहा है, इसके बावजूद श्रद्धालुओं की लाइन करीब 2 किलोमीटर तक पहुंच गई है। शहर की संकरी गलियां भी भक्तों से भरी हुई हैं। मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्वभूषण मिश्र के अनुसार, रोजाना औसतन 4 लाख से ज्यादा भक्त काशी पहुंच रहे हैं। 15 जनवरी तक शहर के सभी होटल, लॉज फुल हैं।



अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए रोज 80 हजार लोग पहुंच रहे।

### 12 जनवरी तक अयोध्या में इन-लाइन पास खत्म

अयोध्या में भी रामलला मंदिर में रोजाना 80 हजार से अधिक लोग दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। सुगम और VVIP दर्शन पास के सभी स्लॉट 1 जनवरी तक पहले ही भर चुके हैं, जबकि इन-लाइन दर्शन पास की बुकिंग 12 जनवरी तक पूरी हो गई है। एक घंटे में श्रद्धालुओं को दर्शन लाभ मिल रहा है।

## रील बना रहा छात्र रेस्टोरेंट की शेड से गिरा, मौत

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: मॉडल टाउन के गुजरांवाला इलाके में रविवार को एक रेस्टोरेंट की प्लास्टिक शेड से गिरकर 16 साल के छात्र कवीन कुमार की मौत हो गई। सूत्रों के मुताबिक, हादसे के वक्त वह अपने दोस्तों के साथ रील बना रहा था। नॉर्थ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के डीसीपी भीष्म सिंह ने बताया कि रविवार को छात्र के गिरने की सूचना मिली थी। जांच में पता चला कि दुकानों के बीच गैलरी को ढकने के लिए बीच में प्लास्टिक शेड लगाए गए हैं। उसी शेड पर छात्र अपने दोस्तों के साथ चढ़कर रील बना रहा था, लेकिन शेड वजन ज्यादा होने से टूट गई। वहीं, छात्र के पिता पूरे मामले को संदिग्ध बताया। उन्होंने कहा कि मेरा बेटा 100 फुट ऊंचाई से गिरा था। वहां तक वह कैसे पहुंचा, इस बारे में कोई नहीं बता रहा है। उन्होंने धक्का देकर हत्या की आशंका जताई है।



कवीन कुमार

## आंध्र प्रदेश में ट्रेन के 2 एसी कोच में लगी आग, एक यात्री की मौत

TOI



टाटानगर से एर्नाकुलम जा रही एक्सप्रेस ट्रेन के दो AC कोच में आग लग गई।

■ आग B1 कोच में लगी, फिर M2 कोच में फैल गई। यात्रियों ने इमरजेंसी चेन खींची और बाहर भागे।

■ पुलिस ने बताया कि रात 12:45 पर आग की सूचना मिली थी। दोनों कोच से 143 यात्रियों को बचाया गया।

■ घटना में एक यात्री की मौत हो गई। रेलवे अधिकारी ने बताया कि आग लगने की वजह पता नहीं चली है।

## जेल में गैंगस्टर साफ कर रहे शौचालय

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़ : हरियाणा की जेलों में बंद गैंगस्टरों को दूसरे कैदियों की तरह मेंटिनेंस और सफाई का काम दिया जा रहा है। उनसे जेल परिसर, बैरक और शौचालयों की सफाई कराई जा रही है। डीजी जेल आलोक राय ने बताया कि जेलों से भाई कल्चर खत्म करके सभी कैदियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे बड़े गैंगस्टर का काम न करें। ▶▶ पेज 2

## हरियाणा में सिविल सेवा परीक्षा के नियम बदले गए

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़ : हरियाणा सरकार ने सिविल सेवा परीक्षा (कार्यकारी शाखा) के नियमों में बदलाव कर दिया है। इसके अनुसार मुख्य लिखित परीक्षा में छह प्रश्नपत्र होंगे। ये 600 अंकों के होंगे। अंग्रेजी और हिंदी का पेपर 100-100 अंकों का होगा। इसके अलावा जनरल स्टडीज के चार पेपर होंगे और सभी 100-100 अंकों के होंगे। ▶▶ पेज 2

NBT प्रगतिशील इंडियन ऑफ द ईयर 2025

## NBT प्रगतिशील इंडियन ऑफ द ईयर चुनें

इस साल देश की प्रगति में पार्टनर बनी ये सबसे प्रमुख हस्तियां NBT टीम ने काफी विचार-विमर्श के बाद चुनी हैं। देश के पैरा एथलीटों के योगदान को देखते हुए ऑप्शन B में हमने शीतल देवी और सुमित अंतिल को रखा है। आपके हिसाब से इनमें से NBT प्रगतिशील इंडियन ऑफ द ईयर कौन है, वोट करके हमें बताएं।

### कैसे करें वोट

जो NBT प्रगतिशील इंडियन ऑफ द ईयर लगता है, उसका ऑप्शन **9220747220** पर व्हट्सऐप करें। मसलन, अगर आपकी चॉइस हरमनप्रीत है तो मैसेज में A लिखकर भेज दें।

**A हरमनप्रीत कौर (महिला क्रिकेट टीम की कप्तान)**



2 नवंबर की रात हरमनप्रीत कौर की अगुआई में भारत की 16 महिलाओं ने इतिहास रचा। टीम ने वर्ल्ड कप के रूप में ICC का पहला खिताब अपने नाम किया। ICC खिताब न जीत पाने का बोझ एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक की खिलाड़ियों के कंधों पर चलता आ रहा था, लेकिन मानसिक रूप से बेहद मजबूत हरमन की टीम ने सेमिफाइनल में 7 बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया और फाइनल में साउथ अफ्रीका को हराकर इतिहास के पन्नों पर अपना नाम सुनहरे अक्षरों में लिखवाया।

**B देश के पैराएथलीट (शीतल देवी-सुमित अंतिल)**



आपने कितनी बार पैरा ऐथलीटों को नियमित (एबल-बॉडी) वर्ग की टीम में जगह बनाते देखा है? ये दुर्लभ उपलब्धि बिना हाथों के जन्मीं जम्मू-कश्मीर की 18 साल की शीतल देवी ने हासिल की। भारत के पैरा जैवलिन थ्रोअर सुमित अंतिल ने वर्ल्ड पैरा ऐथलेटिक्स में चैंपियनशिप रेकॉर्ड के साथ गोल्ड मेडल जीता था।

**C दिव्या देशमुख (ग्रैंडमास्टर)**



चेस में भारत के बढ़ते रुतबे को उस वक्त नई ऊंचाइयां मिलीं, जब 2025 में 19 साल की दिव्या देशमुख ने जॉर्जिया में आयोजित FIDE विमिंस वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम किया। शीर्ष खिलाड़ियों के खिलाफ निडर अंदाज में खेलते हुए दिव्या ने प्रतिष्ठित ग्रैंडमास्टर (GM) खिताब भी हासिल किया और 2026 विमिंस कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में जगह पक्की कर खुद को वर्ल्ड चेस में एक बड़ी ताकत के रूप में स्थापित किया। यह खिताब पाने वाली वह पहली भारतीय महिला हैं।

**D कर्नल सोफिया कुरैशी, विंग कमांडर व्योमिका सिंह**



ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दुनिया के सामने रखने वाली कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह इस ऑपरेशन का चेहरा बन गईं। वडोदरा की कर्नल सोफिया आर्मी की सिगनल कोर में हैं। विंग कमांडर व्योमिका सिंह एयरफोर्स में हेलिकॉप्टर पायलट हैं। उन्हें मास्टर ग्रीन रेटिंग मिली है।

**E शुभांशु शुक्ला (ग्रुप कैप्टन, एयरफोर्स)**



एयरफोर्स के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला इंटरनैशनल स्पेस स्टेशन (ISS) जाने वाले पहले भारतीय और अंतरिक्ष पर जाने वाले दूसरे भारतीय बने। 1984 में राकेश शर्मा के उड़ान भरने के बाद यह यात्रा हुई। एक्जियम-4 मिशन के तहत शुभांशु ने ISS में 7 टेस्ट किए थे। शुभांशु शुक्ला और उनकी टीम ने मिलकर 60 से ज्यादा प्रयोग किए थे, जिनमें मानव स्वास्थ्य, अंतरिक्ष कृषि और अंतरिक्ष सूट के मटीरियल से जुड़े परीक्षण शामिल थे। वह 16 जुलाई को पृथ्वी पर लौटे थे।

## काम की खबरें

**'दिल्ली शब्दोत्सव'**
सांस्कृतिक और साहित्यिक महोत्सव 2 जनवरी से मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में।

**टिकट बुक न कर सकेंगे**



29 दिसंबर से बिना आधार लिंक वाले IRCTC यूजर्स सुबह 8 से दोपहर 12 बजे तक टिकट बुक न कर पाएंगे।

**लाल किला बंद**
गणतंत्र दिवस की वजह से 20 से 31 जनवरी तक लाल किले में लोगों की एंट्री बंद रहेगी।

**स्कूलों में विंटर वैकेशन**
दिल्ली के सरकारी स्कूलों में 1 से 15 जनवरी 2026 तक सर्दियों की छुट्टियां होंगी।



# रोहित मर्डर केस रोहतक ट्रांफसर करने की मांग



NBT

सर्वखाप पंचायत और परिवार एडीजीपी लॉ एंड आर्डर से मिले।

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़: इंटरनैशनल बॉडीबिल्डर व राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता रोहित धनखड़ की हत्या मामले में हरियाणा की सर्वखाप पंचायत और पीड़ित परिवार ने सोमवार को राज्य के एडीजीपी लॉ एंड आर्डर कुलदीप सिंह से मुलाकात की। इन लोगों ने केस की जांच के लिए भिवानी से रोहतक ट्रांसफर करने की मांग की है।


प्रतिनिधिमंडल ने एडीजीपी को बताया कि 27 नवंबर को हुई रोहित धनखड़ की हत्या में लगभग 18-20 लोग शामिल थे। लेकिन एक महीने से ज्यादा बीत जाने के बावजूद सिर्फ 5 आरोपियों की गिरफ्तारी हो सकी है। पंचायत व परिवार ने कहा कि कार्रवाई गंभीरता से नहीं हो रही है।

पंचायत व परिवार ने कहा कि इस पूरे मामले की जांच भिवानी से हटाकर रोहतक जिले में सीआईए या एसटीएफ को सौंपी जाए, ताकि जांच निष्पक्ष, स्वतंत्र और प्रभावी हो सके। एडीजीपी ने प्रतिनिधिमंडल से कहा, जांच ट्रांसफर का जल्द फैसला लिया जाएगा।

## लिखित में 45% मार्क्स, तो ही मिलेगा इंटरव्यू में बैठने का मौका

# हरियाणा सिविल सर्विस एग्ज़ाम के नियमों में बदलाव, अब 6 पेपर होंगे

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़



AI Image

**हरियाणा सरकार** ने सिविल सर्विस (कार्यकारी शाखा) एग्जाम के नियमों में बड़ा बदलाव किया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में इसी माह हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में इन नए नियमों को मंजूरी दी गई। इसके बाद सोमवार को मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने इसका नोटिस जारी किया।

> पहले हरियाणा सिविल सेवा परीक्षा 4 पेपरों की होती थी।

बदले हुए नियमों के अनुसार अब मुख्य लिखित परीक्षा में कुल छह पेपर होंगे। ये सभी मिलकर 600 मार्क्स के होंगे। पहले यह परीक्षा 4 पेपरों की होती थी।

**अंग्रेजी और हिंदी के होंगे अलग-अलग पेपर:** नई व्यवस्था के तहत पहला पेपर इंग्लिश का होगा, जिसमें अंग्रेजी निबंध भी शामिल रहेगा। यह पेपर 100 मार्क्स का होगा। दूसरा पेपर हिंदी का होगा। यह भी 100 मार्क्स का होगा। इसके अलावा चार सामान्य अध्ययन के पेपर होंगे। इनके मार्क्स भी 100-100 होंगे। सभी पेपर परंपरागत यानी निबंधात्मक प्रकार के होंगे। हर पेपर के लिए तीन घंटे का समय मिलेगा।

**HCSE का नया पैटर्न**
- अंग्रेजी का एक पेपर - 100 मार्क्स
- हिंदी का एक पेपर - 100 मार्क्स
- सामान्य अध्ययन के 4 पेपर - हर एक 100 मार्क्स

**हिंदी या इंग्लिश में लिखने का विकल्प:** भाषा या साहित्य के पेपर को छोड़कर उम्मीदवारों को सभी पेपरों के उत्तर हिंदी या अंग्रेजी में लिखने की छूट दी गई है। हालांकि किसी भी उम्मीदवार को एक ही पेपर में कुछ उत्तर हिंदी और कुछ अंग्रेजी में लिखने की अनुमति नहीं होगी।

सामान्य अध्ययन यानी जनरल स्टडीज के सभी पेपर द्विभाषी होंगे, यानी हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में तैयार किए जाएंगे। मुख्य लिखित परीक्षा के बाद व्यक्तित्व परीक्षा यानी इंटरव्यू होगा, जो 75 मार्क्स का होगा। मुख्य लिखित परीक्षा में शामिल किए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या विज्ञापित वेकेंसी की संख्या से 12 गुना होगी। इसी तरह व्यक्तित्व परीक्षा के लिए बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या विज्ञापित वेकेंसी की संख्या से तीन गुना होगी।

**45% मार्क्स, तभी मिलेगा इंटरव्यू:** नए नियमों के अनुसार किसी भी उम्मीदवार को व्यक्तित्व या मौखिक परीक्षा के लिए तब तक नहीं बुलाया जाएगा, जब तक उसने सभी लिखित पेपरों के कुल मार्क्स में कम से कम 45% मार्क्स हासिल न किए हों। इसके साथ ही हिंदी और अंग्रेजी भाषा के पेपर में अलग-अलग कम से कम 33 % मार्क्स लाना भी अनिवार्य होगा।


**पूर्व सैनिकों के लिए सभी पेपर देना जरूरी:** पूर्व सैनिकों और सैनिकों के आश्रितों को अब सभी छह पेपरों में बैठना अनिवार्य होगा। पहले इस संबंध में कुछ छूट की व्यवस्था थी, लेकिन नए नियमों में यह स्पष्ट कर दिया गया है कि उन्हें भी अन्य उम्मीदवारों की तरह सभी पेपर देने होंगे।

इसके अलावा, जहां बेंचमार्क दिव्यांगता वाले उम्मीदवार पर्याप्त संख्या में उपलब्ध नहीं होंगे, राज्य लोक सेवा आयोग 45% मार्क्स की उक्त सीमा को घटा कर 35% तक कर सकता है।

## विज ने CM को लिखा लेटर, कहा- जांच हो

# श्रम विभाग में ₹1500 करोड़ का 'फर्ज़ी वर्क स्लिप घोटाला'

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़



AI Image

**हरियाणा के** श्रम मंत्री अनिल विज के विभाग में करीब 1500 करोड़ रुपये के फर्जी वर्क स्लिप (कार्य स्लीप) घोटाले का खुलासा हुआ है। शुरुआती जांच में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां सामने आने के बाद विज ने सोमवार को मुख्यमंत्री नायब सैनी को पत्र लिखकर मामले की किसी बड़ी जांच एजेंसी से जांच कराने की मांग की है। यह घोटाला हरियाणा भवन व अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड से जुड़ा हुआ है, जहां लंबे समय से फर्जी तरीके से वर्क स्लिप जारी की जा रही थी।



अनिल विज, श्रम मंत्री

विज ने बताया कि बोर्ड की एक बैठक के दौरान सदस्यों की नियुक्ति और निर्माण श्रमिकों को मिलने वाली सरकारी योजनाओं के लाभ वितरण में गंभीर गड़बड़ियां सामने आई थीं। इसके बाद तत्काल जांच के आदेश दिए गए। शुरुआती जांच हिसार, कैथल, जींद, सिरसा, फरीदाबाद और भिवानी जिलों में कराई गई, जहां बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा पकड़ा गया। इसके बाद

- सवा दो लाख में से केवल 14 हजार श्रमिक मिले पात्र
- 13 जिलों में 5.46 लाख अवैध वर्क स्लिप पकड़ी गईं

राज्य के सभी जिला उपायुक्तों को जिला स्तरीय कमिटी बनाने के निर्देश दिए गए। इन कमिटियों में श्रम विभाग के अधिकारियों के साथ तीन अन्य अधिकारी शामिल हैं। समितियों द्वारा अगस्त 2023 से मार्च 2025 के बीच ऑनलाइन जारी की गई वर्क स्लिप का वेरिफिकेशन किया जा रहा है। यह प्रक्रिया करीब चार महीने पहले शुरू हुई थी और अब तक 13 जिलों में 100% वेरिफिकेशन पूरा हो चुका है।

विज के अनुसार करनाल, रेवाड़ी, नूंह (मेवात), महेंद्रगढ़, गुरुग्राम, झज्जर, पलवल, पानीपत, रोहतक, सोनीपत, पंचकूला, सिरसा और कैथल जिलों में कुल 5 लाख 99 हजार 758 वर्क स्लिप जारी की गई थीं। जांच में इनमें से 53 हजार 249 वर्क स्लिप ही सही पाई गईं, जबकि 5 लाख 46 हजार 509 वर्क स्लिप फर्जी निकलीं। इसी तरह 2 लाख 21 हजार 517 श्रमिक पंजीकरण में से सिर्फ 14 हजार 240 श्रमिक ही पात्र पाए गए, जबकि 1 लाख 93 हजार 756 रजिस्ट्रेशन फर्जी थे।

**विज बोले, सरकारी धन की खुली लूट:** अनिल विज ने कहा कि कई जगह पूरे-पूरे गांवों के नाम पर फर्जी पंजीकरण कर वर्क स्लिप बनाई गईं, ताकि अपात्र लोग सरकारी योजनाओं का फायदा ले सकें। एक श्रमिक को औसतन 2.5 लाख रुपये तक का लाभ मिलता है, जिससे सरकार को सैकड़ों करोड़ रुपये के नुकसान की आशंका है। उन्होंने इसे सरकारी धन की खुली लूट बताया।

**नए आवेदन पर रोक, जरूरी योजनाएं जारी:** जांच के दौरान नए आवेदन स्वीकार करने पर रोक लगा दी गई है। सरल केंद्रों को भी नए आवेदन न लेने के निर्देश दिए गए हैं। हालांकि, अनिल विज ने स्पष्ट किया कि पहले से स्वीकृत पेंशन योजनाएं जारी रहेंगी। मृत्यु, हादसे और अंत्येष्टि सहायता जैसी जरूरी योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर दिया जा रहा है।


# पानीपत-जींद फोरलेन सड़क का टेंडर जारी

■ NBT न्यूज, पानीपत: पानीपत से जींद तक सड़क को फोरलेन बनाने की योजना पर काम शुरू हो गया है। इस परियोजना का टेंडर जारी कर दिया गया है। हरियाणा के पंचायत एवं खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने रविवार शाम इसकी जानकारी दी। मंत्री ने बताया कि पहले चरण में पानीपत से दरियापुर मोड़ तक करीब 55 किमी. लंबी सड़क बनाई जाएगी। इस पर लगभग 53 करोड़ 91 लाख रुपये खर्च होंगे। यह काम लोक निर्माण विभाग (PWD) करेगा।

दूसरे चरण में दरियापुर मोड़ से जींद तक करीब 50 किलोमीटर सड़क का चौड़ीकरण किया जाएगा। इस पर 59 करोड़ 48 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। परियोजना के लिए 27 दिसंबर को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हुई एचपीपीसी बैठक में टेंडर प्रक्रिया शुरू करने का फैसला लिया गया था। सड़क निर्माण के दौरान पानी निकासी की भी उचित व्यवस्था की जाएगी। इस सड़क के बनने से इसराना, जींद जिला और करनाल के संत विधानसभा क्षेत्र के लोगों को खास फायदा होगा।

# स्क्वॉड का डॉग लापता, सिपाही को कोर्ट से राहत

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़



File

**हरियाणा पुलिस** के डॉग स्क्वॉड में शामिल डॉग के लापता होने की सूचना समय पर नहीं देने के मामले में हाईकोर्ट ने कॉन्स्टेबल को राहत दी है। पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने कॉन्स्टेबल पर लगाए गए जुर्माने को कम कर दिया है।

याचिकाकर्ता कॉन्स्टेबल जगमल सिंह जून 2000 में हिसार की CID यूनिट के डॉग स्क्वॉड में तैनात थे। डॉग स्क्वॉड की डॉग 'लाइका' 19 जून 2000 को पड़ोस में हो रही एक शादी के दौरान लापता हो गई थी। बाद में 20 जुलाई 2000 को उसे बरामद कर लिया गया। विभागीय जांच में यह साफ हुआ कि सिंह कुतिया के गुम होने के दोषी नहीं थे, लेकिन उन्होंने इस घटना की जानकारी समय पर अपने वरिष्ठ अधिकारियों को नहीं दी थी। इसी वजह से उन्हें सजा दी गई थी।

> डॉग 'लाइका' 2000 में एक शादी के दौरान लापता हो गई थी।

**हाई कोर्ट ने सजा घटाई:** शुरुआत में अनुशासनात्मक अधिकारी ने पांच वेतन वृद्धि स्थायी रूप से रोकने का आदेश दिया था, जिसे अपील में घटाकर दो कर दिया गया। हाईकोर्ट ने माना कि दी गई सजा गलती के अनुपात में ज्यादा थी।

हाई कोर्ट ने सजा को अस्थायी रूप से दो वेतन वृद्धि रोकने तक सीमित कर दिया। कोर्ट ने विभाग को छह महीने के भीतर बकाया राशि देने का निर्देश दिया है। देरी होने पर 7.5 प्रतिशत सालाना ब्याज भी देना होगा।

# रिटायरमेंट के बाद चार साल पुराने केस में चार्जशीट अवैध: हाई कोर्ट

## कोर्ट ने रिटायर्ड अफसर को ब्याज सहित भुगतान का आदेश दिया

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़



File

**पंजाब और** हरियाणा हाईकोर्ट ने एक रिटायर्ड अधिकारी के खिलाफ चार साल से ज्यादा पुराने मामले में जारी चार्जशीट को अवैध करार देते हुए रद्द कर दिया है। अदालत ने हरियाणा सरकार को निर्देश दिए हैं कि याचिकाकर्ता की रोकी गई लीव इनकैशमेंट की राशि 9% वार्षिक ब्याज के साथ चार हफ्ते के भीतर अदा की जाए। यह आदेश जस्टिस त्रिभुवन दहिया ने दिया। याचिकाकर्ता धर्मवीर सिंह सांगवान हरियाणा सरकार के तकनीकी शिक्षा विभाग के तहत सरकारी पॉलिटेक्निक शिक्षा सोसायटी, सांपी (रोहतक) में प्रिंसिपल के पद पर कार्यरत थे।

याचिकाकर्ता की ओर से सीनियर वकील दिव्यांशु जैन और अर्जुन सांगवान ने बताया कि धर्मवीर सिंह सांगवान 31 मार्च 2023 को रिटायर हुए थे। इसके करीब दो महीने बाद 29 मई 2023 को उनके खिलाफ चार्जशीट जारी की गई, जिसे उन्होंने हाई कोर्ट में चुनौती दी। चार्जशीट 2011 की एक घटना से जुड़ी थी। उस समय अनुसूचित जाति (SC) के स्टूडेंट्स के लिए चल रहे एक कोचिंग सेंटर के निरीक्षण को लेकर विभागीय निर्देश दिए गए थे। आरोप था कि 25 मार्च 2011 को भेजी निरीक्षण रिपोर्ट में छात्रों के नाम और पते अटेंडेंस रजिस्टर से मेल नहीं खाते थे और छात्रों की पहचान सही तरीके से नहीं हो पाई।

**नियमों का साफ उल्लंघन: कोर्ट**

**कोर्ट ने** कहा कि मामला 2011 का है, जबकि रिटायरमेंट 2023 में हुई और चार्जशीट भी उसी साल दी गई, जो नियमों का साफ उल्लंघन है। कोर्ट ने साफ किया कि सिर्फ FIR के आधार पर रिटायरमेंट लाभ नहीं रोके जा सकते, खासकर तब जब न तो आपराधिक मामले में चार्जशीट दाखिल हुई हो और न ही किसी अदालत ने संज्ञान लिया हो।

दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद हाईकोर्ट ने कहा कि विभागीय कार्यवाही की शुरुआत चार्जशीट जारी होने से मानी जाती है, न कि सतर्कता जांच शुरू होने से। अगर चार्जशीट रिटायरमेंट के बाद जारी की जाती है, तो यह केवल रिटायरमेंट से चार साल के भीतर की घटनाओं से ही संबंधित हो सकती है।

# हरियाणा की जेलों में अब सफाई करेंगे बड़े गैंगस्टर

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़

- जेलों में फैले भाई कल्चर को खत्म करने के लिए पहल।
- सभी कैदियों को साफ निर्देश दिए गए हैं कि कोई भी कैदी किसी बड़े गैंगस्टर की ड्यूटी नहीं करेगा।

**हरियाणा की** जेलों में बड़ा बदलाव लागू किया गया है। अब जेलों में बंद गैंगस्टरों को भी आम कैदियों की तरह काम करना होगा। गैंगस्टर अब जेल परिसर, बैरक और शौचालयों की सफाई कर रहे हैं। यह व्यवस्था प्रदेश की सभी जेलों में लागू कर दी गई है। उनके लिए भी अन्य कैदियों की तरह ड्यूटी चार्ट लागू किया गया है। यह जानकारी हरियाणा के डीजी जेल आलोक राय ने सोमवार को दी।

राय 31 दिसंबर को रिटायर हो रहे हैं। इससे पहले उन्होंने विभाग की रिपोर्ट जारी की। उन्होंने बताया कि जेलों में फैले भाई कल्चर को खत्म किया गया है। सभी कैदियों को साफ निर्देश दिए गए हैं कि कोई भी कैदी किसी बड़े गैंगस्टर की ड्यूटी नहीं करेगा। प्रदेश की सभी जेलों में गैंगस्टरों को कैदियों वाली वर्दी पहनना अनिवार्य कर दिया गया है। पहले जब गैंगस्टर पेशी पर जाते थे तो पीछे से गाने बजते थे और रील बनाई जाती थी। अब इस पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है। अब 81% मामलों में गैंगस्टरों की पेशी विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए करवाई जा रही है।


डीजी जेल ने बताया कि दो से तीन कुख्यात गैंगस्टरों को जेल में एक साथ रखा जा रहा है। गैंगस्टरों का जेलों में वर्चस्व खत्म करने के लिए प्रदेश में कुल 52 गैंगस्टरों की जेल बदली गई है। उन्होंने बताया कि जेल मुख्यालय के बाहर जेल में बने उत्पादों का एक आउटलेट खोला गया है। यहां फर्नीचर, बेकरी का सामान, एलोवेरा से बने उत्पाद सहित कई चीजें उपलब्ध हैं।

इसके अलावा हरियाणा की गुरुग्राम, अंबाला, करनाल, पानीपत और फरीदाबाद जेलों में वोकेशनल ट्रेनिंग और आईटीआई कोर्स शुरू किए जा चुके हैं। इन जेलों में कक्षाओं के लिए जरूरी उपकरण उपलब्ध करवा दिए गए हैं।

TIMES TRIBUTE
PAYING HOMAGE TO THE DEPARTED SOUL

To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) | Scan QR Code

UTHAONI
In loving memory of
Shri Ved Prakash Goyal



"Learn and Earn"

At our residence
"KASTURI"
45/2, Mall Road, Civil Lines
Delhi-110054
Grieving Family
Usha Goyal (Wife)
Son- Rohit Goyal & Daughter-in-law Kavika Goyal
Son-Rahul Goyal & Daughter-in-law Rishita Goyal
Daughter- Rohini Bhargava & Son-in-law Sumit Bhargava
Grandchildren
Arjun, Nakul, Rachit & Vidhi
Date: Tuesday, 30th December 2025
Time :- 3 PM To 4 PM
Contact: Rahul -9898111822
Nakul: 9650808493

करमों में सावधान होने में प्रसन्न रहना चाहिए।



SHRI JAGDISH CHANDRA GUPTA
30/12/1935-25/12/2019
Founder Chairman
Wonder Polymers (P) Ltd. (Est 1986)
A Visionary, A Pioneer, An Entrepreneur, A Humanitarian and a Leader of Outstanding Quality
We Live His Ethics, Principles, Pointings, Guidance to Create Most Economical, Effective + Efficient Bonding Solutions.
www.wppl.in

UTHALA



Mrs. Nisha Jain
*beloved wife of Late Mr. B. S. Jain, left for her heavenly abode peacefully on 27.12.2025.*
*Prayer meeting (Uthala) will be held on 31.12.2025 (Wednesday) at 11.00 AM at Sri Sathya Sai International Centre, Bhisham Pitamah Marg, Pragati Vihar, New Delhi - 110003.*
*Family and friends are requested to join in prayers for the departed soul.*
*Om Shanti*
*Neha Jain - Chintan Jain*
*Megha Jain - Amit Jain*
*Sonia Jain*
*Karnav Jain - Aishwarya Kaushal*
*Ahana, Anaya, Arushi, Vihaan*
*+91 98732 99981*

TO BOOK AN OBITUARY AD PLEASE CONTACT
VINOD : 99589 92088 & PANKAJ : 81306 04727

TIMES TRIBUTES
RATE CARD

| Publications | Rates per sq. cms |
|---|---|
| TOID Capital + NBT (Delhi+NCR) | 1295 |
| TOID Full Run ## + NBT (Delhi+NCR) | 1360 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi+NCR) | 780 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi) Full Run## | 900 |
| NAVBHARAT TIMES (Delhi+NCR) | 595 |
| THE ECONOMIC TIMES (Delhi+NCR) | 715 |
| SANDHYA TIMES (Delhi) | 100 |

Rates effective 5th June 2019

▸ *Placement on specified obit pages only. ▸ This rate benefit is extended up till the size of 320 sq. cm only. ▸ ## Full run includes Delhi City + NCR (Including Gurgaon + Noida) + Chandigarh + Western U.P. + Uttarakhand ▸ TOI Capital (Delhi & NCR) Includes TOI Gurgaon & TOI Noida.

To place an Obituary announcement or Remembrance message please call
Vinod: 9958992088
Pankaj : 8130604727

"HONOUR. COURAGE. BRAVERY. Three words that you taught us. Three words that help us cope with your loss."

The silent joy of remembering a loved one.
The moments you shared together.
Little moments that make life beautiful.
Share them. With Friends. Relatives. Neighbours. Colleagues. With all those whose lives the departed Soul has touched. Because while life goes on, when you share memories, they stay on forever.

| Publications | Total Outlay |
|---|---|
| The Times of India Delhi/NCR | 5,600 |
| TOI+NBT (Delhi/NCR) | 8,800 |
| TOI+ET (Delhi/NCR) | 6,600 |

REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES
For any information call
Vinod : 9958992088
Pankaj : 8130604727

# हादसे में बाइक सवार की मौत

■ NBT न्यूज, जींद: जींद के उचाना करसिंधु रोड पर सोमवार को तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार शख्स की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के परिवार की शिकायत पर फरार कार ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। करसिंधु गांव निवासी राजपाल (48) रविवार देर शाम उचाना से अपने घर लौट रहे थे। तभी रास्ते में तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। इसमें राजपाल गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां से डॉक्टरों ने उनकी गंभीर हालात देख पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। रास्ते में राजपाल ने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना पाकर उचाना थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। पुलिस जांच कर रही है।

> पुलिस ने फरार कार ड्राइवर के खिलाफ दर्ज किया केस

# धुंध और कोहरे से जनजीवन प्रभावित, फसलों को फायदा!

■ NBT न्यूज, जींद



NBT

जींद की सब्जी मंडी में सोमवार सुबह के समय सन्नाटा पसरा रहा।

**जींद में** पिछले कई दिनों से घनी धुंध और कोहरे का असर लगातार बना हुआ है। रविवार रात को पूरे इलाके में जबरदस्त कोहरा छाया रहा। सोमवार की सुबह भी ठंड, धुंध और कोहरे के साथ हुई। इसका सीधा असर आम लोगों की दिनचर्या और यातायात पर देखने को मिला। हाइवे और ग्रामीण सड़कों पर कोहरे के कारण विजिबिलिटी बहुत कम रही, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रही। हालांकि राहत की बात यह रही कि जिले में कोई बड़ा सड़क हादसा नहीं हुआ।

मौसम विभाग के अनुसार, अभी कुछ दिनों तक धुंध और कोहरे से राहत मिलने के आसार नहीं हैं। ठंड और धुंध के कारण लोग देर से घरों से निकल रहे हैं और जल्दी वापस लौट रहे हैं। यातायात के साधन भी देरी से अपने गंतव्य तक पहुंच रहे हैं, जिससे यात्रियों को परेशानी हो रही है।

**अस्पतालों में बढ़ी मरीजों की संख्या:** ठंड बढ़ने के साथ मौसमी बीमारियां भी बढ़ गई हैं। खांसी, जुकाम, बुखार और गले के संक्रमण से पीड़ित मरीज बड़ी संख्या में अस्पताल पहुंच रहे हैं।

**फसलों के लिए फायदेमंद मौसम:** जहां एक ओर ठंड और कोहरा आम लोगों के लिए परेशानी बना है, वहीं यह फसलों के लिए फायदेमंद साबित हो रहा है। कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार, ठंड और धुंध से गेहूं और बरसीम जैसी फसलों की बढ़वार अच्छी होगी। पांडु पिंडारा कृषि विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉ. राजेश ने किसानों को सलाह दी है कि वे शाम के समय हल्की सिंचाई करें और खाद डालें।

कोहरे और ठंड का असर जींद की सब्जी मंडी में भी दिखाई दे रहा है।

# NRI बुज़ुर्ग की ज़मीन हड़पने का आरोप, भाई-भतीजे पर केस

■ NBT न्यूज, करनाल


**करनाल के** इन्द्री थाना क्षेत्र के गुढ़ा गांव में एक NRI बुजुर्ग की करीब 9 एकड़ पुश्तैनी जमीन हड़पने का मामला सामने आया है। अमेरिका की नागरिकता प्राप्त जसपाल सिंह (74) ने अपने ही भाई, भतीजे और उनके साथियों पर धोखाधड़ी और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जसपाल ने बताया कि वह पिछले करीब 45 वर्षों से कनाडा और अमेरिका में रह रहे हैं और वर्तमान में अमेरिकी नागरिक हैं। पिता वसीयत उनके नाम कर गए थे। पिता की मौत के बाद गांव में करीब 9-9 एकड़ कृषि जमीन तीनों भाइयों के जॉइंट अकाउंट में दर्ज थी।

जसपाल के अनुसार, जुलाई 2025 में भी पंचायतें हुईं और जमीन जसपाल सिंह के नाम करने का फैसला हुआ, लेकिन जमीन ट्रांसफर नहीं की गई। जसपाल ने आरोप लगाया कि आरोपियों को पता था कि उनका वीजा खत्म होने वाला है, इसलिए जानबूझकर टालमटोल की गई। जसपाल के अनुसार 6 जनवरी 2020 को उनकी 9 एकड़ जमीन की ट्रांसफर डीड भाई बलजीत सिंह के नाम कर दी गई। उन्हें भारतीय नागरिक दिखाकर रजिस्ट्री करवाई गई, जबकि वह अमेरिका के नागरिक हैं। मार्च 2025 में भारत लौटने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई।

**पैसे हड़पने, फर्जी साइन करवाने का भी आरोप**

**जसपाल** ने बताया कि 2018 में भारत आने पर वह भाई और भतीजे के पास ठहरे। चंडीगढ़ की जमीन बेचकर मिले 35 लाख रुपये में से 27 लाख रुपये अलग-अलग बहानों से हड़प लिए गए। आरोप है कि 2 जुलाई 2018 को, अमेरिका लौटने के दिन, उन्हें कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिलाया गया और खाली व टाइप किए कागजातों पर साइन करवा लिए गए।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 30-12-2025 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP3 User: vivek.kumar4 Time: 12-29-2025 22:23 Color:



# Shri Devendra Kumar Jain

(02.03.1929 – 29.12.2025)

## In loving memory of a life well lived

At 96, he leaves behind not just years, but a legacy — of wisdom, warmth and an unwavering love for family. A man who was truly an institution in himself, he lived with dignity, generosity and an infectious warmth that touched everyone around him.

Rooted in Jain values, he was always guided by the philosophy of

*"ahimsa parmo dharma"*

## We revere and remember our dearest "Babuji"

Pavan and Nayantara Jain
Siddharth and Ishita Jain
Shreyasi and Punit Goenka
Anandini, Vivardhan, Udayan, Araadhya, Varenyaa and Nairiti

Vivek and Nandita Jain
Devansh and Avarna Jain
Devika and Ambuj Chaturvedi
Shivranjini, Jayaditya, Aryavardhan and Aavya

Manju and Arun Jain
Gaurav and Aparajita Jain
Sonali Jain

Lata and Madhusudan Rungta
Pranav and Devika Rungta

Kapoor Chand Jain
Subodh Kumar and Shrija Jain

**Entire Siddho Mal Parivar**

INOX Group


INOXGFL GROUP
BEYOND INFINITY

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 30-12-2025 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP4 User: cci Time: 12-29-2025 22:15 Color:



## उन्नाव रेप केस में सेंगर की ज़मानत पर SC की रोक, जेल से रिहा नहीं होगा

# POCSO कानून के तहत 'लोक सेवक' की परिभाषा क्या होगी, तय करेगा SC



**सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाई कोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें सेंगर की उम्रकैद की सजा को सस्पेंड किया गया था। वह जेल से बाहर नहीं आएगा। कोर्ट ने POCSO कानून के तहत 'लोक सेवक' की परिभाषा को लेकर जरूरी कानूनी सवाल उठाए। कोर्ट ने कहा कि अगर ड्यूटी के दौरान एक कॉन्स्टेबल या सेना अधिकारी को लोक सेवक माना जाता है, तो एक निर्वाचित विधायक को इससे बाहर रखना गंभीर विचार का विषय है।**

Rajesh.Choudhary@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली हाई कोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी जिसमें 2017 के उन्नाव रेप मामले में बीजेपी से निष्कासित नेता कुलदीप सिंह सेंगर की उम्रकैद की सजा को सस्पेंड कर दिया गया था। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि सेंगर को जेल से रिहा नहीं किया जाएगा। जस्टिस जे.के. महेश्वरी ने सवाल उठाया कि हाई कोर्ट के सजा निलंबन आदेश में यह स्पष्ट रूप से क्यों नहीं देखा गया कि सेंगर IPC की धारा 376(2)(1) के तहत दोषी है या नहीं। अब इस मामले में आगे की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में होगी, जहां यह तय होगा कि POCSO कानून के तहत 'लोक सेवक' की परिभाषा क्या होगी और ऐसे मामलों में सजा निलंबन के मानदंड क्या होने चाहिए। अदालत ने आगे कहा कि पीड़िता को अलग से विशेष अनुमति याचिका (SLP) दायर करने का वैधानिक अधिकार है और इसके लिए उसे इस कोर्ट से अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं है। अगर उसे विधिक सहायता की आवश्यकता हो, तो सुप्रीम कोर्ट लीगल सर्विसेज कमिटी उसे फ्री कानूनी मदद दी जाएगी। पीड़िता अपने स्वयं के अधिवक्ता के माध्यम से भी अपील दायर कर सकती है। शीर्ष अदालत में दायर अपनी अपील में CBI ने एल.के. आडवाणी मामले में दिए गए अपने फैसले का हवाला दिया, जिसमें कहा गया था कि सांसदों या विधायकों जैसे सार्वजनिक पद धारण करने वाले किसी भी व्यक्ति को लोक सेवक माना जाएगा। CBI ने तर्क दिया कि हाई कोर्ट ने यह घोषित करके गलती की कि अपराध के समय विधायक रहे सेंगर को POCSO अधिनियम के तहत अभियोजन के लिए पब्लिक सर्वेंट नहीं माना जा सकता और उन्हें जमानत दे दी।

## सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई के अंश


■ **CBI की ओर से सॉलिसिटर जनरल (SG) तुषार मेहता:** यह एक बच्ची के साथ हुए रेप का अत्यंत भयावह मामला है। इस मामले में भारतीय दंड संहिता (IPC) की धारा 376 और POCSO एक्ट की धारा 5 और 6 के तहत आरोप तय किए गए थे। दोषसिद्धि दो आधारों पर हुई है। एक स्पष्ट निष्कर्ष दर्ज किया गया है कि बच्ची की उम्र 16 वर्ष से कम थी और वह 15 वर्ष 10 महीने की थी। इस दोषसिद्धि के खिलाफ अपील पेंडिंग है।

■ **जस्टिस जे.के. महेश्वरी:** धारा 376 पर विचार किया जा चुका है।

■ **SG:** धारा 376 के दो भाग हैं। उसे बलात्कार के अपराध में दोषी ठहराया गया है, जो धारा 375 के अंतर्गत आता है। इसके बाद वह स्थिति आती है जहां अपराध करने वाला व्यक्ति प्रभुत्वशाली स्थिति में होता है। ऐसे मामलों में न्यूनतम सजा 20 वर्ष का कारावास है, जो आजीवन कारावास (ताउम्र यानी जब तक जीवन है) तक बढ़ाई जा सकती है।

■ **CJI सूर्यकांत:** आप कह रहे हैं कि यह धारा 376(2)(1) के अंतर्गत आता है। मान लीजिए कि पीड़िता नाबालिग न भी हो, तब भी धारा 376 के तहत न्यूनतम सजा लागू होगी?

■ **SG:** अब इसमें संशोधन हो चुका है, जिसमें न्यूनतम सजा 20 वर्ष निर्धारित की गई है। धारा 376 के तहत चाहे (i) हो या (ii) दोनों में आजीवन कारावास का प्रावधान है। इसमें 20 वर्ष की सजा या बायोलॉजिकल लाइफ की आजीवन कारावास की सजा का प्रावधान है।


File

■ **CJI:** क्या आप यह कह रहे हैं कि अगर पीड़िता नाबालिग हो, तो 'लोक सेवक' की अवधारणा अप्रासंगिक हो जाती है?

■ **SG:** हां। दरअसल, यह मामला पेनेट्रेटिव सेक्सुअल असॉल्ट से जुड़ा है, जो अपने आप में एक स्वतंत्र अपराध है और जिसकी सजा का प्रावधान धारा 4 में किया गया है। संशोधन के बाद कुछ विशेष परिस्थितियों में इसे गंभीर (एग्रेवेटेड) अपराध माना गया है। ये वे स्थितियां हैं, जहां आरोपी पीड़ित पर प्रभुत्वशाली स्थिति में होता है। उदाहरण के तौर पर, अगर ड्यूटी के दौरान कोई कॉन्स्टेबल या सेना अधिकारी ऐसा कृत्य करता है तो वह 'गंभीर पीन ट्रेशन' का दोषी होगा। इस धारा में 'लोक सेवक' की परिभाषा अलग से नहीं दी गई है, बल्कि इसे आईपीसी से लिया गया है। बाद के संशोधन केवल सजा बढ़ाते हैं, नया अपराध नहीं बनाते, इसलिए अनुच्छेद 20 का उल्लंघन नहीं होता।

**CJI सूर्यकांत:** नोटिस जारी किया जाए। हमने CBI की ओर से सॉलिसिटर जनरल मेहता और दोषी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ताओं को सुना है। हमें प्रतीत होता है कि इस मामले में कई महत्वपूर्ण लीगल सवाल खड़े होते हैं। चार सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल किया जाए। हम इस तथ्य से अवगत हैं कि जब किसी दोषी या विचाराधीन कैदी को रिहा कर दिया गया हो, तो इस न्यायालय द्वारा ऐसे आदेशों पर संबंधित व्यक्ति को सुने बिना रोक नहीं लगाई जाती। लेकिन इस मामले के विशिष्ट तथ्यों को देखते हुए- जहां दोषी एक अलग अपराध में भी दोषसिद्ध है, हम दिल्ली हाईकोर्ट के 23 दिसंबर 2025 के आदेश के संचालन पर रोक लगाते हैं। ऐसे में प्रतिवादी (सेंगर) को उक्त आदेश के आधार पर रिहा नहीं किया जाएगा।

■ **CJI:** तो आपका कहना है कि लोक सेवक वह व्यक्ति है जो उस समय प्रभुत्वशाली स्थिति में हो। यानी आप यह तर्क दे रहे हैं कि जब कोई व्यक्ति किसी सहायता के लिए किसी विधायक के पास आता है, तो उस समय किया गया ऐसा कृत्य प्रभुत्वशाली स्थिति में किया गया माना जाएगा और ऐसा कोई भी कृत्य 'गंभीर अपराध' होगा। यही आपका तर्क है।

■ **SG:** तर्क के लिए ही सही हम यह मान लें कि वह धारा 5 के तहत लोक सेवक नहीं है। तब भी वह धारा 3 के अंतर्गत आएगा। संशोधन ने कोई नया अपराध नहीं बनाया है, बल्कि केवल सजा को कठोर किया है।

■ **CJI:** यह मामला लीगल सवाल उठा रहा है और जिन हाईकोर्ट के जजों ने यह आदेश पारित किया है, वे अत्यंत उत्कृष्ट जज हैं। लेकिन हम सभी से त्रुटियां हो सकती हैं। POCSO के तहत 'लोक सेवक' की इस परिभाषा को देखना होगा। हमें यह चिंता है कि अगर एक कॉन्स्टेबल को इस अधिनियम के तहत लोक सेवक माना जाए, तो एक विधायक को इससे बाहर कर दिया जाए?

■ **सेंगर की ओर से पेश वकील सिद्धार्थ दवे, एन. हरिहरन:** CBI की दलीलों का विरोध करते हुए कहा कि POCSO अधिनियम के तहत गंभीर अपराध के लिए किसी विधायक को लोक सेवक नहीं माना जा सकता। उनका तर्क था कि कोई भी दंड विधि तब तक किसी अन्य कानून से परिभाषा नहीं ले सकती, जब तक कानून में ऐसा स्पष्ट रूप से न कहा गया हो और IPC में लोक सेवक की अपनी अलग व्यवस्था है। उन्होंने यह भी कहा कि ट्रायल के दौरान जो आरोप तय किए गए और जिनका उत्तर दिया गया, वे IPC की धारा 376(1) के अंतर्गत थे। क्या यह मीडिया ट्रायल है? हाई कोर्ट के जजों की तस्वीरें प्रसारित की जा रही हैं।

## कोर्ट के फैसले से पीड़िता खुश

## 'लड़ाई जारी रहेगी, सेंगर को मिले फांसी की सज़ा'


File

पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए कई संगठनों ने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया था।

■ आईएएनएस, नई दिल्ली

**पीड़ित परिवार** ने सुप्रीम कोर्ट के स्टे ऑर्डर पर खुशी जताई है। पीड़िता ने कहा, 'मैं कोर्ट के फैसले से बहुत खुश हूं। सुप्रीम कोर्ट से मुझे न्याय मिला और पूरा भरोसा है कि आगे भी मिलता रहेगा। मैं इस लड़ाई को लगातार लड़ती रहूंगी और यह सुनिश्चित करूंगी कि उसे फांसी की सजा मिले तभी हमारे परिवार को सच्चा न्याय मिलेगा। मैं उन सभी की आभारी हूं जो मेरे साथ खड़े रहे और मुझे न्याय दिलाने में मदद की। मेरे पिता की आत्मा को तभी शांति मिलेगी, जब कुलदीप सिंह सेंगर को फांसी होगी।'

पीड़िता की मां ने भी कहा कि मैं इस फैसले के लिए सुप्रीम कोर्ट को धन्यवाद देना चाहती हूं। सुप्रीम कोर्ट ने मेरे साथ न्याय किया है। मुझे हमेशा से कोर्ट पर भरोसा था इसलिए कहती थी कि हम सुप्रीम कोर्ट जाएंगे।

### 'अब हमें राहत मिली'

पीड़िता की मां ने कहा कि हम हाई कोर्ट पर कोई इल्जाम नहीं लगा रहे। लेकिन उन्होंने मेरा भरोसा तोड़ा और हमारे साथ अन्याय किया। जब मुझे इंसाफ नहीं मिला, तब हम चिल्लाए। मेरे बच्चे सड़कों पर आ गए लेकिन अब राहत मिली है। सरकार जो फैसला करेगी अच्छा ही करेगी।

### 'कोर्ट का धन्यवाद'

पीड़िता के वकील हेमंत कुमार मौर्य ने कहा, 'मैं सुप्रीम कोर्ट को धन्यवाद देना चाहता हूं। आज कोर्ट ने कहा कि किसी भी हालत में सेंगर को जेल से निकलने नहीं दिया जा सकता। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को अब भी धमकी मिल रही है, लेकिन उन्हें न्यायपालिका पर भरोसा है।'

## सेंगर की बेटी बोली- थकी हुई, डरी हूं

■ **NBT रिपोर्ट:** सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद कुलदीप सिंह सेंगर की बेटी इशिता सेंगर ने पोस्ट लिखा। उन्होंने खुद को 'थकी हुई, डरी हुई और धीरे-धीरे भरोसा खोती हुई' बताया है। TOI की रिपोर्ट के अनुसार, इशिता ने लिखा कि वह एक बेटी के रूप में यह पोस्ट लिख रही हैं, जो अब भी उम्मीद थामे हुए हैं, क्योंकि उनके पास कोई और रास्ता नहीं बचा। उन्होंने बताया कि उनका परिवार बीते आठ वर्षों से चुपचाप न्याय व्यवस्था पर भरोसा करते हुए इंतजार करता रहा। उन्होंने कहा कि उनके परिवार ने सार्वजनिक विरोध इसलिए नहीं किया क्योंकि वे संस्थाओं में विश्वास रखते थे। उन्होंने लिखा कि उन्हें राजनीतिक पहचान के कारण 'ताकतवर' कहा गया, लेकिन आठ साल तक उनकी आवाज नहीं सुनी गई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इस दौरान उनका परिवार आर्थिक, मानसिक और शारीरिक रूप से टूट गया। उन्होंने सोशल मीडिया पर मिलने वाली धमकियों का भी जिक्र किया और कहा कि वर्षों तक उन्हें रेप और जान से मारने की धमकियां मिलीं। उन्होंने चिंता जताई कि कहीं डर और जनभावना तथ्यों और कानूनी प्रक्रिया पर हावी न हो जाए। उन्होंने साफ किया कि यह पत्र किसी सहानुभूति या विशेष सुविधा के लिए नहीं है, बल्कि केवल न्याय की मांग है।

**उन्होंने सोशल मीडिया पर मिलने वाली धमकियों का भी जिक्र किया**

## शोर नहीं, विश्लेषण करेगा 'चक्रव्यूह'

■ NBT रिपोर्ट: टाइम्स नेटवर्क के हिंदी समाचार चैनल टाइम्स नाउ नवभारत ने अपने नए प्राइम-टाइम शो 'चक्रव्यूह' के लॉन्च की घोषणा की है। यह शो सोमवार से शुक्रवार शाम प्रसारित होगा। 'चक्रव्यूह' का उद्देश्य शोर-शराबे से हटकर तथ्यों पर आधारित, स्पष्ट और विश्लेषणात्मक पत्रकारिता प्रस्तुत करना है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय और भू-राजनीतिक मुद्दों सहित अहम खबरों की कवरेज की जाएगी। अत्याधुनिक ग्राफिक्स और विजुअल्स के जरिए जटिल विषयों को सरल तरीके से दर्शकों तक पहुंचाया जाएगा। साथ ही, युवा वर्ग, नागरिक सरोकारों और डिजिटल प्लेटफॉर्म से उभरने वाली खबरों पर विशेष फोकस रहेगा, जिन्हें पूरी फैक्ट-चेकिंग के बाद ही प्रसारित किया जाएगा।

## असम ही नहीं, पूरे भारत में बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान करेंगे: शाह

■ पीटीआई, बोरदुवा (असम)

**केंद्रीय गृह** मंत्री अमित शाह ने सोमवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस असम के लोगों, उनकी संस्कृति, भूमि और पहचान के लिए खतरा पैदा करने वाले बांग्लादेशी घुसपैठियों को अपना वोट बैंक मान रही है। शाह ने यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार न केवल असम, बल्कि पूरे भारत में सभी बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न केवल 'असमिया लोगों की सांस्कृतिक पहचान की सुरक्षा सुनिश्चित की है, बल्कि राज्य के सर्वांगीण विकास पर भी ध्यान दिया है।'

गृह मंत्री ने नगांव जिले में वैष्णव संत श्रीमंत शंकरदेव के जन्मस्थान, बटद्रवा थान की 227 करोड़ रुपये की लागत वाली पुनर्विकास परियोजना का शुभारंभ किया। शाह ने कहा कि श्रीमंत शंकरदेव की जन्मभूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराना एक ऐतिहासिक अवसर है। उन्होंने कहा, 'मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने बांग्लादेशी घुसपैठियों से एक लाख बीघा से अधिक भूमि मुक्त कराई है।' उन्होंने रैली में उपस्थित लोगों से कहा, 'बीजेपी को असम को घुसपैठियों से मुक्त करने के लिए पांच साल का और समय दीजिए।' गृहमंत्री ने कहा, 'हम न केवल असम, बल्कि पूरे भारत में सभी बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान करेंगे।' उन्होंने कहा कि शंकरदेव ने 'एक भारत' का आह्वान किया था, जिसका प्रधानमंत्री अब अनुसरण कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'प्रधानमंत्री ने असम में शांति और विकास सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए हैं, जो न केवल कागजों पर बल्कि वास्तविकता में भी साकार हो रहे हैं।'



'ज्योति-विष्णु अंतर्जात कला मंदिर' का अमित शाह ने शुभारंभ किया।

## महाराष्ट्र: चुनाव में अजित-शरद पवार का गठबंधन



■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार ने रविवार को पिंपरी-चिंचवाड़ नगर निगम चुनाव के लिए अपनी नैशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (NCP) और NCP (शरदचंद्र पवार) गुट के बीच गठबंधन की घोषणा की। उन्होंने कहा कि नगर निगम चुनाव के लिए 'घड़ी' और 'तुतारी' एकसाथ आ गए हैं। अजित पवार पिंपरी-चिंचवाड़ में एक चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नगर निगम चुनाव के लिए उम्मीदवारों की लिस्ट तय करते समय दोनों गुटों ने साथ मिलकर चुनाव लड़ने का फैसला किया है। इससे एक बार फिर परिवार एकजुट हो गया है।

## सिलिगुड़ी गलियारा 78 साल पुरानी विसंगति: सद्गुरु

■ **NBT रिपोर्ट:** ईशा फाउंडेशन के संस्थापक सद्गुरु ने सिलिगुड़ी गलियारे को भारत के विभाजन से उपजी 78 वर्ष पुरानी विसंगति बताते हुए कहा कि इसे 1971 में ही ठीक किया जाना चाहिए था। बेंगलुरु में आयोजित सत्संग के दौरान उन्होंने कहा कि 'चिकन नेक' कहलाने वाला यह संकीर्ण भू-भाग भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ता है और सामरिक दृष्टि से बेहद संवेदनशील है। सद्गुरु ने कहा कि 1946-47 में भले ही भारत के पास इसे सुधारने का अधिकार न रहा हो, लेकिन 1971 के बांग्लादेश मुक्ति युद्ध के बाद यह अवसर मौजूद था। बाद में एक्स पर लिखा कि अब समय आ गया है कि इस 'चिकन नेक' को पोषण देकर 'हाथी' बनाया जाए।



TIMES interact — Connecting People, Connecting Needs.
To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) | Scan QR Code

टेंडर और नोटिस

निविदाएं (टेंडर्स)

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
दबावग्रस्त आस्ति प्रबंधन वर्टिकल, केन्द्रीय कार्यालय 239, विधान भवन मार्ग, नरीमन पॉइंट, मुंबई - 400 021
अभिरुचि की अभिव्यक्ति (Expression of Interest)
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा निर्गत आधार पर गैर निष्पादक आस्तियों (NPAs) के विक्रय के लिए पात्र एआरसी (ARCs)/ बैंक (Banks)/एनबीएफसी(NBFCs) /एफआई (FIs) / एआईएफ (AIFs) से अभिरुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है, खातों की सूची के साथ विस्तृत बोली के लिए अनुरोध (Request for Bid) बैंक की वेबसाइट www.unionbankofindia.bank.in/tenders&empanelment/view auction notice पर उपलब्ध है।
वर्टिकल प्रमुख
(दबावग्रस्त आस्ति प्रबंधन)

पंजाब नैशनल बैंक
ई-निविदा सूचना
https://pnbindia.in/tender.aspx
https://pnbindia.in/tender.aspx
आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि: 29/01/2026
सहायक महाप्रबंधक
अंचल कार्यालय दिल्ली

निविदा सूचना
सिद्धार्थ कुंज को-ऑपरेटिव ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी लिमिटेड, प्लॉट नं.-17, सेक्टर-7, द्वारका, नई दिल्ली-110075 ...
आवश्यक / सचिव,
सिद्धार्थ कुंज CGHS लिमिटेड को 27/01/2026 तक अथवा उससे पूर्व जमा कर सकते हैं। इच्छुक पक्ष 05/01/2026 से 20/01/2026 के मध्य अपना नाम, पता तथा संपर्क फोन / मोबाइल नंबर ई-मेल द्वारा भेजकर ...
siddharthakunj@gmail.com पर अनुरोध कर सकते हैं।
प्राप्त प्रस्तावों के विस्तृत मूल्यांकन के पश्चात योग्य वास्तुकार एवं/अथवा डिज़ाइनर को सोसाइटी द्वारा कार्य प्रदान किया जाएगा।

व्यक्तिगत

नाम परिवर्तन

I Have Changed My Name From Yodhvir Singh Saini To Yudhvir Singh Saini As Per Documents

I, Poonam, W/o Kavish Aggarwala R/o- House no 76, Anand Niketan, Raipur Road, Near Kainchi Chowk, Opposite Medical Factory, Hisar Haryana, Pin - 125001 have changed my name to Poonam Bishnoi Aggarwala for all purposes. for all future purposes.

I Vishal Maurya R/o 130/356, Bagahi Bhatta TP Ngr Kanpur U.P have changed my Daughter's name from Vaishaly Maurya to Vaishali Maurya

I, Seema W/o Amit Kumar R/o J-901, 9th Floor, French Apartments, Sector-16B, Greater Noida West, Gautam Buddha Nagar, UP-201307 Have Changed My Name From Seema to Seema Lalwani for All Purposes.

खोया एवं पाया

I, Kamal Mohan Puri S/o Late Hari Dev Puri R/o IC/38, New Rohtak Road, Karol Bagh, New Delhi-110005, have lost the Allotment letter and some Payment receipts of the Property Unitech Habitat, Apartment no. 002, Ground floor, Tower -9, Sector Pi-2, Greater Noida, Distt. Gautam Budh Nagar, Noida - 201308 (UP), Finder cont: 9810244443

LOST: Ravi C.G.H.S. Ltd Share Certificate & other documents. Ravi Kumar Malhotra, 17-A Raavi Apt, Vikas Puri. 9810616583

BOOK YOUR TENDER & NOTICE ADS
For booking please contact Aman : 9312633518

HEALTH & WELLNESS

सैक्स समस्याएं
मर्दाना कमजोरी शीघ्र पतन शुक्राणु की कमी गुप्त रोगी मिलें:
नवीन क्लीनिक
PNB BANK
9811564909
9210990444

SEX PROBLEMS?
सैक्स समस्याएं कैसी भी स्त्री-पुरुष-कमजोरी (सफेद पानी)
बे-औलाद?
मिलें-सलाह लें
कौशिक क्लिनिक Since-1986
9810-272-172

सेहत बनायें वजन बढ़ायें
और 15 ही दिन में फर्क देखें
₹655
घर बैठे दवा मंगवायें
सन्यासी आयुर्वेदा
• मंगोलपुरी • कालकाजी
फ्री सलाह: 8527001155

36 वर्षों के अनुभवी
सैक्स समस्याएं
मर्दाना कमजोरी, शीघ्र पतन, शुक्राणु की कमी, गुप्त रोगी मिलें
आजाद क्लीनिक
मेन रोहतक रोड, मुल्तानी गली, नांगलोई, दिल्ली-41
9873144909
9821124909

BOOK YOUR EDUCATION ADS
PLEASE CONTACT AMIT : 9811790649
TO BOOK ONLINE LOG ON TO
ads.timesofindia.com

TIMES interact
TO ADVERTISE IN THE CLASSIFIEDS SECTION, FOR ANY OF THE BELOW MENTIONED CATEGORIES
PROPERTY
MATRIMONIAL
BUSINESS
RECRUITMENT, EDUCATION
CHANGE OF NAME, LOST & FOUND
SHOPPING
TENDER, PUBLIC NOTICE
SERVICES, VEHICLES, TRAVEL
BIRTHDAY/ ANNIVERSARY ADS
Please call us at the below mentioned nos.

| Area / Zone | Contact Person | Mobile No. |
|---|---|---|
| Central Delhi1 + North Delhi | Amit Ghosh | 98117 90649 |
| Central Delhi2 + Ghaziabad + East Delhi | Sunil Srivastava | 99994 99496 |
| South Delhi + Faridabad + Noida | Raghav Arora | 99999 95460 |
| West Delhi + Dwarka + Gurgaon | Aman Pasricha | 93126 33518 |

THE TIMES OF INDIA
Readers are recommended to make appropriate enquiries and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
ई-निविदा आमंत्रण सूचना
कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड के मुख्य वाणिज्य प्रबंधक, आईआरईपीएस पोर्टल पर ई-निविदा के ज़रिए दो-पैकेट सिस्टम के तहत सक्षम और आर्थिक रूप से मज़बूत पार्टियों से "कोलाड और सूरतकल स्टेशनों के बीच कोंकण रेलवे पर रोल-ऑन-रोल-ऑफ (रोरो) सेवा की मार्केटिंग और संचालन" के लिए खुली निविदा आमंत्रित करते हैं, जिसकी अवधि एक साल है जिसे और एक साल के लिए बढ़ाया जा सकता है। **निविदा सूचना क्र: सीओ-16011-3-2023-सीओएमएम-2025, दिनांक 26.12.2025. ऑनलाइन ऑफ़र जमा करने की अंतिम तिथि/ समय:** 27.01.2026 दोपहर 15:00 बजे तक। हस्तलिखित निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएंगी। विस्तृत जानकारी / सहभागिता के लिए कृपया **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर देखें। यदि कोई शुद्धिपत्र / परिशिष्ट होगा, तो उसे केवल इसी वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी।

कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
रोज़गार अधिसूचना
कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने अभियांत्रिकी विभाग में सहायक अभियंता पद के लिए निश्चित अवधि के अनुबंध के आधार पर **वॉक-इन-इंटरव्यू** के ज़रिए रोज़गार अधिसूचना जारी किया है। विवरण इस प्रकार हैं:
**रोज़गार अधिसूचना सं. सीओ/पी-आर/13सी/2025 दिनांक 19.12.2025**

| क्र. सं. | पद का नाम | यूआर | कुल पदों की संख्या | वॉक-इन-इंटरव्यू की तारीख |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सहायक अभियंता | 1 | 1 | 06.01.2026 |

उम्मीदवार अधिसूचना, पात्रता मापदंड इ. की विवरण के लिए केआरसीएल की वेबसाइट **www.konkanrailway.com** पर लिंक → भर्ती → वर्तमान अधिसूचना पर देख सकते हैं और आवेदन कर सकते हैं।
मुख्य कार्मिक अधिकारी

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 30-12-2025 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP5 User: cci Time: 12-29-2025 22:19 Color:



# आज और कल रहेगा कोहरे का कोहराम

## ऑरेंज अलर्ट



**50** मीटर विजिबिलिटी रही सोमवार सुबह पालम इलाके में

**3:00** घंटे के लिए मौसम विभाग ने कल जारी किया था रेड अलर्ट


■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**राजधानी दिल्ली** में कोहरे का असर अब तेज हो गया है। आज और कल कोहरा लोगों की परेशानी बढ़ाएगा। मौसम विभाग (IMD) ने मंगलवार के लिए ऑरेंज और बुधवार के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। इसके बाद एक जनवरी को हल्की बारिश या बूंदाबांदी की संभावना जताई गई है। ऐसे में नए साल पर ही कोहरे और स्मॉग से कुछ राहत मिलने की उम्मीद है। रविवार रात से ही कोहरा घना होने लगा था। सोमवार सुबह 8 बजे तक पालम और सफदरजंग इलाके में विजिबिलिटी घटकर सिर्फ 50 मीटर रह गई। साढ़े 8 बजे के बाद हालात में थोड़ा ही सुधार हुआ। इसे लेकर मौसम विभाग ने 3 घंटे के लिए रेड अलर्ट भी जारी किया।

**रविवार रात से ही कोहरने ने किया परेशान**

सोमवार को न्यूनतम तापमान रविवार की तुलना में करीब दो डिग्री बढ़कर 8.3 डिग्री रहा। यह सामान्य से 1.5 डिग्री ज्यादा है। अधिकतम तापमान सामान्य के करीब 20.3 डिग्री दर्ज किया गया। हवा में नमी का स्तर 72 से 100 फीसदी के बीच रहा। पालम में अधिकतम तापमान 18 डिग्री, राजघाट में 16.8, मयूर विहार में 16.7, गुरुग्राम और गाजियाबाद में 16.6 डिग्री दर्ज किया गया। विभाग के अनुसार मंगलवार को हल्के बादल छाए रहेंगे। ज्यादातर इलाकों में कोहरा रहेगा जबकि कुछ जगहों पर घना से बेहद घना कोहरा छाया रह सकता है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 21 और न्यूनतम 8 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है। 31 दिसंबर को भी हालात ऐसे ही रहेंगे।

1 जनवरी को हल्के बादल रहेंगे और कुछ जगहों पर हल्की बारिश हो सकती है। इसके बाद 2 से 4 जनवरी के बीच मौसम साफ रहने और हल्का कोहरा रहने की संभावना है। स्काईमेट के अनुसार हवाओं की धीमी रफ्तार, ज्यादा नमी और कम तापमान से दिल्ली-एनसीआर में घना कोहरा बना हुआ है।




# घने कोहरे ने कराया इंतज़ार, 128 उड़ानें रद्द

Photos : PTI

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**हफ्ते के** पहले ही दिन घने कोहरे ने लोगों को परेशान किया। दिल्ली एयरपोर्ट से 128 उड़ानें रद्द हुईं। इनमें 64 डिपार्चर और 64 अराइवल थे। करीब 200 उड़ानें लेट हुईं, तो 8 फ्लाइट को डाइवर्ट करना पड़ा। ज्यादातर उड़ानें तड़के और सुबह कैंसल हुईं। सोमवार को बहुत कम विजिबिलिटी थी, पालम में यह सिर्फ 50 मीटर थी। दिल्ली एयरपोर्ट प्रशासन ने बताया कि कोहरे की वजह से सुबह लो विजिबिलिटी प्रोसिजर (LVP) अपनाए गए, CAT 3 कंडीशन पर उड़ानें संचालित की गईं। जिन उड़ानों के लिए CAT 3 कंडीशन नहीं थी, उन पर खासतौर पर असर पड़ा और कई उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। हालांकि, दोपहर बाद स्थिति कुछ सुधरी मगर फिर भी लैंडिंग और टेकऑफ में देरी हुई।

फ्लाइट पर कोहरे के असर की वजह से यात्री काफी परेशान रहे। कई यात्रियों की शिकायत रही कि एयरलाइंस से उन्हें साफ जानकारी नहीं मिल पा रही है। कुछ यात्रियों ने कहा है कि फ्लाइट कैंसल या री-शेड्यूल होने से उन्हें एयरपोर्ट पर लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। हालांकि, इंडिगो, एयर इंडिया समेत कई एयरलाइंस का कहना है कि यात्रियों को मैसेज भेजे जा रहे हैं। वहीं, दिल्ली एयरपोर्ट प्रशासन ने कहा कि जिन उड़ानों में CAT-3 तकनीक नहीं है, उनके देर से चलने या रद्द होने की संभावना ज्यादा है। ग्राउंड टीम फंसे हुए यात्रियों को जरूरी सुविधा भी दे रही है। यात्रियों से दिल्ली एयरपोर्ट प्रशासन ने एडवाइजरी जारी कर कहा कि वो एयरपोर्ट के लिए निकलने से पहले अपनी एयरलाइंस से फ्लाइट की स्थिति जरूर पता कर लें। सोमवार को एयरपोर्ट प्रशासन ने यात्रियों के लिए सुबह से ही कई अलर्ट जारी किए। एयर इंडिया, इंडिगो समेत कुछ एयरलाइंस ने भी यात्रियों को अलर्ट कर कहा कि यात्रियों की सुरक्षा और लंबे इंतजार से बचने के लिए उड़ानें रद्द की गई हैं, यात्री एयरपोर्ट निकलने से पहले अपनी फ्लाइट जरूर जांच लें। इंडिगो एयरलाइंस ने कहा है कि विजिबिलिटी काफी ऊपर-नीचे हो रही है, जिस वजह से कई फ्लाइट्स का शेड्यूल बदला गया है, इसलिए ऑपरेशंस बहुत धीमा हो गया है।



## साल का दूसरा स्मॉग ऐपिसोड शुरू, पल्यूशन करेगा परेशान

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली में कोहरे और स्मॉग के साथ इस साल का दूसरा स्मॉग एपिसोड शुरू हो गया है। एक्सपर्ट के मुताबिक कम से कम दो दिन हालात ऐसे ही बने रह सकते हैं। हवा में नमी ज्यादा है और हवाएं काफी धीमी चल रही हैं। ऐसे में जमीनी स्तर पर थोड़ा सा पल्यूशन भी हालात को कई गुना खराब कर सकता है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि न्यू ईयर पर पिछले अनुभव बताते हैं कि शहर के कई इलाकों में ट्रैफिक जाम बढ़ता है। इससे गाड़ियों से निकलने वाला धुआं पल्यूशन को और खतरनाक बना सकता है। इसलिए जश्न वाले इलाकों में ट्रैफिक कंट्रोल की व्यवस्था जरूरी है।

**इस हालात में थोड़ा पल्यूशन भी पहुंचा सकता है ज्यादा नुकसान**

सीएसई की एक्सपर्ट अनुमिता राय चौधरी ने कहा कि मौजूदा अनुमान साफ इशारा कर रहे हैं कि दिल्ली में दूसरा स्मॉग एपिसोड शुरू हो चुका है। दो दिन लोगों को स्मॉग और पल्यूशन झेलना पड़ेगा। ऐसे में सभी को सावधानी बरतनी चाहिए। उन्होंने बताया कि ठंड बढ़ने के साथ ही अलाव जलाने का सिलसिला भी तेज हो जाता है। इससे पल्यूशन और बढ़ सकता है। इसके अलावा दिल्ली में बाहर से आने वाला पल्यूशन भी बड़ी वजह बना हुआ है। झज्जर, सोनीपत, रोहतक और भिवानी जैसे इलाकों से करीब 32 फीसदी पल्यूशन दिल्ली पहुंच रहा है। ऐसे में आसपास के जिलों में भी सख्ती जरूरी है।

## कोहरे से एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनें लेट

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: बढ़ती कड़ाके की ठंड और कोहरे की चादर ने ट्रेनों की चाल को बिगाड़ दिया है। दर्जनों सुपरफास्ट, राजधानी, मेल-एक्सप्रेस सहित कई पैसेंजर ट्रेनें कई घंटों की देरी से चल रही हैं। नतीजतन, दिल्ली, गाजियाबाद, पलवल और आगरा रूट पर यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन, दिल्ली कैंट और आनंद विहार रेलवे स्टेशन पर आने वाली दर्जनों ट्रेनें रोजाना घंटों की देरी से आ रही हैं। गाड़ी संख्या में 15273 सत्याग्रह एक्सप्रेस करीब ढाई घंटे की देरी से आनंद विहार रेलवे स्टेशन पहुंची। वहीं, 12229 लखनऊ से नई दिल्ली आने वाली ट्रेन भी लेट रही। इसके अलावा गाड़ी संख्या 74004 डीएमयू और गाड़ी संख्या 54414 (पैसेंजर ट्रेन) भी लेट रही। डेली पैसेंजर असोसिएशन के महासचिव बालकृष्ण अमरसरिया बताते हैं कि सर्दियों में दिल्ली एनसीआर के एक्सप्रेस और लोकल ट्रेनें लेट रहती हैं।

**निर्धारित समय से कई घंटे देरी से चल रही हैं ट्रेनें**

BBA AT AMITY
2026 ADMISSIONS OPEN
Students have secured placements in leading organisations like:
EY
Deloitte.
Nestlé
Students selected for higher studies in top global universities like:
Columbia University
NYU
Strong Peer Quality
88% is the average aggregate Class XII% of students selected
Get real-world exposure
from faculty who have developed 5,000+ case studies bought by 3,000+ institutions like Stanford, Harvard, Yale, Columbia...
Earn Global Exposure
through the optional 5-Week Study Abroad Program in London, New York, Singapore or Dubai
Start your own venture at the Incubator
that has helped BBA students launch 30+ startups
Grow your family business
through dedicated workshops on integration, modernisation and scaling family business
OTHER PROGRAMMES OFFERED:
• BBA with spls. in: Business Intelligence & Data Analytics / Digital Marketing / Intl. Business with Artificial Intelligence / Intl. Business / Artificial Intelligence / Banking, Financial Services and Insurance / Tourism Management / Family Business & Entrepreneurship / Financial Services & Markets / Real Estate & Urban Infrastructure/Business Development / Marketing & Sales / Healthcare Management
• BBA (3 Continent): Study in India at Amity & one semester in UK, USA & Canada
• BBA (International): Earn two degrees, one foreign and one Indian, by starting your studies at Amity in India and completing at a Partner University abroad
Amity University, Sector - 125, Noida
Apply at www.amity.edu | Tel: 0120-2445252
Gurugram: www.amity.edu/gurugram | T: 7303-399-399
Greater Noida: www.amity.edu/gn | T: 1800-103-3320
AMITY UNIVERSITY

# सरिता विहार मेट्रो डिपो का एक्सटेंशन, मेट्रो फेज़-4 की ट्रेनों को मिलेगा ठिकाना

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**दिल्ली मेट्रो** रेल कॉर्पोरेशन (DMRC) के फेज-4 विस्तार के तहत सरिता विहार मेट्रो डिपो का एक्सटेंशन पर काम शुरू कर दिया है। इस डिपो में मेट्रो फेज 4 में बन रहे गोल्डन लाइन (तुगलकाबाद से एयरोसिटी) कॉरिडोर और साकेत जी ब्लॉक से लाजपत नगर कॉरिडोर पर चलने वाली ट्रेनों को भी इसी डिपो में खड़ा किया जाएगा। अब इस डिपो में स्टेबलिंग लाइन बनाकर इसकी कैपेसिटी बढ़ाई जा रही है। इसपर ट्रेनों को पार्क किया जाएगा।

इस समय सरिता विहार डिपो का यूज वायलेट लाइन (कश्मीरी गेट से राजा नाहर सिंह) पर चलने वाली ट्रेनों के रखरखाव के लिए किया जा रहा है। लेकिन अब फेज-4 परियोजना के तहत इसे अपग्रेड कर नई लाइनों की जरूरतों के हिसाब से बढ़ाया किया जा रहा है। आमतौर पर नया मेट्रो डिपो बनाने के लिए एक्स्ट्रा जमीन की जरूरत होती है लेकिन इस बार DMRC ने एक अलग रणनीति अपनाई है। फेज-4 में नई जमीन लेने के बजाय मौजूदा डिपो का विस्तार किया जा रहा है।


**अभी तक यहां वायलेट लाइन पर चलने वाली ट्रेनों का रखरखाव होता है**

सरिता विहार मेट्रो डिपो के एक्सटेंशन के तहत 14 स्टेबलिंग लाइन्स, 4 इंस्पेक्शन बे लाइन्स और 2 आधुनिक वर्कशॉप डिवेलप किए जा रहे हैं। इसके अलावा कई अत्याधुनिक तकनीकी सुविधाएं भी शामिल होंगी। इससे ट्रेनों के रखरखाव और संचालन में अधिक मजबूती आएगी। मेट्रो फेज-4 के 3 प्रायमरी कॉरिडोर के लिए कुल 52 नई ट्रेन यानि 312 कोच खरीदे गए हैं। इन ट्रेनों को चलाने और रखरखाव में सरिता विहार डिपो की अहम भूमिका होगी।

www.zalimlotion.in
जालिम लोशन
दाद, खाज, खुजली एवं एक्जिमा के लिए उपयोगी
मेडिकल से आज ही खरीदें E-mail for Dealership at zalimlotion1929@gmail.com

# आठ साल बाद दिसंबर में इतनी खराब रही हवा

PTI



■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**यूं तो** साल का सबसे प्रदूषित महीना नवंबर होता है, लेकिन इस बार दिसंबर के प्रदूषण ने लोगों को अधिक परेशान किया। दिसंबर आठ साल के बाद इतना अधिक प्रदूषित रहा है। इससे पहले 2018 का दिसंबर इससे अधिक प्रदूषित था। एक्सपर्ट के अनुसार प्रदूषण जनवरी के पहले पंद्रह दिन में भी बना रहता है। जनवरी के शुरुआती पंद्रह दिन दूसरी सबसे अधिक प्रदूषित अवधि होती है। ऐसे में प्रदूषण से राहत की अभी संभावना नहीं है।

इस बार नवंबर बीते दो साल में सबसे कम प्रदूषित रहा था। इसकी वजह तेज हवाएं रहीं, लेकिन दिसंबर में मौसम ने साथ नहीं दिया। कमजोर वेस्टर्न डिस्टरबेंस की वजह से बारिश भी करीब बीते तीन महीनों से नहीं हुई है। ऐसे में दिसंबर में प्रदूषण काफी अधिक परेशान कर रहा है।

2025 में एक से 29 दिसंबर का औसत एक्यूआई 349 रहा। इससे पहले दिसंबर का औसत एक्यूआई 2018 में 360 और 2016 में 366 था। वहीं 2024 में दिसंबर प्रदूषण के लिहाज से राहत वाला था। पिछले साल दिसंबर का औसत एक्यूआई पहली बार 300 से नीचे 294.2 था। 2015 में दिसंबर का औसत एक्यूआई 300.7 रहा था।

**गंभीर दिनों की संख्या अब तक 5**

इस महीने में अब तक गंभीर दिनों की संख्या पांच रही है। 2024 में इस स्तर के 6 दिन थे। 2023 में 3, 2022 में 1, 2021 में 7, 2020 में 4, 2019 और 2018 में 8-8, 2017 में एक, 2016 में 6 और 2015 में शून्य थे।

# एयर पल्यूशन हुआ गंभीर, अभी राहत की संभावना नहीं


■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : प्रदूषण का स्तर सोमवार को एक बार फिर बढ़कर गंभीर स्तर पर पहुंच गया। कई जगहों पर प्रदूषण इमरजेंसी स्तर पर भी रहा। अगले दो दिन राजधानी में प्रदूषण लोगों को परेशान कर सकता है। हालांकि पूर्वानुमान के मुताबिक इसका स्तर बेहद खराब रहेगा। पूर्वानुमान सोमवार को गलत साबित हुआ। सोमवार को प्रदूषण का स्तर बेहद खराब स्तर पर रहने की संभावना व्यक्त की गई थी। स्मॉग की एक मोटी परत दिल्ली एनसीआर में दिन भर छाई रही।

**410 AQI के साथ देश में सबसे प्रदूषित शहर नोएडा रहा, दिल्ली दूसरे नंबर पर**

सुबह सात बजे राजधानी का AQI 402 था। यह 10 बजे कम होकर 398 हो गया। इसके बाद यह एक बजे तक 398 पर ही रहा। चार बजे इसका स्तर बढ़कर 401 हो गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) के एक बुलेटिन के अनुसार दिल्ली का AQI 401 रहा। फरीदाबाद का 253, गाजियाबाद का 393, ग्रेटर नोएडा का 356, गुरुग्राम का 318 और नोएडा का AQI 410 रहा।

# नर्सिंग छात्रा से छेड़छाड़ का आरोपी राजस्थान से अरेस्ट

AI Image



■ NBT न्यूज, रेवाड़ी

**जिले के** मीरपुर स्थित एक नर्सिंग कॉलेज की छात्रा से रात के समय छेड़छाड़ व अश्लील हरकत किए जाने के मामले में फरार चल रहे आरोपी प्राचार्य को पुलिस ने राजस्थान से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी प्राचार्य दो साल पहले ही प्रिंसिपल के पद पर प्रमोट हुआ था।

पीड़ित छात्रा ने धारूहेड़ा थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह मीरपुर के एक नर्सिंग कॉलेज में सेकंड ईयर की छात्रा है और जीएनएम का कोर्स कर रही है। 22 दिसंबर को कॉलेज में उसे नर्सिंग हेड की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। रात को ही एक छात्रा की तबीयत अचानक खराब होने पर उसने उपचार के लिए प्राचार्य से संपर्क किया। जब वह दवा लेने के लिए जा रही थी तो रास्ते में प्राचार्य ने उसके साथ छेड़छाड़ व अश्लील हरकत करनी शुरू कर दी। विरोध करने पर प्राचार्य ने उसका करियर बर्बाद करने की धमकी दी। 24 दिसंबर की रात को प्राचार्य ने उसे फोन कर माफी मांगी। बाद में वह अपनी बात से पलट गए। आखिर में उसने प्राचार्य की करतूत अपने परिजनों को बता दी। इसके बाद उसने धारूहेड़ा थाना पुलिस को शिकायत दी और अपने बयान अदालत में दर्ज कराए। धारूहेड़ा थाना प्रभारी कश्मीर सिंह ने बताया कि छात्रा की शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद पुलिस आरोपी प्राचार्य की तलाश कर रही थी। आखिर में उसे राजस्थान से गिरफ्तार कर लिया गया है।

**रेवाड़ी के एक नर्सिंग कॉलेज के प्रिंसिपल पर लगा है छेड़छाड़ का आरोप**

जश्न की तैयारी | नए साल के स्वागत के लिए तैयार दिल्ली, बाजारों में दिख रही अभी से रौनक और पब-रेस्टोरेंट में लाइव म्यूजिक का तड़का

# होटलों में 70% बुकिंग, पल्यूशन के कारण 'आउटस्टेशन सेलिब्रेशन' का क्रेज

AI Image




Abhishek.Gautam1@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** नए साल के स्वागत के लिए राजधानी दिल्ली पूरी तरह से तैयार है। नए साल में अब महज दो दिन शेष हैं और शहर के लोगों, खासकर युवाओं में जश्न को लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है। जहां एक ओर युवा दोस्तों के साथ सेलिब्रेशन के नए-नए प्लान बना रहे हैं, वहीं शहर के होटल, रेस्टोरेंट, पब और बार भी 31 दिसंबर की रात को यादगार बनाने के लिए म्यूजिक, कलरफुल लाइट्स और लजीज व्यंजनों की तैयारी में जुटे हैं।

**एडवांस बुकिंग और बदलता ट्रेंड:** फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्टोरेंट असोसिएशंस ऑफ इंडिया (FHRAI) के जनरल सेक्रेटरी गिरीश ओबरॉय के अनुसार, दिल्ली के बड़े होटलों में करीब 70 प्रतिशत बुकिंग हो चुकी है। मेहमानों के लिए लाइव सिंगिंग और विशेष डिनर की व्यवस्था की जा रही है। कई होटल अपने पुराने ग्राहकों को लुभाने के लिए विशेष डिस्काउंट भी दे रहे हैं।

हालांकि, इस बार जश्न के ट्रेंड में थोड़ा बदलाव भी नजर आ रहा है। ग्रेटर कैलाश के क्लब मालिक आशीष गोयल का कहना है कि इस साल एडवांस बुकिंग में पिछली बार के मुकाबले कमी देखी गई है। इसका मुख्य कारण दिल्ली का बढ़ता प्रदूषण माना जा रहा है। आशंका जताई जा रही है कि बड़ी संख्या में लोग दिल्ली के बजाय शहर से बाहर (आउटस्टेशन) जाकर जश्न मनाने की योजना बना रहे हैं।

नैशनल रेस्टोरेंट असोसिएशन ऑफ इंडिया (दिल्ली चैप्टर) के हेड संदीप आनंद गोयल ने बताया कि रेस्टोरेंट में तैयारियों के साथ-साथ सुरक्षा मानकों पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। संबंधित विभाग इसकी निरंतर जांच कर रहे हैं।

## बाज़ार को हैं नए साल से बड़ी उम्मीदें

व्यापारी संगठन 'कैट' (CAIT) के दिल्ली अध्यक्ष विपिन आहूजा ने उम्मीद जताई है कि 31 दिसंबर की रात दिल्ली के व्यापार को बड़ी रफ्तार मिलेगी। पब और क्लबों ने नए मेन्यू तैयार किए जा रहे हैं। बदलती लाइफस्टाइल के कारण युवाओं में इस बार सेलिब्रेशन को लेकर पहले से कहीं अधिक क्रेज देखने को मिल रहा है, जिससे बाजार को करोड़ों के टर्नओवर की उम्मीद है।

DEPARTMENT OF FINANCIAL SERVICES
MINISTRY OF FINANCE
GOVERNMENT OF INDIA
IFFCO-TOKIO
Campaign for efficient and quick settlement of unclaimed assets namely, bank deposits, mutual funds, life and general insurance policies, pension accounts and shares and dividend in the financial sector
October - December 2025
"आपकी पूंजी, आपका अधिकार"
Your Money, Your Right
Awareness Access and Action
SEBI irdai pfrda IEPF
STATE LEVEL BANKERS' COMMITTEE – DELHI
IFFCO-Tokio General Insurance Company Limited
For more details on risk factors, terms and conditions please read sales brochure carefully before concluding a sale. Insurance is the subject matter of solicitation. Terms and conditions apply.

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 30-12-2025 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP6 User: dilip.lal Time: 12-29-2025 21:58 Color:



प्रकृति कोई दोहन की चीज नहीं बल्कि ऐसा लिविंग सिस्टम है, जिसका आदर किया जाना चाहिए – *वंदना शिवा*

# संतुलन की ज़रूरत

अरावली पहाड़ियों की जिस परिभाषा को सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकार किया था, उस पर खुद ही रोक लगा दी है। एक नई उच्चस्तरीय विशेषज्ञ समिति के गठन का आदेश बताता है कि पहले की रिपोर्ट को लेकर जाहिर की जा रही चिंता वाजिब थी। अरावली को केवल पहाड़ी श्रृंखला नहीं, जीवन रेखा के रूप में देखने की जरूरत है, जिसकी वजह से उत्तर भारत के उपजाऊ मैदान बचे हुए हैं।

**आम लोगों की चिंता ।** अरावली की जो परिभाषा सरकारी समिति की सिफारिश पर सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकार की थी, उसे लेकर कई सवाल हैं। इस मामले में केवल यह कहने से आशंकाएं दूर नहीं हो जातीं कि रिपोर्ट को गलत तरीके से समझा जा रहा है। देश जिस तरह की पर्यावरणीय चुनौती का सामना कर रहा है, उसे देखते हुए ज्यादा स्पष्ट और पारदर्शी नीतियों की जरूरत है। इस लिहाज से सुप्रीम कोर्ट ने मामले का स्वतः संज्ञान लेकर लोगों की चिंताओं को समझा।


ग्रोथ-पर्यावरण में तालमेल

**विस्तृत जांच ।** विशेषज्ञ समिति अब multi-temporal examination करेगी यानी पुरानी तस्वीरों, नक्शों, सैटेलाइट इमेज वगैरह के जरिये देखा जाएगा कि हालिया दशकों में अरावली में क्या बदलाव आए हैं। उम्मीद है इससे एक सही तस्वीर बनेगी कि कैसे अवैध खनन, अनियोजित निर्माण और पेड़ों की कटाई ने इस प्राकृतिक धरोहर को नुकसान पहुंचाया है।

**समग्रता की जरूरत ।** नई परिभाषा में सबसे ज्यादा विवाद 100 मीटर की ऊंचाई वाले बिंदु पर हुआ। असल में मामला केवल ऊंचाई का नहीं है। पर्यावरणीय संतुलन के मामले में छोटी-सी छोटी चीज भी मायने रखती है। किसी पहाड़ी को उसके आसपास के वातावरण से अलग करके नहीं देखा जा सकता। अरावली पर लोगों की तरफ से इतनी तीखी प्रतिक्रिया इसलिए भी आई, क्योंकि पर्यावरणीय असंतुलन की सीधी मार अब उस पर पड़ने लगी है।

**गंभीरता और जिम्मेदारी ।** इस साल पहाड़ी राज्यों में जिस तरह की तबाही आई, दिल्ली-NCR और मुंबई में हवा जहरीली हुई - वह लंबे अरसे की अनदेखी का नतीजा है। इसके बाद भी पर्यावरण के मोर्चे पर पर्याप्त गंभीरता और जिम्मेदारी का भाव नहीं दिखता। जब अरावली को लेकर विरोध-प्रदर्शन चल रहा था, उसी दौरान उत्तराखंड में हजारों एकड़ वन भूमि कब्जाने का मामला सुप्रीम कोर्ट में था। और उसी समय राजस्थान के हनुमानगढ़ में किसान एथेनॉल फैक्ट्री का विरोध कर रहे थे।

**संतुलन चाहिए ।** अच्छी बात है कि सरकार, अदालत और जनता - तीनों अरावली को लेकर चिंतित हैं। नई कमिटी को सभी पक्षों और बिंदुओं को ध्यान में रखना चाहिए। देश को विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन की जरूरत है।

## ऐवें कुछ भी

# ओवरस्मार्ट जनता


आलोक सिंह भदौरिया

सुबह उठा तो कुछ बदली बदली सी लगी मेरी स्मार्ट सिटी। हवा तो उतनी ही धूल भरी थी लेकिन हरियाली कुछ बढ़ी थी। चाल कुछ स्मूद सी हो गई थी। समझ नहीं आ रहा था कि हुआ क्या है। ढेर सारे लोग हाथ में झाड़ू लिए सफाई अभियान में लगे थे। हैरानी की बात थी कि एक शख्स झाड़ू लगा कर कूड़ा जमा करता था तो पीछे से आने वाला दूसरा शख्स उसे बाकायदा ठेले में उठाकर रख लेता था। न उसमें आग लगाई न नाले में ठेला। बाकायदा उसे ठेले में रखा गया। मतलब ये तो हद हो गई।

हमने कदम बढ़ाया, पैर लचका, गिर गए। आदत ही नहीं थी इतनी स्मूद सड़क पर चलने की। कहां गए गड्ढे! रातों-रात कौन सा अलादीन का चिराग रगड़ दिया किसी ने। दूर खंभे में अलादीन का चिराग मतलब रोड रोलर खड़ा था। हरियाली भी दो प्रकार की थी। एक तो खूबसूरत पौधे गमले में लगे थे। दूसरी हरियाली उन हरी चादरों की थी जो सड़क किनारे तान दी गई थीं। हम समझ नहीं पाए ये चादर क्यों तनी है। एक महानुभाव से पूछा, भाई साब यह सब क्या है।

उन्होंने बेइज्जत करने वाली निगाह से घूरा। हमने पूछा, ये हरी चादर क्यों तनी है? बोले चादर नहीं, ग्रू कटर है। तुम्हारे मोहल्ले की गंदगी ढंकने को लगाई है। हमने कहा, गंदगी हट या संवर नहीं सकती थी? वह बोले, तुम लोग की औकात इतनी ही है, संवारना है तो खुद संवारो। हम सब ढंक सकते हैं। हमने पूछा कोई और तरीका नहीं था? उन्होंने पलटकर पूछा, नेता जी की आंखों पर हाथ धर देते कि इधर न देखें नुकसान होने का रिस्क है?

शाम को नेता जी चले गए, मोहल्ले भर के खानदानी रईस मर्सिडीज से लेकर एक्टिवा तक में वही हरियाली नुच-नुचकर भरने लगे। स्मार्ट सिटी की जनता ओवर स्मार्ट हो गई थी। सही कह रहे थे नगर निगम वाले भाई साब, दूसरे हमारी गंदगी ग्रू कटर से क्या ढंक सकते हैं, तस्वीरें हमें खुद संवारनी होंगी।

## बोल वचन

दिलीप लाल


# पंखे से हौंकना


AI Image

बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश और झारखंड के इलाकों में 'हौंकना' शब्द हवा देने के लिए प्रचलित है। कहीं-कहीं हौंकना भी है। चूल्हे में आग जलाकर उसे सुलगाए रखने के लिए हवा दी जाती थी, तो 'हौंकना' कहा गया। आज भी ग्रामीण इलाकों में सहज कहा जाता है, 'आग ठीक से नहीं जल रही, जरा पंखे से हौंक दो।' गर्मी से बचने के लिए पंखे को झलना भी 'हौंकना' कहलाता है। खलिहानों में अनाज से भूसा अलग करने की प्रक्रिया, जिसे 'ओसाना' कहा जाता है, उसमें भी हवा देने के अर्थ में 'हौंकना' शब्द प्रयोग होता है। भाषा विज्ञान की दृष्टि से 'हौंकना' एक देशज और ध्वनि आधारित शब्द माना जाता है। उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों में जब किसी को डांटना या फटकारना हो, तो यह 'हौंकना' बन जाता है- जैसे, 'अभी हौंक देंगे।' अवधी और बुंदेली क्षेत्रों में 'फूंक मारना' व ब्रज में 'हवा लगाना' प्रचलित है। माना जाता है कि हवा छोड़ने या तेज सांस की 'हौं-हौं' जैसी ध्वनि से यह शब्द बना है। लोक बोलियों में ऐसी ध्वनि-आधारित क्रियाओं से शब्द गढ़े जाने की परंपरा रही है। गुजरात, राजस्थान और हरियाणा में इसी क्रिया के लिए 'फूंकनी मारना' कहा जाता है। अंग्रेजी में to fan, to winnow, to blow air जैसे अलग-अलग शब्दों से इसे समझा जा सकता है।

## पहलगाम आतंकवादी हमले में पति को खोने के बाद भी हिमांशी ने की शांति की बात

# बदले के शोर में अमन की आवाज़



नीलांजन मुखोपाध्याय

**बराक ओबामा** जब अमेरिका के राष्ट्रपति थे, तब हर साल अपनी पसंदीदा किताबों, फिल्मों और संगीत की लिस्ट जारी किया करते थे। 2025 की उनकी लिस्ट के एक गाने ने मुझे मोह लिया - पसायदान और इसके गायक गणव्या (दोरैस्वामी)। गाने और गायक, दोनों के नाम में भारतीय रंग होने के बावजूद मैं दोनों से अनजान था।

**सबसे अलग ।** 13वीं सदी में संत ज्ञानेश्वर ने अपने आराध्य के लिए अभंग प्रार्थना रची थी। पसायदान गीत इसी का प्रस्तुतिकरण है। इसमें न तो व्यक्तिगत मोक्ष की कामना है और न वरदान की इच्छा - इसके बजाय इसमें सभी के कल्याण की प्रार्थना की गई है। यही बात इसे अलग बनाती है। आज जब दुनिया युद्ध की विभीषिका झेल रही है, भारत समेत कई देशों में आंतरिक संघर्ष जारी है, तब पसायदान ऐसे गीत के रूप में उभरता है, जिसे हर जुबान पर होना चाहिए। आखिरकार यह ऐसी दुनिया में सभी के कल्याण, सुख और सुरक्षा की प्रार्थना है, जहां सामूहिक स्वार्थ की महामारी फैलती जा रही है।

**पीएम का संदेश ।** सांप्रदायिक असहिष्णुता दशकों से बड़ी समस्या रही है। हर साल आखिर में इस पर अफसोस जताया जाता है। इस साल भी दूसरे समुदायों के प्रति बड़ी नफरत देखने को मिली। क्रिसमस के आसपास ईसाई समुदाय पर हमले किए गए। यह सब तब हुआ, जब पीएम नरेंद्र मोदी ने त्योहार की सुबह एक ऐतिहासिक चर्च में जाकर देश को संदेश दिया। उनका यह कदम स्वागत योग्य था, लेकिन दुख है कि इसे उन्हीं लोगों ने समझा, जो पहले से ही भारत की साझा संस्कृति में विश्वास रखते हैं और समझते हैं कि एक-दूसरे की आस्था का सम्मान करना चाहिए।

**बदले का सिद्धांत ।** पीएम के प्रयास का दुर्भाग्य से उन लोगों पर कोई असर नहीं पड़ा, जो हिंदुत्व और हिंदू धर्म के नाम पर दूसरों पर हमला करते हैं। यह साल जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मासूम पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले का भी रहा। लगभग तुरंत ही पीएम मोदी ने उस प्राचीन सिद्धांत का सहारा लिया, जिसमें 'आंख के बदले आंख, दांत के बदले दांत' की बात कही जाती है। हमारे अपने समाज में भी कोई नहीं था, जो बदले की भावना को हवा देने वालों को रोकता।


**उम्मीद की किरण**
- पहलगाम हमले के बाद सांप्रदायिक तनाव बढ़ा
- हिमांशी ने न्याय मांगा, सबके हित को समझा
- धर्म व क्षेत्र के आधार पर नफरत को नकारा

**सच्चे नायक ।** इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए पसायदान गीत ने मुझे एक नतीजे पर पहुंचने में मदद की और वह है कि इस साल के सच्चे नायक वे भारतीय हैं, जिन्होंने सभी के कल्याण के बारे में सोचा। बहुत सोचने के बाद मैंने हिमांशी नरवाल को अपना 'इंडियन ऑफ द ईयर' चुना है। पहलगाम हमले में पति को गंवाने के बाद भी वह समझदारी भरी आवाज बनकर उभरीं।

**2025 के हीरो**

**शांति और न्याय ।** जब इस देश के सबसे ऊंचे पायदानों से भी बदले की पुकार गूंज रही थी, तब हिमांशी ने संयम दिखाया। त्रासदी में इतना सब खोने के बावजूद उन्होंने 'बदला' शब्द का इस्तेमाल नहीं किया। इसके बजाय उन्होंने कहा, 'हम नहीं चाहते कि लोग मुस्लिमों और कश्मीरियों के पीछे पड़ें। हमें शांति चाहिए, केवल शांति। हां, हमें न्याय जरूर चाहिए।' उन्होंने खुद पर टूटी विपत्तियों से ऊपर एक बड़े सामूहिक हित, लोगों के डर और उनकी सुरक्षा की जरूरत को प्राथमिकता दी।


**विवेकपूर्ण रास्ता ।** हिमांशी के साथ जो बीता, अगर उनकी प्रतिक्रिया में गुस्सा होता, तो भी कोई कुछ नहीं कहता, लेकिन उन्होंने विवेकपूर्ण रास्ता चुना। अपने देशवासियों से उन्होंने एक औपचारिक बयान में कहा कि वह और उनका परिवार आतंकी हमले के बाद मुस्लिमों और कश्मीरियों के खिलाफ फैलाई जा रही नफरत को स्वीकार नहीं करते।

**नेक मकसद ।** महत्वपूर्ण बात है कि उन्होंने अपने घर की खामोशी में बैठकर नहीं, एक रक्तदान शिविर से यह संदेश दिया। यह कैंप उनके पति की जयंती पर आयोजित किया गया था। जिस समय लोग केवल एक धार्मिक पहचान या कश्मीरी होने के नाते दूसरों का खून बहाने की बात कर रहे थे, तब हिमांशी एक नेक उद्देश्य के लिए रक्तदान को प्रेरित कर रही थीं।

**अब मिले सराहना ।** भारत की आत्मा में धर्म रचा-बसा है। धार्मिक पहचान के आधार पर राजनीतिक समुदाय गढ़ने की कोशिशें 150 बरसों से सफल नहीं हो पाईं, लेकिन आज के दौर में वह प्रवृत्ति फिर तेज होती दिख रही है। जब दूसरों को मारने की पुकार को सही ठहराया जा रहा था, तब हिमांशी नरवाल का बयान उम्मीद की किरण बनकर सामने आया। अफसोस की बात रही कि सभी की सुरक्षा की बात कहने के बावजूद उनके बयान को सर्वसम्मति से सराहा नहीं गया। लेकिन, जिस देश में आक्रोश से भरी आवाजें हमें उन अंधेरे बरसों की याद दिलाती हैं, जो देश को विभाजन तक ले गईं, वहां साल के आखिर में हिमांशी की बातों को याद किया जाना चाहिए।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं और 'नरेंद्र मोदी: द मैन, द टाइम्स' नाम की किताब लिखी है)*

## कांटे की बात



अखिलेश यादव, *समाजवादी पार्टी के मुखिया*

## AI की दुनिया

# लिखना भूले, टाइप करना छूटा... अब वॉइस चैट का दौर

*लिखने और टाइप करने की आदत कम होती जा रही है। अब लोग मैसेज लिखने के बजाय वॉइस नोट भेजना ज्यादा आसान मानते हैं। यही वजह है कि दुनिया भर में हर दिन 7 अरब से ज्यादा वॉइस मैसेज भेजे जा रहे हैं।*


AI Image

### अरबों का व्यापार

**नेक्स्ट मूव** स्ट्रैटिजी कंसल्टिंग की स्टडी के मुताबिक, AI चैटबॉट्स से खासकर युवाओं में वॉइस नोट का इस्तेमाल तेजी से बढ़ा है। 50% से ज्यादा युवा हर हफ्ते वॉइस नोट भेजते हैं। इस बदलती आदत ने वॉइस AI को टेक्नॉलजी की अगली बड़ी लहर बना दिया है। स्मार्ट ईयरबड्स और वॉइस असिस्टेंट्स वाला AI वॉइस मार्केट तीन गुना से ज्यादा बढ़कर 2030 तक 34 अरब डॉलर का हो सकता है।

### भारत में असर

**भारत में** यह बदलाव और तेजी से आने की उम्मीद है। देश में 80 करोड़ से ज्यादा वट्सऐप यूजर्स हैं। अगर वॉइस AI हिंदी, तमिल, बंगाली जैसी भाषाओं में बेहतर तरीके से काम करने लगे, तो आम लोगों के बीच और जल्दी पैठ बना लेगा। तब किसान अपनी फसल के दाम पूछ सकेंगे और छात्र परीक्षा की तैयारी कर सकेंगे। बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए तकनीक बहुत मददगार होगी।


-प्रदीप तिवारी

## जनता जंक्शन — इरफान




# पुरानी चीज़ों के बाज़ार की यूं बदली तक़दीर

## अवधनामा


कृष्ण प्रताप सिंह

उर्दू के मशहूर शायर शौक बहराइची (1884-1964) का एक बहुत प्रसिद्ध शे'र है : *अब हुस्नफरोशी के लिए मिस्र के बदले, भारत में है नक्खास का बाजार रजिस्टर्ड।* इस शे'र में उन्होंने जो 'चिंता' जताई है, कम से कम इस एक मायने में उसके साथ हुआ जा सकता है कि मुगलों की हुकूमत के उतराध में, जब उनका इकबाल खत्म होने लगा, अवध सूबे के लखनऊ, फैजाबाद और इलाहाबाद जैसे शहरों में नक्खास नाम से विकसित मुहल्ले तवायफों की गुजर-बसर के केंद्र के रूप में पहचाने जाने लगे। समय के साथ वे अपने कोठों पर कुलीन वर्ग के धनी-मानी महानुभावों के दिल बहलाने के लिए उनके मनोरंजन से जुड़े काम करने लगीं। शुरू में यह मनोरंजन नृत्य-संगीत व शायरी आदि की शालीन महफिलों तक ही सीमित था, लेकिन बाद में गिरावट आई तो उसमें हुस्नफरोशी भी शामिल हो गई।


AI Image

नक्खास (या नख्खास) अरबी मूल से आया शब्द है, जो पुराने वक्त में घोड़ों और दासों वगैरह की खरीद-फरोख्त की साप्ताहिक मंडियों व बाजारों के लिए प्रयुक्त किया जाता था। इन बाजारों में कबाड़ में बदल चुकी ऐसी नई-पुरानी टूटी-फूटी चीजें भी बिका करती थीं, जिनका किसी न किसी रूप में उपयोग बचा हुआ था। वर्ष 1775 में सूबे के नवाब आसफउद्दौला फैजाबाद से अपनी राजधानी लखनऊ ले गए तो वहां का बदहाल नक्खास इन टूटी-फूटी चीजों के बाजार के रूप में ही जाना जाता था। लेकिन राजधानी बनने के बाद नक्खास का मुकद्दर भी बदल गया।

इस बदलाव के वाहक थे सूबे के दीवान राजा टिकैत राय, जिन्होंने पहले तो नक्खास को घोड़ों की खरीद-फरोख्त के बड़े केंद्र के रूप में विकसित किया, फिर उसे नायाब चीजों की उपलब्धता का सूबे का सबसे खास बाजार बनाने में लग गए। 19वीं शताब्दी की शुरुआत में अंग्रेज कैप्टन जॉन बेली रेजिडेंट बनकर लखनऊ आए तो टिकैत राय ने इस काम में और तेजी ला दी। उनकी कोशिशों से जल्दी ही नक्खास में हर रविवार को साप्ताहिक बाजार लगाया जाने लगा। वक्त की नब्ज पर हाथ रखने वाले शहर के रईस भी इन साहबों से मेल-जोल रखने में फायदा देख इस बाजार में आने लगे।

लेकिन आगे चलकर वह दौर आया तो नवाब वाजिद अली शाह (1847-1856) के वक्त तक नक्खास तवायफों का गढ़ बनकर रह गया। हालांकि तब भी वह कला, संगीत और संस्कृति का बड़ा केंद्र हुआ करता था। क्योंकि तवायफें वहां केवल मनोरंजन ही नहीं करती थीं, वे शास्त्रीय संगीत और नृत्य की पारंपरिक शैलियों को जीवित रखने और विकसित करने का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम भी थीं।

# यहां SIR ने बढ़ाई BJP की भी धड़कनें

पूनम पाण्डे

**पश्चिम बंगाल** में वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) के बाद चुनाव आयोग ने जो ड्राफ्ट जारी किया है, उसमें करीब 58 लाख नाम डिलीट किए गए हैं। इनमें मतुआ समुदाय के करीब 2 लाख लोग हैं। यही बात BJP की धड़कनें बढ़ा रही है।



### कन्फ्यूजन और डर

चुनाव आयोग ने 15 जनवरी तक लोगों से ड्राफ्ट वोटर लिस्ट पर आपत्ति मांगी है ताकि जहां सुधार करना हो, किया जा सके। असल में, पश्चिम बंगाल में मतुआ समुदाय CAA और SIR के बीच अटका दिख रहा है। BJP ने पिछले चुनावों में भी मतुआ समुदाय को अपनी तरफ आकर्षित करने की कोशिश की थी। CAA के जरिए भी वह समुदाय के बीच अपना आधार बढ़ाने का प्रयास कर रही है।

**विशुद्ध राजनीति — कसौटी**

मतुआ समाज के करीब 2 लाख लोगों के नाम कटना इसलिए अहम है क्योंकि BJP आदिवासी और अनुसूचित जाति-जनजाति समुदाय के लोगों पर शुरू से फोकस कर रही है। अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में भी मतुआ समुदाय से पार्टी को उम्मीदें हैं। 2011 की जनगणना के अनुसार, पश्चिम बंगाल में अनुसूचित जाति की आबादी करीब 1.84 करोड़ है। इसमें 50% मतुआ समुदाय के लोग हैं। ये बांग्लादेश से आए नामशूद्र हिंदू हैं। कुछ दिनों पहले ही पीएम नरेंद्र मोदी ने एक संबोधन में कहा था कि 'मैं मतुआ और नामशूद्र परिवार को भरोसा दिलाता हूं कि हम उनकी सेवा करेंगे। वे पश्चिम बंगाल में TMC की दया पर नहीं हैं। उन्हें CAA की वजह से भारत में सम्मान से रहने का अधिकार है, जिसे हमारी सरकार लाई है।' BJP ने पश्चिम बंगाल में कई केंद्र भी खोले हैं, जिनके जरिये मतुआ समुदाय के लोगों को नागरिकता के लिए अप्लाई कराया जा रहा है।

BJP सूत्रों का कहना है कि इनमें से कइयों को TMC ने बरगलाया कि CAA के लिए अप्लाई करने की जरूरत नहीं है। सूत्रों ने यह भी कहा कि ज्यादातर लोग जिन्होंने अप्लाई नहीं किया, वे TMC के ही समर्थक हैं और हम अपने समर्थकों से CAA के तहत नागरिकता के लिए आवेदन करवा रहे हैं। मगर सवाल यह है कि कब CAA के तहत उन्हें नागरिकता मिलेगी और कब उनका नाम वोटर लिस्ट में आएगा। अभी तो वोटर लिस्ट में सुधार के लिए 15 जनवरी तक का ही वक्त दिया गया है। मतुआ समुदाय के लोगों में इसे लेकर कन्फ्यूजन है और वे डरे हुए भी हैं।

मतुआ संप्रदाय की शुरुआत 1860 में अविभाजित बंगाल में समाज सुधारक हरिचंद ठाकुर ने की थी। संप्रदाय के लोग उन्हें भगवान विष्णु का अवतार मानते हैं और श्री हरिचंद ठाकुर कहते हैं। भारत-पाकिस्तान विभाजन के बाद हरिचंद ठाकुर का परिवार पश्चिम बंगाल आ गया। फिर संप्रदाय का जिम्मा हरिचंद ठाकुर के पड़पोते प्रमथ रंजन ठाकुर ने संभाला। उनकी पत्नी वीणापाणि देवी को मतुआ माता या बोरो मां कहा जाने लगा। बोरो मां का मतलब है बड़ी मां। बोरो मां ने बांग्लादेश से आए नामशूद्र शरणार्थियों के लिए बांग्लादेश के बॉर्डर पर ठाकुरगंज नाम से एक बस्ती बसाई। नामशूद्र समाज के लोग भी मतुआ संप्रदाय को मानते हैं।

### 10 सीटों पर अहम

2011 की जनगणना के मुताबिक, नामशूद्र समाज के लोगों की संख्या राज्य में 17% है। नामशूद्र के अलावा दूसरे दलित समाज के लोग भी मतुआ संप्रदाय से जुड़े हैं। ऐसे में अनुसूचित जाति का बड़ा वोट हासिल करने के लिए मतुआ संप्रदाय अहम है। पश्चिम बंगाल की करीब 10 लोकसभा सीटों में इस संप्रदाय के लोग जीत-हार तय करने में अहम भूमिका निभाते हैं।

# अपने आपको बदलने के लिए दूसरों का इंतज़ार मत कीजिए

ब्रह्मा कुमारी शिवानी

जैसे-जैसे आपके भीतर की दुनिया बदलती है, आसपास शांति, स्थिरता और शक्ति का वातावरण बनने लगता है। हर नए साल बदलने की प्रेरणा हमारे भीतर उपजती है। मानो एक कोमल-सी उम्मीद कानों में कहती है, 'इस बार मैं बदलूंगा। आने वाले 12 महीनों में मेरी जिंदगी अलग होगी।' पूरे मन से हम अपने संकल्प लिखते हैं - अधिक शांत, स्वस्थ, खुश और संतुष्ट रहना है। कुछ हफ्तों तक हमारी नीयत मजबूत रहती है। फिर न जाने कैसे जीवन अपनी पुरानी लय में लौट आता है और हमारे सबसे मजबूत संकल्प भी धीरे-धीरे कमजोर पड़ जाते हैं।

ऐसा इसलिए नहीं होता कि हमारे भीतर इच्छाशक्ति की कमी है। ऐसा इसलिए होता है कि हम हालात के सुधरने का इंतजार करते हैं। हम लोगों के बदलने की प्रतीक्षा करते हैं। लेकिन यह सच्चाई याद रखनी होगी कि हम दुनिया को सीधे नहीं बदल सकते। कल्पना कीजिए कि आप कल सुबह जागते हैं और अपने घर, परिवार, काम और जीवन से संतुष्ट महसूस करते हैं। दूसरों को भीतर से किसी प्रतिरोध के बिना स्वीकार करते हैं, और जहां जरूरत हो वहां समझदारी और करुणा के साथ कदम उठाते हैं। परिस्थितियां चुनौतीपूर्ण हो सकती हैं, फिर भी आपके भीतर शांति और स्थिरता बनी रहती है।

THE SPEAKING TREE
और पढ़ने के लिए देखें
www.speakingtree.nbt.in

दुनिया कहीं बाहर नहीं है। वह आपके भीतर से शुरू होती है। जब आप अपनी जन्मजात अच्छाई को व्यक्त करते हैं, तो आपकी दुनिया बदलती है। जब आप प्रेम से किसी को सशक्त बनाते हैं, आपकी दुनिया बदलती है। जब आप सही के लिए खड़े होते हैं, आपकी दुनिया बदलती है। जब आप अपने अतीत से शांति स्थापित करते हैं, आपकी दुनिया बदलती है। जब आप क्षमा करते हैं, आपकी दुनिया बदलती है। जैसे-जैसे आपका आंतरिक संसार रूपांतरित होता है, आप स्वाभाविक रूप से अपने आसपास के लोगों के लिए शांति, स्थिरता और शक्ति का स्रोत बन जाते हैं।

नए साल के लिए एक ही संकल्प लें, 'मैं दुनिया को 24 घंटे देने से पहले, अपने मन को 30 मिनट देता/देती हूं।' आपका मन आपकी सबसे बड़ी संपत्ति है। उसे रोज सिर्फ 30 मिनट दीजिए और देखिए कि जीवन के प्रति आपकी प्रतिक्रियाएं कितनी शांत, समझदार और आनंदमय हो जाती हैं।

## रीडर्स मेल

### नस्लवादी सोच

**29 दिसंबर** का संपादकीय 'नया कानून चाहिए' पढ़ा। त्रिपुरा के एंजेल चकमा की देहरादून में हुई हत्या हमारे समाज में गहराई तक जमी नस्लवादी सोच का भयानक उदाहरण है। पूर्वोत्तर के नागरिकों को बार-बार अपनी भारतीयता साबित करनी पड़े, यह लोकतंत्र और संविधान दोनों के लिए शर्मनाक है। सख्त नस्लवाद-विरोधी कानून, संवेदनशील पुलिस व्यवस्था और सामाजिक जागरूकता जरूरी है, ताकि किसी और एंजेल को अपनी पहचान की कीमत जान देकर न चुकानी पड़े।

**प्रतिमा गोयल, ईमेल से**

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 30-12-2025 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP7 User: cci Time: 12-29-2025 21:08 Color:



# नमो भारत, हॉट एयर बैलून... 2025 के रहे ये खास गिफ्ट


*2026 शुरू होने जा रहा है। जाहिर है कि हर साल की तरह इस साल भी दिल्ली के लोगों को कई सारी नई सुविधाएं मिलने की उम्मीद है। मगर 2025 में भी इस मामले में कोई बहुत खराब साल नहीं रहा। इस साल भी लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, परिवहन, मनोरंजन के लिए कई सारी सुविधाओं का तोहफा मिला, जिससे लोगों को कई फायदे हुए। क्या-क्या नई सुविधाएं देकर जा रहा है 2025? बता रहे हैं NBT रिपोर्टर पूनम गौड़, कात्यायनी, प्राची यादव, बृजेश सिंह, राहुल आनंद और सुदामा यादव...*

## अमृत बायोडायवर्सिटी पार्क और यमुना वाटिका का गिफ्ट

इस साल यमुना बाढ़ क्षेत्र में अमृत बायोडायवर्सिटी पार्क और यमुना वाटिका भी लोगों को मिले। पार्क 90 एकड़ में फैला है। इस पार्क में 14,500 पेड़, 18 हजार झाड़ियां लगाई गई हैं। पार्क में बने 6 जलाशयों में 225 मिलियन लीटर पानी स्टोर किया जा रहा है। यहां नीम, अंजीर, पिलखन, पिलखिल, चंपा, आम, महुआ, अशोक, अर्जुन, बहेड़ा, मेढासरवर बादाम के पेड़ लगाए गए हैं। यहीं पर यमुना किनारे यमुना वाटिका भी शुरू की गई है।

## दिल्ली हाई कोर्ट मोबाइल ऐप लोगों को देगा काफी राहत

इस ऐप को कानूनी प्रक्रिया में शामिल सभी लोगों की मदद के लिए डिजाइन किया गया है। इनमें जज, सीनियर एडवोकेट, एडवोकेट, लिटिगेंट्स यानी वादी, आम जनता और अदालत के कर्मचारी शामिल हैं। एडवोकेट/रजिस्टर्ड यूजर्स अपने मोबाइल नंबरों का इस्तेमाल करके इसमें लॉगइन कर सकते हैं और अपने केस का पूरा ब्यौरा देख सकते हैं, नए केस जोड़ सकते हैं, आदेश और केस हिस्ट्री देख सकते हैं और अपने मामलों की कॉज लिस्ट आसानी से बना सकते हैं।




## बांसेरा में हॉट एयर बैलून की सवारी

सराय काले खां स्थित डीडीए के बांसेरा पार्क में पिछले महीने हॉट एयर बैलून की सुविधा शुरू की गई है। यह दिल्ली में अपनी तरह की पहली हॉट एयर बलून राइड सर्विस है। अभी तक इसका मजा लेने के लिए लोगों को दिल्ली से बाहर जाना पड़ता था। इस राइड में 150 फीट की ऊंचाई से यमुना और दिल्ली की खूबसूरती देखने का मौका मिलता है। हर राइड 7 से 12 मिनट की है।

**3500**

रुपये प्रति व्यक्ति करीब खर्च करीब है। वीकेंड पर शाम के समय लोग इस राइड का लुत्फ उठा सकते हैं। बांसेरा पार्क में बड़े सार्वजनिक कार्यक्रमों और कैफे की सुविधा भी इस साल से शुरू हुई है।

## बेतहाशा फीस की बढ़ोतरी रोकने के लिए बना कानून

प्राइवेट स्कूलों में मनमानी फीस बढ़ाने की शिकायतों को दूर करने के लिए दिल्ली सरकार इस साल 'दिल्ली स्कूल एजुकेशन: ट्रांसपेरेंसी इन फिक्सेशन एंड रेगुलेशन ऑफ फीस 2025' कानून लेकर आई। विधानसभा से पारित होने के चार महीने बाद दिसंबर में इस कानून के नियमों का ब्यौरा दिया गया। इसे 2025-26 सेशन से लागू माना जाएगा। इसके तहत स्कूल स्तर की कमिटी बनाई जाएगी, जो तय करेगी कि फीस कितनी बढ़ेगी। इसमें पैरंट्स भी शामिल होंगे।

## शुरू हुई आरंभ लाइब्रेरी, कैफेटेरिया और इंटरनेट भी

पिछले साल मॉनसून के दौरान राजेंद्र नगर के एक आईएएस कोचिंग सेंटर में हुए दर्दनाक हादसे के बाद दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना की पहल पर डीडीए ने इस साल राजेंद्र नगर में अपनी पहली लाइब्रेरी 'आरंभ' की शुरुआत की। इसके बाद अब तक इस तरह की चार लाइब्रेरियां अलग-अलग जगहों पर खुल चुकी हैं। ये लाइब्रेरियां सातों दिन और चौबीसों घंटे खुलती हैं। इनमें कैफेटेरिया और इंटरनेट उपलब्ध है।

## दिल्ली में दौड़ी हाई-स्पीड ट्रेन 'नमो भारत'



दिल्ली में मेट्रो का परिचालन 2002 से हो रहा है लेकिन इस साल हाई स्पीड नमो भारत ट्रेन भी दिल्ली पहुंच गई। 5 जनवरी 2025 को हाई-स्पीड ट्रेन 'नमो भारत' ट्रेन की दिल्ली में एंट्री हुई। मेरठ से चलने वाली यह ट्रेन दिल्ली में आनंद विहार से न्यू अशोक नगर के बीच चल रही है। खास बात यह है कि आनंद विहार और न्यू अशोक नगर में नमो भारत ट्रेन दिल्ली मेट्रो के नेटवर्क से भी जुड़ गई है।

## मिनी इलेक्ट्रिक बसें शहर की सड़कों पर उतरी

संकरी सड़कों वाले दिल्ली के रिहायशी इलाकों में पब्लिक ट्रांसपोर्ट की सुविधा प्रदान करने के लिए दिल्ली सरकार ने डीटीसी और क्लस्टर बस स्कीम के तहत इस साल पहली बार Devi स्कीम के तहत दिल्ली की सड़कों पर 9 मीटर लंबी इलेक्ट्रिक बसें उतारी। अप्रैल 2025 से अब तक कुल 750 से ज्यादा देवी बसें सड़कों पर उतारी जा चुकी हैं। इनके अलावा बड़ी साइज वाली बसें भी बड़ी संख्या में डीटीसी के बेड़े में शामिल हुईं।



## वाल्ड सिटी में क्रांति उद्यान, सद्भावना पार्क की सौगात

इस साल पुरानी दिल्ली (वाल्ड सिटी) के लोगों को क्रांति उद्यान और सद्भावना पार्क का तोहफा मिला। रिंग रोड पर वाल्ड सिटी के समानांतर 11 एकड़ में ये दोनों पार्क फैले हुए हैं। रिंग रोड के पूर्वी हिस्से में समाधि परिसर के दूसरी ओर ये पार्क बनाए गए हैं। इससे दरियागंज और पुरानी दिल्ली के लोगों को घूमने-फिरने के लिए एक खूबसूरत जगह मिल गई है।



## पीएम श्री स्कूल की तर्ज पर खुले 75 सीएम श्री स्कूल

दिल्ली सरकार ने अकादमिक सत्र 2025-26 में 75 सीएम श्री स्कूल शुरू किए, जिन्हें राइट टु एजुकेशन अधिनियम, 2009 के तहत 'विशिष्ट श्रेणी के स्कूल' घोषित किया गया है। पीएम श्री स्कूल की तर्ज पर बने सीएम श्री स्कूलों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत पढ़ाई पर ध्यान दिया जाएगा। हर स्कूल में स्मार्ट क्लासरूम और हाईटेक इन्फ्रास्ट्रक्चर होगा। एआर/वीआर लैब्स होंगी।

## स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए आयुष्मान आरोग्य मंदिर


आयुष्मान योजना को लागू करने के बाद दिल्ली सरकार ने बेसिक स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए इसी साल से आयुष्मान आरोग्य मंदिर खोलने भी शुरू कर दिए हैं। इसके लिए मौजूदा मोहल्ला क्लिनिकों को U-AAMs योजना में अपग्रेड करने का निर्णय लिया गया। इस योजना के तहत दिल्ली के हर इलाके में प्राइमरी केयर प्रदान करना है।



## आयुष्मान भारत स्कीम राजधानी में हुई लॉन्च

दिल्ली में बीजेपी की सरकार बनते ही कैबिनेट की पहली ही बैठक में दिल्ली सरकार ने इस योजना को हरी झंडी देने के बाद 10 अप्रैल को आयुष्मान भारत स्कीम आधिकारिक तौर पर लागू कर दी। इसके तहत दिल्ली के लगभग 36 लाख लोगों को स्वास्थ्य बीमा कवर मिलेगा। प्रत्येक परिवार को 5 लाख रुपये तक का बीमा कवर मिलता है, जो केंद्र सरकार की तरफ से दिया जाता है।


## 'अटल कैंटीन' में 5 रुपये की थाली



गरीब तबके और मजदूर वर्ग के लोग सम्मान के साथ बैठकर भोजन कर सकें और उन्हें बेहद किफायती दाम में साफ-सुथरे तरीके से बना पौष्टिक खाना मिल सके, इसके लिए दिल्ली सरकार ने दिसंबर में ही अटल कैंटीन योजना की भी शुरुआत कर दी है। अभी 45 जगहों पर ये कैंटीन खोले गए हैं, जिनमें सुबह-शाम कुल पांच पांच सौ लोगों को महज 5 रुपये में खाने की थाली मिलेगी।

## नए रंग में खुला रोशनआरा क्लब


भारतीय क्रिकेट और बीसीसीआई की जन्मभूमि रहे रोशनआरा क्लब को डीडीए ने इसी साल सजा-संवार कर रीलॉन्च किया है। इसकी नए सिरे से डिजाइनिंग की गई है, जिसमें इसके इतिहास और आधुनिकता का मिश्रण दिखता है। यहां बढ़िया लाउंज और बार की सुविधा भी है। यहां मेंबर्स के आराम करने और पारंपरिक व्यंजनों का लुत्फ लेने का आकर्षक माहौल है।




## नए साल में दिल्ली को मिलेंगे ये नए तोहफे

नया साल कई नए तोहफे लेकर आ रहा है। खासकर आम लोगों का सफर और ज्यादा आसान बनने जा रहा है। मेट्रो के फेज-4 में बन रहे पहले तीन कॉरिडोर (मजलिस पार्क से मौजपुर, जनकपुरी वेस्ट से आर.के. आश्रम मार्ग और तुगलकाबाद से दिल्ली एयरोसिटी) इस साल के अंत तक खुल जाएंगे, जिससे दिल्ली के कई सारे नए इलाके मेट्रो से जुड़ जाएंगे। दिल्ली को मेट्रो का पहला रिंग नेटवर्क भी मिलेगा।

जनवरी से मार्च 2026 के बीच 1500 नई इलेक्ट्रिक बसें आ रही हैं, जिसके बाद डीटीसी के बेड़े में ई-बसों की संख्या 5000 से ज्यादा हो जाएगी। उसके बाद दिसंबर तक 2800 बसें और आएंगी। मार्च तक दिल्ली सरकार नई इलेक्ट्रिक वीकल पॉलिसी भी ले आएगी, जिससे ई-वीकल खरीदने पर छूट मिलेगी। दिल्ली की महिलाओं के लिए पिंक स्मार्ट कार्ड भी मार्च से शुरू होने की उम्मीद है।



### राह आसान करेगा बारापुला फेज-3

बारापुला एलिवेटेड रोड फेज-3 का काम भी पूरा होने को है। इसके खुलने से सराय काले खां से मयूर विहार फेज-1 के बीच सफर आसान होगा। दूसरी तरफ दिल्ली-सहारनपुर एक्सप्रेस वे भी खुल जाएगा। मुकरबा चौक पर बन रहा अंडरपास और मेट्रो लाइनों के साथ तीन जगहों पर बन रहे डबल डेकर फ्लाईओवर पर भी ट्रैफिक शुरू होगा। उम्मीद है होली-दिवाली पर मुफ्त सिलिंडर देने की योजना भी शुरू होगी।

## मुंडाका हिंसा का मुख्य आरोपी अरेस्ट

■ **NBT न्यूज, नूंह:** हरियाणा-राजस्थान सीमा पर स्थित मुंडाका बॉर्डर पर 12 अगस्त को हुई हिंसक झड़प के मुख्य आरोपी इस्माइल खान उर्फ इसरा को नूंह पुलिस ने पकड़ लिया है। फिरोजपुर झिरका पुलिस की कार्रवाई में यह 7वीं गिरफ्तारी है।

पुलिस के अनुसार 12 अगस्त को शाम मुंडाका चौक के पास वाहन पार्किंग को लेकर हरियाणा के मुंडाका गांव और राजस्थान के हाजीपुर गांव के युवकों के बीच हिंसक विवाद हुआ। इसमें 10 लोग घायल हुए थे। शिकायतकर्ता समय सिंह ने फिरोजपुर झिरका थाने में हाजीपुर निवासी 26 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया था, जबकि 40 अज्ञात लोगों के खिलाफ भी जांच शुरू की गई थी। इस मामले में छह आरोपी पकड़े जा चुके हैं। इस्माइल को कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

thsti ब्रिक-ट्रांसलेशनल स्वास्थ्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान BRIC
(जैव प्रौद्योगिकी अनुसंधान और नवाचार परिषद का एक संस्थान, भारत सरकार)
एनसीआर बायोटेक साइंस क्लस्टर, तीसरा माइलस्टोन, फरीदाबाद-गुरुग्राम एक्सप्रेसवे, पी.ओ. बॉक्स नंबर 04, फरीदाबाद – 121001
भर्ती सूचना सं. टीएचएस-सी/आरएन/23/2025
टीएचएसटीआई अपनी परियोजनाओं के तहत निम्नलिखित पदों को भरने का प्रस्ताव रखता है: 1. परियोजना अनुसंधान वैज्ञानिक-I 2. डाटा एंट्री ऑपरेटर
विस्तृत जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट www.thsti.res.in पर जाएं।

SWEATSHIRT Jackets & Sweaters SALE
Hi-Fashion winter collection 2025-26 Branded Sweaters, Jackets,Lowers Sweat Shirts & Track Suits
2026 Happy New Year Welcome
upto 60% off
MEN, WOMEN & KIDS WEAR
By Economy Sales: 9212758425
ARROW Raymond ColorPlus Levi's PARK AVENUE
• PUNCHKUIAN ROAD, Garwal Bhawan, (Near Jhandewalan, Gole Chkr.)
• GURUGRAM 306, City Center, Sector 29 (Near Hotel Pllazio)
• WAZIRPUR A-5, Near Richi Rich Banquet (Opp. Shalimar Bagh)
• NOIDA, Nirula's Sec-2, Near Metro Station, Sec-15, Noida, UP
• LAJPAT NAGAR, 49, Main Ring Road, Adj. Haldi Ram, Near Moolchand Crossing

GOVERNMENT OF INDIA
नेशनल इंश्योरेंस National Insurance Trusted Since 1906
बैंक जमा, म्यूचुअल फंड, जीवन और सामान्य बीमा पॉलिसियाँ, पेंशन खाते और वित्तीय क्षेत्र में शेयर और लाभांश जैसी दावा न की गई संपत्तियों के कुशल और त्वरित निपटाने के लिए अभियान।
अक्टूबर – दिसम्बर 2025
अपने नज़दीकी सम्बंधित इंश्योरेंस कंपनी, बैंक एवं अन्य वित्तीय संस्थानों से संपर्क करें।
"आपकी पूँजी, आपका अधिकार"
Your Money, Your Right
Awareness Access and Action
SEBI irdai pfrda IEPF
नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (भारत सरकार का उपक्रम)
FOLLOW US ON
वेबसाइट: nationalinsurance.nic.co.in

KONARK® PIPES, FITTINGS & WATER TANKS
बिकते नहीं, जुड़ते हैं
27 YEARS OF EXCELLENCE
ALL PRODUCT
uPVC CPVC COLUMN WATER TANKS PLUMBING HDPE SWR GARDEN CONDUIT CASING MDPE
OUR PRODUCTS: PVC | CPVC | SWR | AGRI | HDPE | SPRINKLER | WATER TANKS
TOLL FREE: 7900803030, 9219531482 konarkpolytubes.com @konarkpipes

क्या आप पेट की गैस, कब्ज एसिडिटी से परेशान हैं?
बादल स्पेशल चूर्ण
TASTY Digestive
"रखे देश का हाजमा दुरुस्त"
पहली बार खाने से ही आराम शुरू
www.badalchuran.in 8010051693
For Trade Enquiry : Mr. Sunil Jha- 7838467523

**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in